Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | गुरुवार, 16 मई, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-136

### शरिया कानून को सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती

## मुस्लिम पर्सनल लॉ से मुक्ति चाहती हैं सफिया

इस समय जब पूरा देश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर चर्चा कर रहा है और नरेंद्र मोदी सरकार इसे लाने और लागू करने की प्रक्रिया में है। इसी बीच केरल के अलप्पुझा जिले की एक महिला ने शरिया कानून के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। इसमें उसने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ के अंतर्गत नहीं आना चाहता, तो क्या उसे देश के पंथनिरपेक्ष कानून के अंतर्गत रखा जा सकता है? शीर्ष अदालत इस याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गई है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सफिया की याचिका पर चर्चा के बाद केंद्र सरकार और केरल सरकार को नोटिस जारी किया है। तीन सदस्यीय पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्र भी हैं। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंटरमणी से इस मामले में एक कानून अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। याचिका पर जुलाई के दूसरे सप्ताह में सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता पीएम सफिया एक्स मुस्लिम्स ऑफ केरल की महासचिव हैं। सफिया तलाकशुदा और एक बच्ची की मां हैं। एक्स मुस्लिम्स ऑफ केरल की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य और अधिवक्ता मोहम्मद उर्फ दिलीप इस्माइल ने बताया कि सफिया ने जो याचिका दाखिल की है, उसमें शरिया कानून के बजाए पंथनिरपेक्ष कानून का लाभ पाने की मांग की गई है। उसने अपनी याचिका में कहा है कि वह भारतीय उत्तराधिकार कानून को मानना चाहती है। मजहब में उसकी आस्था नहीं है, इसलिए वह उत्तराधिकार के मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ यानी शरिया कानून के


मांग है, संविधान के अनुच्छेद-25 के तहत संरक्षण मिले

बजाए भारतीय संविधान के अनुच्छेद-25 को मानना चाहती है, जो पांथिक स्वतंत्रता देता है। याची का तर्क है कि पांथिक स्वतंत्रता में किसी मजहब-मत में विश्वास न करने का अधिकार भी शामिल है।

सफिया ने याचिका में कहा है कि उसके पिता भी इस्लाम को नहीं मानते, लेकिन उन्होंने आधिकारिक तौर पर मजहब से नाता नहीं तोड़ा है। शरिया कानून के अनुसार, यदि कोई मुस्लिम व्यक्ति इस्लाम से विमुख होता है या मजहब पर भरोसा नहीं करता तो उसे समाज से बाहर कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में उस व्यक्ति का अपने पिता की सम्पत्ति पर कोई अधिकार नहीं रह जाता। इसलिए सफिया चाहती हैं कि उत्तराधिकार के मामले में उन पर मुस्लिम पर्सनल लॉ के बजाए भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 लागू हो।

हालांकि सफिया की याचिका मजहब से जुड़ी है, फिर भी उन्होंने उत्तराधिकार मामले में पंथनिरपेक्ष व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया है। सफिया ने यह भी कहा है कि शरिया कानून के अनुसार, कोई व्यक्ति अपनी सम्पत्ति का एक तिहाई से अधिक हिस्सा वसीयत में नहीं दे सकता है। इस लिहाज से उसके पिता अपनी जायदाद में से एक तिहाई से अधिक हिस्सा उसे नहीं दे सकेंगे, शेष दो तिहाई सम्पत्ति उसके भाई को मिलेगी। सफिया की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पद्मनाभन मुकदमा लड़ रहे हैं। प्रशांत पद्मनाभन का कहना है कि पंथनिरपेक्षता भारत के संविधान में निहित है। यह पांथिक स्वतंत्रता का आश्वासन देता है और नागरिकों को मजहब-मत को मानने या नहीं मानने का अधिकार भी प्रदान करता है। उनका कहना है कि यदि कोई नागरिक अपना मजहब छोड़ देता है, तो उसके साथ पुश्तैनी सम्पत्ति और नागरिक अधिकारों को लेकर किसी भी तरह का पक्षपात नहीं किया जाना चाहिए।

▶9 पर

### नासिक की विशाल जनसभा में पीएम मोदी ने की भविष्यवाणी

## विपक्ष की हैसियत में भी नहीं रह जाएगी कांग्रेस नकली शिवसेना का भी मिट जाएगा नामोनिशान

**नासिक (महाराष्ट्र), 15 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक के डिंडोरी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के बाद नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा और कांग्रेस की विपक्ष की हैसियत भी नहीं रह जाएगी।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेगी। जब ऐसा होगा तो मुझे सबसे अधिक बाला साहब ठाकरे याद आएंगे। बाला साहब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गई है, उसी दिन वे शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा।


मुस्लिम का एक ही अर्थ : कांग्रेस का वोट बैंक
विकसित भारत बनाने के लिए मुझे आशीर्वाद दें

सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ एक ही है, उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। मैं अब आपसे अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैंने पिछले 10 साल में बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। अब आने वाले समय में देशहित में कुछ नया और ऐतिहासिक करने की योजना है। मेरी इस योजना को आपके समर्थन का बल चाहिए।

### बंगाल के हावड़ा और श्रीरामपुर में गरजे अमित शाह

## मुल्ला मदरसा माफिया, ममता का है नारा रोहिंग्या बांग्लादेशी बोल रहे बंगाल हमारा

**हावड़ा, 15 मई (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलूबेरिया में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के लिए घुसपैठिए और रोहिंग्या वोटबैंक हैं। उनका नारा अब मुल्ला, मदरसा और माफिया हो गया है और पश्चिम बंगाल अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का हो गया है।

अमित शाह ने कहा, ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को खुली छूट दे रखी है। बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को खुश करने के लिए ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, ममता दीदी को जितना विरोध करना है, वो करें। एक-एक


बंगाल के लोग तय करें, वोट जेहाद को या विकास को
भाजपा लक्ष्मी भंडार योजना में 100 रुपए और बढ़ाएगी

शरणार्थी को नागरिकता देने का काम नरेंद्र मोदी करेंगे। ममता बनर्जी यह झूठ बोल रही हैं कि जो कोई भी सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमले तेज करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि मां, माटी और मानुष ये ममता दीदी का नारा था, जो अब बदलकर मुल्ला, मदरसा और माफिया हो गया है। ये मस्जिदों के इमाम को वेतन देती हैं लेकिन मंदिर के पंडितों को नहीं। ताजिया निकल सकता है, लेकिन दुर्गा विसर्जन यहां नहीं हो सकता। ममता दीदी कहती हैं कि भाजपा वाले आएंगे, तो लक्ष्मी भंडार योजना बंद कर देंगे। मैं आपको बताकर जाता हूं कि भाजपा कोई भी योजना बंद करने वाली नहीं है, हम लक्ष्मी भंडार योजना में 100 रुपए और बढ़ाएंगे। ममता बनर्जी प्रधानमंत्री द्वारा भेजे गए पैसों और योजन-ाओं का नाम बदलकर अपने नाम पर कर देती हैं। मोदी जी ने हर गांव में पीएम सड़क योजना भेजी, ममता ने उसका नाम बंगाल ग्राम सड़क योजना कर दिया। इसी तरह ममता ने पीएम फसल बीमा योजना, पीएम आवास योजना और जल जीवन मिशन का नाम भी बदल दिया।

अमित शाह ने कहा कि चार चरण के लोकसभा चुनाव समाप्त हो चुके हैं। इन चरणों में ही मोदी जी 270 सीट प्राप्त कर बहुमत लेने का काम पूरा कर चुके हैं। अब पांचवें चरण में आपको 400 पार की ओर आगे बढ़ना है।

▶9 पर

### ईरान-भारत के बीच हुआ महत्वपूर्ण करार, चिहुंका अमेरिका

## संकीर्ण सोच से बाहर आए अमेरिका : जयशंकर

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह को लेकर दस साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तुरंत बाद ही अमेरिका ने चेतावनी दी कि कोई भी तेहरान के साथ व्यापारिक सौदे करने के लिए विचार बना रहा है तो, उसे संभावित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका की इस चेतावनी के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिका को इसे लेकर संकीर्ण दृष्टिकोर्ण नहीं रखना चाहिए, क्योंकि यह समझौता सभी को लाभ देने वाला है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, मैंने देखा कि इस समझौते को लेकर कुछ टिप्पणियां की गई हैं। उन्होंने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, लेकिन मुझे लगता है कि यह संवाद और लोगों को समझाने का सवाल है। उन्हें यह समझना होगा कि चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत और ईरान के बीच हुआ समझौता सभी को लाभ देगा। इसके लिए संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए।जयशंकर के अनुसार, अमेरिका ने पहले कभी भी चाबहार को लेकर कोई नकारात्मक दृष्टिकोण नहीं रखा। अमेरिका ने कई बार चाबहार की योग्यता की सराहना की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ईरान की तरफ से कई समस्याएं थीं। आ-खिरकार हम इसे सुलझाने और दीर्घकालिक समझौता करने में सक्षम हुए हैं। यह समझौता महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बिना आप बंदरगाह संचालन में सुधार नहीं कर सकते। हमें भरोसा है कि इसके संचालन से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा।



* ईरान के चाबहार बंदरगाह का संचालन करेगा भारत
* अमेरिका ने ईरान पर लगे प्रतिबंध की याद दिलाई

▶9 पर

### पीओके लेने के लिए 400 सीटों की जरूरत : हिमंत



**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि जब भाजपा को 300 सीटें मिलीं तो उसने अयोध्या में राम मंदिर बनाया और अगर इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटें जीतने में सफल रही तो मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि स्थान और वाराणसी में मंदिर बनाए जाएंगे। असम सीएम ने यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान ▶9 पर




### उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से सुप्रीम कोर्ट चिंतित

## जंगल की आग काबू करने में सरकार नाकाम

### उत्तराखंड के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट तलब

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर गहरी चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जंगल की आग को काबू में करने का राज्य का दृष्टिकोण चिंताजनक है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है। पीठ में न्यायमर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कई योजनाएं तैयार की जाती हैं लेकिन कदम कोई भी नहीं उठाए जा रहे हैं। साथ ही शीर्ष अदालत ने वन विभाग में भारी रिक्तियों के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि पदों को भरने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।



उत्तराखंड के संवेदनशील जंगलों में पिथौरागढ़ वन प्रभाग में पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, ▶9 पर

### आग से बचाने का उपाय : 50 रुपए किलो खरीदेंगे चीड़ के पत्ते

**देहरादून, 15 मई (एजेंसियां)।** पहाड़ों में जंगल की आग का सबसे बड़ा कारण बन रहे चीड़ पेड़ के पत्तों को सरकार खरीदने जा रही है। घातक ज्वलनशील ये पत्ते पहाड़ की भाषा में पिरुल कहलाते हैं। ▶9 पर

**उत्तराखंड के जंगलों में आग**

| वन प्रभाग | वनाग्नि की घटनाएं | नुकसान हेक्टेयर में |
|---|---|---|
| पिथौरागढ़ | 106 | 159 |
| तराई पूर्वी | 90 | 104.94 |
| चंपावत | 55 | 54.99 |
| अल्मोड़ा | 56 | 85.5 |
| रामनगर | 31 | 45.37 |
| नैनीताल | 29 | 34.65 |
| हल्द्वानी | 27 | 28.03 |
| सिविल सोयम अल्मोड़ा | 26 | 41.5 |
| बागेश्वर | 28 | 34.47 |
| तराई केंद्रीय | 12 | 11.96 |
| सॉयल कंजर्वेशन, रानीखेत | 12 | 24.25 |
| तराई पश्चिम | 03 | 2.5 |
| सॉयल कंजर्वेशन, रामनगर | 12 | 24.25 |



# लिट्टे के स्मृति दिवस पर श्रीलंकाई सैन्य बल अलर्ट संगठन को फिर से सक्रिय करने की हो रही कोशिश

**कोलंबो, 15 मई (एजेंसियां) ।** श्रीलंका में विद्रोही संगठन लिट्टे की याद में तमिल बहुल इलाकों में स्मृति दिवस बनाने की योजना बनाई जा रही है। इसे लेकर श्रीलंका की सेना और पुलिस हाई अलर्ट पर हैं। श्रीलंका में साल 2009 में लिट्टे प्रमुख प्रभाकरण की श्रीलंकाई सेना के साथ हुई लड़ाई में मौत हो गई थी और इसके साथ ही श्रीलंका में अलग तमिल राष्ट्र की मांग को लेकर तीन दशक तक चले सशस्त्र विद्रोह का अंत हो गया था। उसी लड़ाई की याद में श्रीलंका में लिट्टे समर्थक स्मृति दिवस मनाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि श्रीलंका की सरकार ने इसके आयोजन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

### श्रीलंका ने निगरानी के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स

श्रीलंका में सैन्य बलों को सूचना मिली है कि श्रीलंका में तमिल बहुल इलाकों में लिट्टे (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम) की श्रीलंकाई सरकार से साल 2009 में हुई लड़ाई की याद में 15वां स्मृति दिवस मनाया जा सकता है। इस दौरान लड़ाई में मारे गए लिट्टे समर्थकों और लड़ाकों को याद किया जाएगा। हालांकि श्रीलंका की फिलहाल सेना की तैनाती की कोई योजना नहीं है, लेकिन सेना और पुलिस की विशेष टास्क फोर्स पूरे देश में इस आयोजन पर नजर रखेंगी। श्रीलंका में 15 मई से लेकर 20 मई तक लिट्टे का स्मृति दिवस मनाया जाएगा।

### तमिल बहुल जाफना पर खास नजर

श्रीलंकाई सुरक्षा बलों का कहना है कि उन्हें ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि लिट्टे के स्मृति दिवस कार्यक्रम में कई जगह लिट्टे समर्थक साहित्य बांटा जा रहा है। कई कार्यक्रमों में लिट्टे को फिर से खड़ा करने की बात की अपील की गई। आरोप है कि भारत में भी लिट्टे को सक्रिय करने की कोशिश हो रही है। लिट्टे की शुरुआत साल 1983 में हुई थी, करीब तीन दशकों तक सशस्त्र संघर्ष के बाद साल 2009 में श्रीलंकाई सेना ने तमिल विद्रोही संगठन को कुचल दिया। तमिल नेताओं और संगठनों का कहना है कि लिट्टे स्मृति दिवस पर सिर्फ उन लोगों को याद करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिन्होंने संघर्ष में अपनी जान दी।

## न्यूज ब्रीफ

### अदालतें लोकतांत्रिक चर्चा वाली जगहें, ब्राजील में जे20 सम्मेलन में बोले भारत के सीजेआई चंद्रचूड़



**ब्राजील ।** ब्राजील में जे20 शिखर सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ शामिल हुए। उन्होंने इस सम्मेलन को संबोधित भी किया। इस दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारी अदालतों को आम लोगों पर थोपने के लिए नहीं बनाया गया बल्कि इन्हें लोकतांत्रिक स्थानों के रूप में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड–19 में अदालत प्रणालियों को और अधिक विकसित किया गया है, जिसे रातोरात बदलने के लिए हमें मजबूर होना पड़ा। जे20 शिखर सम्मेलन वह मंच है, जहां जी20 सदस्य देशों की सर्वोच्च और संवैधानिक अदालतों के प्रमुखों के अलावा अफ्रीकी और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय स्थिरता और बेहतर न्यायिक क्षमता जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सीजेआई चंद्रचूड़ ने किया जे20 सम्मेलन को संबोधित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हम मानते हैं कि जैसे धूप सबसे अच्छा कीटाणुनाशक होता है, उसी तरह सही और सुलभ जानकारी किसी भी दुष्प्रचार को खत्म करती है। उन्होंने ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के दुष्प्रचार से लड़ने के कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यह अदालतों के निर्णयों तक आम लोगों की पहुंच सुनश्चित करती है। इस तरह के तंत्र से दुष्प्रचार से लड़ा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, हम भारत में अपने फैसलों के लिए एसयूवीएएस (सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर) का उपयोग करते हैं। यह एक मशीन लर्निंग, एआई सक्षम अनुवाद टूल है, जो 16 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करता है। अबतक 36,000 से अधिक मामलों का अनुवाद किया गया है। महत्वपूर्ण संवैधानिक मामलों का लाइव स्ट्रीमिंग और यूट्यूब रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है। तकनीक सभी सामाजिक असमानताओं के लिए रामबाण इलाज नहीं: सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि डिजिटल एससीआर के जरिए सीजेआई ने कहा कि आम लोगों को डिजिटल एससीआर (सुप्रीम कोर्ट रिकॉर्ड्स) के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के फैसलों तक आसान पहुंच प्रदान की जाती है।

### फिल्मी स्टाइल में पुलिस काफिले पर हमला, दो गार्ड्स की हत्या कर कैदी को छुड़ा ले गए हथियारबंद लोग



**पेरिस ।** फ्रांस में पुलिस के काफिले पर हमला कर कैदी को छुड़ाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। फिल्मी स्टाइल में हथियारबंद लोगों ने पहले पुलिस के काफिले पर हमला किया और फिर पुलिस की हिरासत में मौजूद कैदी को छुड़ाकर ले गए। इस हमले में दो गार्ड्स की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। इस घटना से पूरा फ्रांस स्तब्ध है क्योंकि वहां ऐसी घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना को लेकर फ्रांस में गुस्सा फ्रांस के न्याय मंत्री एरिक ड्युपोंड मोरेत्ती ने बताया घटना उस वक्त घटी, जब एक कैदी को अदालत से जेल में शिफ्ट किया जा रहा था। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक काले रंग की एसयूवी कार ने पहले पुलिस वाहन में टक्कर मारी उसके बाद दूसरी कार से हथियारबंद लोग उतरे और उन्होंने पुलिस वैन पर फायरिंग शुरू कर दी।

### घास के ढेर में दबा मिला 26 साल से लापता शख्स, बताया- पड़ोसी ने ही घर में किया था कैद

**अल्जीयर्स।** हाल ही में एक 45 वर्षीय व्यक्ति एक घास के ढ़ेर के पास मिला, जो पिछले 26 सालों से लापता था। 26 सालों से लापता इस व्यक्ति को उसके पड़ोस में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने कैद किया हुआ था। पूरा परिवार उसे मृत मान चुका था। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल 1998 में हुए अल्जीरियाई गृहयुद्ध के दौरान एक 19 वर्षीय बालक उमर बी गायब हो गया था। परिवार का मानना था कि उसका अपहरण किया गया है। काफी समय तक उसको ढूंढ़ा गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में परिवार ने उसे मृत मान लिया था। अब हाल ही में वह जेल्फा शहर से लगभग 200 मीटर दूर एक घास के ढ़ेर के बीच मिला। 45 वर्षीय उमर तब मिला जब उसके भाई ने सोशल मीडिया पर शिकायत करनी शुरू की। पुलिस जांच पड़ताल में उसने बताया कि वह तब पड़ोसी के घर में ही कैद था। लेकिन वह मदद के लिए किसी को बुला नहीं पा रहा था। उसने बताया कि पड़ोसी ने उस पर जादू किया हुआ था। वह चाहकर भी किसी से मदद नहीं मांग पा रहा था।

# डेमोक्रेटिक थिंक टैंक के खिलाफ एकजुट हुए भारतीय संगठन, हिंदू विरोधी कट्टरता को बढ़ावा देने के आरोप



**वॉशिंगटन, 15 मई (एजेंसियां) ।** अमेरिका के कई हिंदू संगठन डेमोक्रेटिक थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। इन हिंदू संगठनों का आरोप है कि डेमोक्रेटिक थिंक टैंक कथित तौर पर भारतीय अमेरिकी राजनेताओं का विरोध करने वाले लोगों को अपने सम्मेलन में बतौर वक्ता, मेहमान आमंत्रित कर रहा है। दरअसल इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन डेसिस डिसाइड की शुरुआत हो गई।

### थिंक टैंक के इस फैसले से हिंदू संगठन नाराज

बीते कुछ वर्षों में थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट काफी प्रभावी बनकर उभरा है और यह भारतीय अमेरिकी समुदाय का सबसे प्रभावशाली डेमोक्रेटिक थिंक टैंक माना जाता है। मशहूर भारतीय अमेरिकी दीपक राज इसके सह–संस्थापक और सबसे बड़े दानदाता हैं। हिंदू संगठनों ने एक बयान जारी कर कहा कि ऐसे लोगों को सम्मेलन में बुलाना, जो सार्वजनिक तौर पर भारतीय अमेरिकी उम्मीदवारों और निर्वाचित अधिकारियों की खुलकर आलोचना कर रहे हैं, उन्हें सम्मेलन में बुलाना बेहद निराशाजनक है। हिंदू अमेरिकन नामक संगठन के बोर्ड सदस्य राजीव पंडित का कहना है कि इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट का उद्देश्य अमेरिका में सभी स्तरों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति को बढ़ाना है, लेकिन यह बेहद असमंजस और निराशाजनक बात है कि इस संगठन के प्लेटफॉर्म पर ऐसे लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है, जो खुलकर भारतीय अमेरिकी लोगों का विरोध करते हैं और हिंदू विरोधी कट्टरता को बढ़ावा देते हैं।


### हिंदू संगठनों की इन पैनलिस्टों को लेकर है नाराजगी

हिंदू संगठनों का विरोध पैनल में शामिल दो पैनलिस्टों को लेकर खासकर है, जिनमें इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल की सफा अहमद और हिंदूज फॉर ह्युमन राइट्स की रिया चक्रवर्ती का नाम शामिल है। हालांकि हिंदू संगठनों के आरोपों पर अभी तक इंडियन अमेरिकी इम्पैक्ट की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि भारतीय अमेरिकियों पर जेनोफोबिक होने, दोहरी निष्ठा जैसे आरोप लगाए जाते हैं। कनाडा के प्रोग्रेसिव मुस्लिम्स के अध्यक्ष ताहिर असलम गोरा ने कहा कि यह देखना हैरान करने वाला है कि इम्पैक्ट का डेसिस डिसाइड सम्मेलन भारत की छवि को खराब कर रहा है और ये दिखाना चाह रहा है ।

### मामला राजनीति से प्रेरित है, कोर्ट में स्पीकर माइक जॉनसन ने ट्रंप के समर्थन में दी गवाही

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आपराधिक गोपनीय धन मामले में न्यूयॉर्क की मैनहट्टन कोर्ट में गवाही दी। उन्होंने मुकदमे की टाइमिंग पर सवाल उठाया और दावा किया कि ट्रंप निर्दोष हैं और मामला राजनीति से प्रेरित है। जॉनसन ने इस बारे में कोर्ट के बाहर मीडिया से बात की और बताया कि कैसे यह आपराधिक मुकदमा ट्रंप के चुनावी अभियान को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद ट्रंप को चुनावी अभियान से दूर रखना है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई। कोर्ट में गवाही देने वाले जॉनसन रिपब्लिकन पार्टी के सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी माने जाते हैं। ट्रंप ने जॉनसन को हाउस स्पीकर बनाने के लिए समर्थन दिया था। ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में अपने अभियान को बढ़ाने के लिए एक एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसे देकर चुप कराने की कोशिश करने का आरोप है।

# अमेरिका ने ड्रैगन को दिया बड़ा झटका, चीन के उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाने का एलान



**वॉशिंगटन, 15 मई (एजेंसियां) ।** अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर भारी कर लगाने का फैसला किया है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, स्टील, सौर सेल और एल्यूमीनिय शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 फीसदी, सेमीकंडक्टर पर 50 फीसदी और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में राष्ट्र को संबोधित करते हुए इसका एलान किया।

उन्होंने कहा, अमेरिका अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी तरह की कार खरीदना जारी रखेगा। लेकिन चीन को इन कारों के बाजार को गलत तरीके से नियंत्रित करने की अनुमति कभी नहीं देगा। बाइडन ने कहा, मैं चीन के साथ निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा चाहता हूं, संघर्ष नहीं। हम किसी और देश की तुलना में चीन के खिलाफ 21वीं सदी की आर्थिक प्रतिस्पर्धा को जीतने में मजबूत स्थिति मे हैं। क्योंकि हम अमेरिका में निवेश कर रहे हैं।

बाइडन ने आरोप लगाया कि वर्षों से चीन की सरकार ने इस्पात और एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और दस्ताने व मास्क जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपकरण जैसे उद्योगों में सरकारी पैसे का इस्तेमाल किया है। चीन ने इन सभी उत्पादों को भारी सब्सिडी दी, जिससे चीनी कंपनियों को दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। फिर अतिरिक्त उत्पादों को गलत तरीके से कम कीमतों पर बाजार में डंप किया गया और दुनियाभार के अन्य निर्माताओं को व्यवसाय से बाहर किया गया। उन्होंने आगे कहा, कीमतें अनुचित तरीके से कम हैं, क्योंकि चीनी कंपनियों को लाभ के बारे में चिंता करने की आवश्यकता ही नहीं है। चीनी सरकार ने उन्हें सब्सिडी दी है और भारी सब्सिडी दी है। बाइडन ने कहा, चीन प्रतिस्पर्धा विरोधी रणनीति पर भरोसा करता है, जैसे अमेरिकी कंपनियों को चीन में व्यापार करने के लिए अपनी तकनीक स्थानांतरित (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) करने के लिए मजबूर करना। बाइडन ने कहा कि अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में घोषित किए गए शुल्क यह सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि अमेरिकी कर्मचारी अनुचित व्यापार प्रथाओं के चलते पीछे न रहें। उन्होंने कहा, अमेरिकी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों और उनकी बैटरी में अरबों डॉलर का निवेश कर रही है।

# गाजा में भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की हत्या पर संयुक्त राष्ट्र ने जताया दुख, इजराइल पर लगे आरोप



**गाजा, 15 मई (एजेंसियां) ।** संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में भारतीय सेना के एक पूर्व अधिकारी की हत्या पर दुख जताया और भारत से माफी मांगी। दरअसल भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी युद्धग्रस्त गाजा के राफा में एक गाड़ी में सफर कर रहे थे, तभी उनकी गाड़ी पर पीछे से हमला हुआ, जिसमें पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। राफा में मारे गए कर्नल वैभव अनिल काले (46 वर्षीय) ने साल 2022 में सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और फिलहाल वे संयुक्त राष्ट्र के डिपार्टमेंट ऑफ सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के साथ सुरक्षा समन्वय अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे।

### भारतीय सेना से साल 2022 में ही रिटायर हुए थे कर्नल वैभव अनिल काले

मी़डिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काले भारतीय सेना में 11 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स की कमान संभाल चुके हैं। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से यह संयुक्त राष्ट्र से जुड़े पहले अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी की मौत का मामला है। हमले में जॉर्डन की एक महिला भी घायल हुई हैं, जो कि काले के साथ संयुक्त राष्ट्र के डिपार्टमेंट ऑफ सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के साथ काम कर रही थीं। संयुक्त राष्ट्र का स्टाफ यूएन का चिन्ह लगी गाड़ी से राफा के यूरोपीय अस्पताल जा रहा था, उसी दौरान उनकी गाड़ी पर हमला हुआ।

### इस्राइली सेना पर लगे हमले के आरोप

माना जा रहा है कि यह हमला इस्राइली सेना के टैंक ने किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के उप–प्रवक्ता फरहान हक ने भी वैभव अनिल काले की मौत पर दुख जताया और भारत के योगदान की तारीफ की। हक ने बताया कि घटना की जांच के लिए एक पैनल का गठन किया गया है।

# पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में हिंसा जारी, यूकेपीएनपी का एलान- अधिकारों के लिए जारी रहेगी लड़ाई



**लंदन, 15 मई (एजेंसियां) ।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शन के बीच एक कश्मीरी संगठन ने एलान किया है कि जब तक पीओके के लोगों को अधिकार नहीं मिल जाते, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। ब्रिटेन स्थित युनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी ने एक बयान जारी कहा कि पीओके में लोगों को दशकों से उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। विभिन्न मांगों को लेकर पीओके में भड़की थी हिंसा बीते दिनों पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आटे के बढ़ते दामों, बढ़ती महंगाई, महंगी बिजली के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए थे। जिसके चलते पीओके में धरने प्रदर्शन के दौरान जमकर बवाल हुआ। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पाकिस्तान ने सेना और पुलिस को उतार दिया और पाकिस्तानी रेंजर्स और पुलिस की फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे लोग और भड़क गए। आखिरकार पाकिस्तान सरकार को झुकना पड़ा और 23 अरब पाकिस्तानी रुपये की आर्थिक मदद का तुरंत एलान करना पड़ा। फिलहाल विरोध प्रदर्शन शांत है, लेकिन छिटपुट हिंसा की घटनाएं अभी भी हो रही हैं।

पीओके में सेना की तैनाती बढ़ा सकता है पाकिस्तान ब्रिटेन में आधारित यूकेपीएनपी (यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी) ने एक बयान जारी कर कहा कि हिंसा भड़कने के बाद पैरामिलिट्री फोर्स को उतारना एक गैर मानवीय फैसला था। यूकेपीएनपी ने पीओके में फिर से बड़ी संख्या में सैन्य बलों की तैनाती की आशंका जताई और कहा कि इससे लोगों को और दबाया जाएगा। यूकेपीएनपी ने विरोध प्रदर्शनों के पीछे विदेशी फंडिंग और भारत, तालिबान, पीटीआई, बलोच लिबरेशन आर्मी और कथित यहूदी लॉबी का हाथ होने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। यूकेपीएनपी के विदेश मामलों के अध्यक्ष शाबिर चौधरी ने पाकिस्तान के नेताओं, मीडिया और खुफिया एजेंसियों पर प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप लगाया। यूकेपीएनपी ने मांग की कि पीओके में नेशनल ग्रिड बनाई जाए, जिससे राज्य में बिजली उत्पादन और वितरण पर स्थानीय प्रशासन का नियंत्रण रहे।

# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर समुद्र की ओर रवाना, परीक्षण भी हुआ पूरा



**बीजिंग, 15 मई (एजेंसियां) ।** चीन का तीसरा विमानवाहक पोत समुद्र की ओर रवाना किया गया है। जिसका नाम फुजियान रखा गया। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एयर क्राफ्ट है। जो कि 11 सक्रिय क्राफ्ट से मिलकर बना है। पहले नंबर पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का एयरक्राफ्ट है।

चीन अपनी नौसेना की ताकत लगातार बढ़ा रहा है। इसी के तहत पनडुब्बी, युद्धक जहाज की संख्या लगातार बढ़ा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक चीन लगभग हर महीने एक नौसैनिक जहाज का निर्माण कर रहा है। साथ ही चीन पाकिस्तान की नौसेना को भी मजबूत करने के लिए उसे युद्धक जहाज और पनडुब्बियां दे रहा है। चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण किया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ी है। सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज के सीनियर फेलो कोलिन कोह ने बताया कि पिछली रिपोर्ट प्रमाणित नहीं है। चीन शायद छह या आठ वाहक बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब तक पीएलएएन वाहक संचालन के साथ परिपक्वता के स्तर तक नहीं पहुंच जाता तब तक मुश्किल है। यह अभी अमेरिकी नौसेना की तुलना में ज्यादा तैयार नहीं है। इसका लक्ष्य 6 वाहक हो सकता है।

बता दें कि फुजियान का निर्माण शंघाई शहर के पास यांग्त्जी नदी के किनारे चांगक्सिंग द्वीप पर चीन राज्य जहाज निर्माण निगम की सरकारी कंपनी जियांगन शिपयार्ड ने किया। इसका निर्माण मार्च 2017 में शुरु हुआ। जहाज को 17 जनू 2022 को लॉन्च किया गया। एक साल बाद फुजियान ने अपनी यात्रा शुरू की। 29 अप्रैल को टगबोट फुजियान को उसके फिटिंग–आउट बेसिन से शंघाई में यांग्त्जी नदी घाट तक ले गए। वहीं 1 मई को जहाज अपने पहले समुद्री परीक्षण पर रवाना हुए। समुद्री परीक्षण मुख्य रूप से एयरक्राफ्ट के प्रणोदन और विघुत प्रणालियों की विश्वसनीयता और स्थिरता का परीक्षण करेंगे।

वहीं कुछ समाचार एजेंसी ने बताया फुजियान ने पिछले दो वर्षों के दौरान पहले ही मूरिंग ट्रायल, आउटफिटिंग कार्य और उपकरण समायोजन पूरा कर लिया है। समुद्री सुरक्षा प्रशासन के जारी सुरक्षा नोटिस ने 1– 9 मई तक शंघाई से 130 किमी के क्षेत्र की यात्रा के बारे में बताया। वाहक अपनी आठ दिन की यात्रा के बाद 8 मई को जियांगन शिपयार्ड लौटा। समुद्री परीक्षण के दौरान विमान वाहक ने अपने प्रणोदन और विद्युत प्रणालियों का परीक्षण किया। अगले चरण में पीएलएएन एस फुजियान स्थापित योजनाओं के अनुसार अनुवर्ती परीक्षण करेगा।

हालांकि पहले वाहक लिओनिंग ने दस समुद्री परीक्षण पूरे किए थे। वहीं दूसरे वाहक शेडोंग ने पीएलएएन सेवा में प्रवेश करने से पहले नौ परीक्षण किए। चीन की सेना की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार फुजियान जिसका विस्थापन 80,000 टन से ज्यादा माना जाता है। विश्लेषकों के अनुसार यह लगभग 316 मीटर लंबा होगा। जबकि उसके उड़ान डेक की औसत चौड़ाई 72 मीटर है।

### दक्षिण चीन सागर में कई देशों से ही चीन का विवाद

विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया था। यांग्जी नदी में यातायात परिवहन पर रोक 9 मई रही। दक्षिण चीन सागर में चीन का कई देशों के साथ विवाद चल रहा है। दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना कई बार फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों को रोक चुकी है। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा जताता है। इसके कारण चीन का फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान के साथ सीमा विवाद चल रहा है।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा

# भारत को प्रधानमंत्री मोदी जैसे मजबूत नेतृत्व की जरूरत

## विपक्ष लगा रहा झूठे आरोप, मुस्लिम भी उठा रहे योजनाओं का लाभ

**देहरादून, 15 मई (एजेंसियां)।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष हाजी शादाब शम्स ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में न तो मुसलमान खतरे में हैं और न ही भारत का संविधान खतरे में है, जैसा कि विपक्ष आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि खतरे में केवल कुछ नेताओं की दुकान है।

शम्स ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध के कगार पर है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व को मजबूत करने की जरूरत है। पूरे विश्व पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। विभिन्न देशों में अराजकता और संघर्ष का माहौल है। ऐसे समय में, भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है।



उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी को तीसरा कार्यकाल अवश्य मिलना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो देश को नुकसान होगा। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने मुस्लिम समुदाय के सदस्यों के साथ सोमवार को हरिद्वार के पिरान कलियर में साबिर साहब की विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर पीएम मोदी के लिए चादर चढ़ाई थी। शम्स ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी के लिए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रार्थना की ताकि भारत उनके नेतृत्व में विकास करता रहे। विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। शम्स ने कहा कि आखिरी आदमी जिसे पहले कभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला था, उसके सिर पर छत है। शौचालय मिल रहा है। सड़कें बन रही हैं, देश हर मोर्चे पर प्रगति कर रहा है।

शम्स ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में न तो मुसलमान खतरे में हैं और न ही भारत का संविधान खतरे में है, जैसा कि विपक्ष आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि खतरे में केवल कुछ राजनेताओं की दुकान है। विपक्षी नेता देश के लोगों खासकर मुसलमानों को गुमराह करने के लिए यह झूठ फैला रहे हैं। विपक्ष प्रधानमंत्री की मुस्लिम विरोधी छवि बनाने के लिए झूठे इल्जाम और झूठा प्रचार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए इतने जनहितकारी कार्य किए जो आज तक कोई प्रधानमंत्री नहीं कर सका। इस मौके पर बहरोज़ आलम, अजहर सिद्दीकी, हाजी मुस्तकीम, अकरम, सिकंदर साबरी, गुलफ़ाम, जिम्मू साबरी, तारिक अनवर, फराज़ खान आदि मौजूद रहे।

# 370 हटने से श्रीनगर में बढ़ा मतदान का प्रतिशत

## कुछ नेता इसे नहीं मानने की पुरानी जिद पर अड़े

**जम्मू, 15 मई (ब्यूरो)।** श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में 1996 के बाद मतदान के रिकार्ड ने कई लोगों के चेहरों पर खुशी लाई है पर इसे लेकर एक विवाद भी छिड़ गया है। दरअसल यह विवाद इस कामयाबी के पीछे की वजहों से है। कई कश्मीरी नेता कहते थे कि अनुच्छेद 370 हटने के वोट प्रतिशत तो 80-90 फीसद बढ़ना चाहिए था, लेकिन उतना नहीं बढ़ा।

कश्मीर के कुछ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा मंत्रियों के इस दावे का विरोध कर रहे हैं कि श्रीनगर लोकसभा सीट पर उच्च मतदान अनुच्छेद 370 के समाप्त होने के कारण हुआ। उल्लेखनीय है कि श्रीनगर लोकसभा सीट पर 38.3 प्रतिशत मतदान हुआ, जो आतंकवाद की शुरुआत के बाद से दूसरा सबसे बड़ा मतदान प्रतिशत है। इसने मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य को श्रेय लेने के लिए प्रेरित किया। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मतदान को अच्छा बताया, लेकिन यह कहने





से बाज नहीं आईं कि लोग 2019 से घुटन महसूस कर रहे हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के श्रीनगर उम्मीदवार आगा रूहुल्लाह ने दावा किया कि लोगों ने अपने वोटों के माध्यम से अपना विरोध जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्साहजनक मतदान के लिए श्रीनगर में मतदाताओं की सराहना की, जिसे उन्होंने पहले से काफी बेहतर बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से लोगों की क्षमता और आकांक्षाओं को पूर्ण अभिव्यक्ति मिल पाई है। यह जम्मू कश्मीर के लोगों, विशेषकर युवाओं के लिए बहुत अच्छा है। अमित शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने के मोदी सरकार के फैसले का परिणाम मतदान प्रतिशत में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र में लोगों का भरोसा बढ़ा है और जम्मू कश्मीर में इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कहते हैं कि अगर ऐसा था तो मतदान प्रतिशत 80 परसेंट से अधिक होना चाहिए था।

वर्ष 2019 में श्रीनगर में लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। आतंकवाद के फैलने के बाद से सबसे अधिक 40.9 प्रतिशत मतदान 1996 में दर्ज किया गया था। लेकिन यह विवादास्पद था क्योंकि अंधाधुंध फर्जी मतदान हुआ था।

# कश्मीरी विस्थापितों द्वारा कम मतदान करने से भाजपा निराश

## बारामुला और अनंतनाग के मतदान पर जोर

**जम्मू, 15 मई (ब्यूरो)।** जम्मू कश्मीर में भाजपा को निराशा कश्मीरी विस्थापितों द्वारा कम मतदान करने से भी हुई है। हालांकि अभी बारामुला और अनंतनाग के संसदीय क्षेत्रों के लिए होने वाले मतदान में कश्मीरी विस्थापित अहम भूमिका रखते हैं, ऐसे में अब भाजपा का सारा जोर इन संसदीय क्षेत्रों के लिए लगने लगा है।



श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं का सबसे कम मतदान भाजपा के लिए अच्छा नहीं रहा है क्योंकि पार्टी पिछले दस वर्षों से विस्थापित समुदाय को एकजुट करने के लिए काम कर रही है। दरअसल पार्टी नेताओं द्वारा साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के बावजूद, जिन्हें विस्थापित समुदाय की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, पार्टी ने गणना की कि केवल 14 प्रतिशत कश्मीरी प्रवासी मतदाता श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में अपना वोट डालने आए, जिसके लिए मतदान हुआ।

भाजपा नेता, जिन्हें प्रवासियों को जुटाने की जिम्मेदारी दी गई थी, दावा कर रहे हैं कि 39 प्रतिशत योग्य कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं ने वोट डाले लेकिन वास्तविकता अलग है। रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 1.25 लाख कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं ने खुद को कश्मीर में मतदाता के रूप में पंजीकृत कराया था। भाजपा के एक नेता ने कहा कि इन 1.25 लाख योग्य मतदाताओं में से अकेले श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में लगभग 53,000 पंजीकृत कश्मीरी प्रवासी मतदाता हैं। वे कहते हैं कि पार्टी नेताओं की विफलता के कारण, केवल 16,000 ने हाल ही में एम फार्म भरकर और अन्य औपचारिकताएं पूरी कर मतदान करने में अपनी रुचि दिखाई है। सोमवार को श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में कुल 53,000 पात्र कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं में से केवल 6800 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो सीट पर कुल पात्र मतदाताओं का 12 प्रतिशत से अधिक है।

भाजपा की ओर से एक विशेष सेल का गठन किया गया है और यह सेल सिर्फ प्रवासी मतदाताओं पर काम कर रहा है। भाजपा के एक सूत्र ने कहा कि कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सेल के पास एक समर्पित कार्यालय और कर्मचारी थे। उन्होंने कहा कि कम मतदान इस बात का संकेत है कि सेल के सदस्य कश्मीरी प्रवासियों तक पहुंचने में विफल रहे। एक अन्य पार्टी नेता ने कहा कि जम्मू, उधमपुर और दिल्ली में रहने वाले अधिकांश कश्मीरी प्रवासी मतदाता लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए उत्साहित थे, लेकिन भाजपा के सेल के सदस्य समय पर उन तक पहुंचने में विफल रहे। ऐसा प्रतीत होता है कि सेल के सदस्य केवल अपने समर्पित कार्यालय तक ही सीमित रहे और उन्होंने पार्टी नेताओं को कथित तौर पर बेवकूफ बनाया।

# पहली बार केंद्र शासित लद्दाख का प्रतिनिधि जाएगा संसद

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 15 मई।** लद्दाख लोकसभा सीट पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। अभी तक यह सीट जम्मू और कश्मीर की 6 लोकसभा सीटों में से एक मानी जाती थी पर अब पहली बार है कि लद्दाख पहली बार केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर अपने प्रतिनिधि को संसद में भेजेगा। लोकसभा चुनाव 2024 में लद्दाख लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद का टिकट काट दिया है।

जामयांग सेरिंग नामग्याल की जगह ताशी ग्यालसन को मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को उम्मीदवार बनाया है। यही नहीं इस सीट पर कुछ स्थानीय दलों ने निर्दलीय मोहम्मद हनीफा को मैदान में उतारा है।

साल 2019 आम चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार जामयांग सेरिंग नामग्याल ने निर्दलीय उम्मीदवार सज्जाद हुसैन को 10 हजार 930 वोटों से हराया था। भाजपा को 42 हजार 914 वोट मिले थे, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार सज्जाद हुसैन को 31 हजार 984 वोट मिले थे। इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रिगजिन स्पालबार चौथे नंबर पर रहे और उनको 21 हजार 241 वोट मिले थे।




लद्दाख लोकसभा सीट दो करगिल और लेह में फैली हुई है। देश के सबसे ठन्डे और क्षेत्रफल के लिहाज से देश में सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र लद्दाख है लेकिन जनसंख्या के हिसाब से यह देश के सबसे छोटे लोकसभा क्षेत्रों में से एक है। लद्दाख लोकसभा सीट में चार विधानसभा क्षेत्र कारगिल, जानस्कर, लेह और नोबरा आते हैं। दुनिया के अत्यंत दुर्गम रिहायशी इलाके लद्दाख में हैं। यहां करीब आधा दर्जन ऐसे स्थान हैं जहां आज भी सड़क मार्ग से नहीं पहुंचा जा सकता है। चुनाव आयोग को कुछ केन्द्रों पर अपने मतदानकर्मियों को वायुमार्ग से भेजने की व्यवस्था करनी पड़ती है। कई मतदान केंद्रों पर 90 से भी कम मतदाता हैं।

लद्दाख लोकसभा सीट पर पहली बार साल 1967 आम चुनाव में वोटिंग हुई थी। उस चुनाव में कांग्रेस के कुशोक बकुला सांसद चुने गए थे। कांग्रेस ने लगातार 5 बार इस सीट पर जीत दर्ज की थी। कुशोक बकुला ने साल 1971 आम चुनाव में जीत दर्ज की। लेकिन साल 1977 आम चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर पार्वती देवी सांसद चुनी गईं। साल 1980 आम चुनाव में फुंसोग नामग्याल ने जीत हासिल की। फुंसोग नामग्याल साल 1984 के आम चुनाव में भी सांसद चुने गए।

साल 1989 आम चुनाव में पहली बार ये सीट कांग्रेस के हाथ से फिसली। निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद हसन कमांडर ने जीत हासिल की। लेकिन साल 1996 आम चुनाव में कांग्रेस के फुंसोग नामग्याल सांसद चुने गए। साल 1998 चुनाव में जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय सम्मेलन के उम्मीदवार सैयद हुसैन और साल 1999 में हसन खान विजय हुए। साल 2004 आम चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार थुपस्टन छेवांग और साल 2009 आम चुनाव में निर्दलीय हसन खान सांसद चुने गए। इस सीट पर पहली बार साल 2014 आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली थी। भाजपा के थुपस्टन छेवांग सांसद चुने गए। जबकि साल 2019 आम चुनाव में भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल ने जीत दर्ज की। 1991 में यहां चुनाव नहीं हुआ था।


लद्दाख क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। लद्दाख का क्षेत्रफल 1.74 लाख वर्ग किलोमीटर है। हिमालय की गोद में बसे इस क्षेत्र की सुंदरता देखते ही बनता है। यहां देश-दुनिया से पर्यटक घूमने आते हैं। इस लोकसभा सीट से साल 2014 में भाजपा के टिकट पर थुप्सटन छेवांग चुनाव जीते। यह पहली बार था जब भाजपा का कोई उम्मीदवार लद्दाख लोकसभा सीट से चुनाव जीतने में कामयाब हुआ था।

2014 के चुनाव में भाजपा के थुप्सन चेवांग और निर्दलीय प्रत्याशी गुलाम रजा के बीच कड़ी टक्कर हुई थी। थुप्सटन छेवांग ने गुलाम रजा को सिर्फ 36 वोटों से हराया था। छेवांग को 31,111 और गुलाम रजा को 31, 075 वोट मिले थे। हालांकि 2019 लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले थुप्सटन छेवांग ने 13 दिसंबर, 2018 को सदन और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले छेवांग 2004 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यहां से चुनाव जीते थे।

# सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्रों का वितरण शुरू

## दिल्ली में 14 शरणार्थियों को केंद्रीय गृह सचिव ने सौंपे नागरिकता प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** सीएए को लेकर लोकसभा चुनाव में सियासी वार-पलटवार के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने इसके तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू कर दिया है। इस कानून के तहत बुधवार को पहली बार केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने दिल्ली में 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ ही देश भर के करीब 31 हजार गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू हो गया है।





गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सीएए बड़ा मुद्दा है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दल न सिर्फ इसका तीखा विरोध कर रहे हैं, बल्कि सत्ता में आने पर इस कानून को खत्म करने का वादा भी कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा सीएए का विरोध करने वाले दलों को हिंदू विरोधी बता कर लगातार पलटवार कर रही है। पार्टी नेता विपक्ष पर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा ने इस बार के अपने घोषणा पत्र में सीएए का वादा किया था। करीब दो महीने पहले कानून लागू होने के बाद शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू कर भाजपा ने बीच चुनाव में ही अपना वादा पूरा कर दिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि गत मार्च में सीएए से संबंधित अधिसूचना जारी किये जाने के बाद योग्य लोगों को नियमों के अनुसार नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू हो गया है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यहां कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डाक विभाग के सचिव, खुफिया विभाग के निदेशक और भारत के महापंजीयक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

सरकार ने गत 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था।

### आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिए किया पूरा: शाह

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिए जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है। श्री शाह ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। उन्होंने लिखा, आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है।

# ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां श्रीमती माधवी राजे सिंधिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार कल अपराह्न ग्वालियर में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया जाएगा। श्री सिंधिया के निकटवर्ती सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी कि राजमाता श्रीमती सिंधिया ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आज सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली।



उस समय उनके परिवार के सदस्य उनके पास ही थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की पत्नी श्रीमती सिंधिया बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और करीब दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और वह वेंटीलेटर पर थीं।

वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे। उनका विवाह ग्वालियर के तत्कालीन महाराज माधव राव सिंधिया से आठ मई 1966 को हुई थी। सिंधिया राजघराने की बहू बनने से पहले उनका नाम किरण राज लक्ष्मी था। श्री माधव राव सिंधिया एवं श्रीमती माधवी राजे सिंधिया की एक पुत्री चित्रांगदा राजे और एक पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। रिश्तेदारों के यहाँ जाना उससे काफ़ी बेहतर रहेगा, जितना आप सोच सकते हैं। आज धर्म व आध्यात्मिकता की ओर जा सकते है। उन लोगों से मेलजोल बढ़ाने से बचें जिनके साथ आपका वक्त खराब होता है। संभव है कि परिवार के साथ किसी नज़दीकी रिश्तेदार से मिलने जाना हो और इसके लिए दिन ठीक भी है। हालाँकि किसी पुरानी ख़राब घटना का ज़िक्र करने से बचें, नहीं तो वातावरण में तनाव पैदा हो सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप आज दूसरों पर कुछ ज़्यादा ख़र्चा कर सकते हैं। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान ख़रीद सकते हैं। निजी मसले नियन्त्रण में रहेंगे। इस राशि वाले जातकों को आज खाली वक्त में आध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। ऐसा करके आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। सेहत के नज़रि से गले लगने के अपने फ़ायदे हैं और आपको यह एहसास आज अपने जीवनसाथी से मिल सकता है। कर्ज लेने और देने आज बचना होगा क्योंकि बिना वजह परेशानी लेना समझदारी नही हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

ख़ुद को सुबह सुबह शारीरिक व्यायाम मे व्यस्त रखें। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए ख़ुशनुमा एहसास रहेगा। लम्बे वक़्त से लटकी हुई दिक़्क़तों को जल्द ही हल करने की ज़रूरत है। आपका जीवनसाथी आपको ख़ुश करने के लिए आज काफ़ी कोशिशें करता नज़र आएगा।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आपको अपने दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मिलने–जुलने की ज़रूरत है, जो ऊँची जगहों पर हों। आज चाहे दुनिया इधर–की–उधर ही क्यों न हो जाए, आप अपने जीवनसाथी की बाहों से दूर नहीं हो सकेंगे। यदि आपसे कोई बात करना चाहे और आपका मूड बात करने का न हो तो आपको शांति से उसे यह बात समझानी चाहिए।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज आपके पास अपनी सेहत सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। आज का दिन मज़े करने के लिहाज़ से बढ़िया है, इसलिए अपनी पसंदीदा चीज़ों और काम का लुत्फ़ उठाएँ। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे। विवाह एक दैवीय आशीर्वाद है और आज आप इसका अनुभव कर सकते हैं। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में रमेगा जिससे आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

सेहत के नज़रिए से यह वक़्त थोड़ा ठीक नहीं है, इसलिए जो आप खाएँ उसके प्रति सावधान रहें। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। काम–काज में ज़रूरत से ज़्यादा तनाव के चलते परिवार की ज़रूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें। आपको महसूस होगा कि शादी के वक़्त किए गए सारे वादे सच्चे हैं। आपका जीवनसाथी ही आपका हमदम है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। दिन को रोमांचक बनाने के लिए क़रीबी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएँ। रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर अपने घर की छत या किसी पार्क में टहलना पसंद करेंगे। आज आपको ऐसा अनुभव होगा कि आपके जीवनसाथी के द्वारा आपको नीचा दिखाया जा रहा है। जहां तक सम्भव हो इसे नजरअंदाज करें। आज आँखों में दर्द संभव है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। कोशिश करें की कोई आपकी बातों या काम से आहत न हो और पारिवारिक ज़रूरतों को समझें। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है। आज दिन में आप कई अच्छे प्लान भविष्य के लिए बना सकते हैं लेकिन शाम के वक्त किसी दूर के रिश्तेदार के घर में आ जाने के कारण आपके सारे प्लान धरे के धरे रह सकते हैं। आपकी व्यस्त दिनचर्या के चलते आपका जीवनसाथी आपके ऊपर शक़ कर सकता है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी। आपको अपनी हार से कुछ सबक़ सीखने की ज़रूरत है, क्योंकि आज अपने दिल की बात ज़ाहिर करने से नुक़सान भी हो सकता है। अगर आप अपने दिन को ज़रा बेहतर व्यवस्थित करें, तो अपने ख़ाली समय का पूरा सदुपयोग कर काफ़ी काम कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आपके भाई–बहन आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं और उनकी मदद करके आप खुद आर्थिक दबाव में आ सकते हैं। हालांकि स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी। संभव है कि कोई आपसे अपने प्यार का इज़हार करे। आज धार्मिक कामों में आप अपना खाली समय बिताने का विचार बना सकते हैं। इस दौरान बेवजह की बहसों में आपको नहीं पड़ना चाहिए। वैवाहिक जीवन के लिए विशेष दिन है। अपने जीवनसाथी को बताएँ कि आप उनसे कितना प्यार करते हैं। शांति का वास आपके दिल में रहेगा और इसीलिए आप घर में भी अच्छा माहौल बना पाने में कामयाब होंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

काम के बीच–बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। आज सिर्फ़ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इज़ाफ़ा कर सके। प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौक़ा साबित होंगी। आपके प्रिय के कड़वे शब्दों के कारण आपका मूड ख़राब हो सकता है। आस–पड़ोस की किसी सुनी–सुनाई बात को लेकर आपका जीवनसाथी तिल–का–ताड़ बना सकता है। आज पानी की जीवन में क्या कीमत है इसके बारे में आप घर के छोटों को लेक्चर दे सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। कुछ लोगों के लिए जल्द ही शादी की शहनाई बज सकती है, जबकि दूसरे ज़िन्दगी में नए रोमांस का अनुभव करेंगे। जिन लोगों के घर वाले शिकायत करते हैं कि वो घरवालों को पर्याप्त समय नहीं देते वो आज घरवालों को समय देने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन ऐन वक्त पर किसी काम के आने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा।

## गुरुवार का पंचांग

दिनांक : 16 मई 2024 , गुरुवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : अष्टमी प्रातः 06:24 तक
नक्षत्र : मघा सायं 06:14 तक
योग : ध्रुव प्रातः 08:22 तक
करण : बव प्रातः 06:24 तक
चन्द्रराशि : सिंह
सूर्योदय : 05:43 , सूर्यास्त 06:41 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:54 , सूर्यास्त 06:38 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:45 , सूर्यास्त 06:31 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:36 , सूर्यास्त 06:31 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

शुभ : 06:00 से 07:30
चल : 10:30 से 12:00
लाभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : दोपहर 01:30 से 03:00
शुभ : 04:30 से 06:00
दिशाशूल : दक्षिण दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : सीता नवमी , गण्डमूल सायं 06:14 तक


* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# कॉपर खदान में फंसे 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, एक अधिकारी की मौत

**झुंझुनूं, 15 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के नीमकाथाना जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी क्षेत्र में स्थित कोलिहान खदान में कोलकाता से आए दल द्वारा निरीक्षण के दौरान लिफ्ट की केबल टूटने से करीब पन्द्रह सौ फीट की गहराई में फंसे 15 लोगों में से 14 को बचा लिया गया जबकि एक अधिकारी की मौत हो गई।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसडीआरएफ) अनिल पालीवाल ने बताया कि बचाव दल ने खदान में फंसे पन्द्रह लोगों में से 14 को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि इसमें मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे की मौत हो गई। श्री पालीवाल ने बताया कि सबसे पहले इस हादसे के तीन गंभीर घायलों को बाहर निकाला। उसके बाद पांच लोगों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए जयपुर भेज दिया गया। इसके बाद शेष बचे छह लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया गया और साथ ही इस हादसे के मृतक श्री पांडे के शव को बाहर निकाला गया।




उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब दस बजे स्टेट कंट्रोल रूम जयपुर से हिंदुस्तान कॉपर माइंस लिमिटेड खेतड़ी की खदान में करीब 1875 फीट की गहराई में 15 लोगों के फंसे होने की सूचना एसडीआरएफ कंट्रोल रूम को मिलने पर कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार आपदा राहत एवं बचाव के लिए जल महल पुलिस ग्रामीण लाइन में तैनात रेस्क्यू टीम प्रभारी प्लाटून कमांडर रवि वर्मा मय टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।उन्होंने बताया कि कोलिहान खदान में कोलकाता से निरीक्षण के लिए आई एक टीम मंगलवार रात करीब आठ बजे निरीक्षण के दौरान लिफ्ट की केबल टूटने से लिफ्ट करीब 1500 फीट की गहराई में गिर गई। जिससे उसमें सवार 15 लोग फंस गए। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की रेस्क्यू टीम तथा स्थानीय प्रशासन फंसे हुए लोगों को बाहर निकलने का प्रयास कर रही थी। मौके पर जिला कलेक्टर शरद मेहरा तथा पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक भी मौजूद थे। मध्य रात करीब तीन बजे एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम प्रभारी रवि वर्मा 12 जवानों तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। डिप्टी कमांडेंट राकेश पाल सिंह के सुपरविजन में एसडीआरएफ तथा कॉपर लिमिटेड की रेस्क्यू टीम द्वारा संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया।श्री वर्मा नौ जवानों तथा हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की रेस्क्यू टीम को लेकर दूसरी लिफ्ट एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से घायलों तक पहुंचे। सबसे पहले गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार देकर ट्राली की सहायता से जीरो मीटर लेवल तक लेकर आए। उसके बाद पुली एवं रेस्क्यू रोप से घायलों को इंप्रोवाइज्ड स्ट्रेचर की मदद से प्लस 64 मीटर लेवल बेस तक बाहर निकाला गया। इसके बाद खदान के वाहनों से 400 मीटर बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया। सबसे पहले रेस्क्यू टीमों ने तीन गंभीर घायलों को बाहर निकाला। उसके बाद पांच लोगों को और अंत में शेष बचे लोगों एवं श्री पांडे के शव को बाहर निकाला गया।श्री पालीवाल इस ऑपरेशन में रेस्क्यू टीम ने खेतड़ी कॉपर कार्पोरेशन (केसीसी) इकाई प्रमुख जीडी गुप्ता, कोलिहान खदान उप महाप्रबंधक एके शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विनोद सिंह शेखावत, सहायक उप महाप्रबंधक मैकेनिक एके बेरा, मुख्य प्रबंधक खदान अर्णय भंडारी, सहायक उप महाप्रबंधक यशोराज मीणा, सहायक उप महाप्रबंधक विजिलेंस वनेन्द्र भंडारी, फोटोग्राफर विकास पारीक, वरिष्ठ प्रबंधक रिसर्च निरंजन साहू, सुरक्षा अधिकारी करण सिंह, प्रबंधक प्रीतम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक खदान रमेश नारायण सिंह एवं कर्मचारी हरसी राम एवं भागीरथ को सुरक्षित खदान के बाहर निकाला। सुरक्षित बाहर निकाले गए लोग घायल हो गए लेकिन इनमें कोई गंभीर रुप से घायल नहीं हैं।

# पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल का निधन

**जयपुर, 15 मई (एजेंसियां)।** पूर्व राज्यपाल एवं राजस्थान की पूर्व उपमुख्यमंत्री कमला बेनीवाल का बुधवार को यहां निधन हो गया।

वह करीब 97 वर्ष की थी और उन्होंने जयपुर के फोर्टिस अस्पताल अंतिम सांस ली। वह गुजरात की राज्यपाल रही और इससे पहले वह राजस्थान में उपमुख्यमंत्री रही। उन्होंने सात बार विधानसभा का चुनाव जीता और राजस्थान की पहली महिला मंत्री बनने का गौरव हासिल किया।



श्रीमती कमला राज्य में कांग्रेस की वयोवृद्ध नेता थी और उनका जन्म राजस्थान के झुंझुनूं जिले के गोरिर गांव में एक जाट परिवार में हुआ। उन्होंने ग्यारह साल की उम्र में भारत छोड़ो आंदोलन में भी हिस्सा लिया।

उन्होंने 1954 में 27 वर्ष की उम्र में विधानसभा चुनाव जीतकर राजस्थान सरकार में पहली महिला मंत्री बनीं। इसके बाद भी वह कई विभागों की मंत्री बनने के साथ प्रदेश की उपमुख्यमंत्री भी बनी। उन्हें वर्ष 2009 को गुजरात की राज्यपाल बनाया गया और उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी थे। इससे पहले वह त्रिपुरा की राज्यपाल थीं।

# गूगल मैप पर सरिस्का का गलत रास्ता दिखाया

**अलवर, 15 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के अलवर जिले में विश्व प्रसिद्ध सरिस्का अभ्यारण्य का गूगल मैप पर गलत रास्ता दिखाने का मामला सामने आया है। सरिस्का के उपवन संरक्षक महेंद्र शर्मा ने बताया कि जानकारी में आया है कि गूगल मैप पर दिल्ली से आने वाले पर्यटकों को सरिस्का का मुख्य द्वार पिनान और टहला गेट से बताया जाता है। वहां से रास्ता अंदर होकर सरिस्का का मुख्य गेट दिखाया जाता है, जबकि टहला होकर से सरिस्का का मुख्य द्वार कोई आम रास्ता नहीं है, सिर्फ यहां से पर्यटक और श्रद्धालु ही आ सकते हैं। कई बार सिलीबेरी गेट भी दिखाया जाता है, जिससे पर्यटक काफी परेशान होते हैं।उन्होंने बताया कि गूगल पर आपत्ति दर्ज करायेंगे और रास्ते को सही करने के लिये कहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगर गूगल के प्रसंज्ञान में यह आता है और शिकायत दर्ज होती है, तो उसको प्रमाणित कर उसे शीघ्र इसका सही रास्ता दिखाने लगेंगे।

# रविंद्र सिंह भाटी को मिली फिर जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**बाड़मेर, 15 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से विधायक रविंद्र सिंह भाटी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जल्द जान से मारने और खुलेआम मारने की बात कही है। वीडियो संदेश के माध्यम से एक युवक की ओर से दी गई धमकी में रविंद्र पर जातीय आधार पर जहर फैलाने का आरोप लगाया गया है और एक लोकदेवता के विषय में भी अर्नगल टिप्पणी की गई है। इस घटना से भाटी समर्थकों ने गहरी नाराजगी जताई है और उन्होंने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



वीडियो संदेश की अवधि करीब डेढ़ मिनट की बताई जा रही है और इसमें कहा गया है कि रविंद्रसिंह भाटी को जल्दी ही सरेआम मारेंगे। इस वीडियो को लेकर बालोतरा पुलिस के अधिकारियों ने गंभीरता बरतते हुए साइबर एक्सपर्ट के माध्यम से आरोपी का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। वीडियो मंगलवार शाम जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि रविंद्र भाटी को दूसरी बार सोशल मीडिया पर धमकी दी गई है। इससे पूर्व अप्रैल माह के अंतिम दिनों में बालोतरा में रविंद्र भाटी की ओर से अपने कार्यकर्ताओं से पुलिस की ओर से अभद्र व्यवहार किए जाने से नाराज होकर धरना–प्रदर्शन करने के बाद एक व्यक्ति की ओर से सोशल मीडिया पर धमकी दी गई थी जिसे बाद में पुलिस ने पकड़ लिया था। निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को दूसरी बार फिर धमकी मिलने से बाड़मेर की सियासत फिर से गरमा गई है।

# लैंड जेहाद बर्दाश्त नहीं, जमीन घोटाले को नहीं भूले हैं हरियाणा के लोग : धामी



**रोहतक, 15 मई (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है देव भूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बदलने नहीं दिया जाएगा। नीली व पीली चादर चढ़ाकर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। 5 हजार एकड़ जमीन मुक्त करवाकर लैंड जेहाद को खत्म किया है। धामी बुधवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र के राजपुत बाहुल्य गांव समरगोपालपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

जनसभा में ढाई घंटे देरी से पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि वे दो दिन पंजाब का दौरा करके लौटे हैं। एक तरफ पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक–दूसरे को गालियां दे रही हैं, दूसरी तरफ हरियाणा व दिल्ली में एक–दूसरे की गलबहियां कर रही हैं। यह गठबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन है। अब देश व प्रदेश की जनता यह सब समझती है। उन्होंने कहा कि जब वे अयोध्या जाते थे तो भगवान राम एक टेंट के नीचे विराजमान मिलते थे, यह देखकर बहुत देख होता था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भव्य मंदिर बना है। उन्होंने कहा कि जब आम लोग मिलते हैं तो राम–राम करते हैं। जब कांटा भी चुभता है तो भगवान राम का नाम लेते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस ने अदालत में रामसेतू का विरोध करने के लिए वकीलों की लंबी फौज खड़ी कर दी थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी कांग्रेस पर एक परिवार का दबदबा है। कोई भी कांग्रेस नेता आगे बढ़कर मेहनत करे, लेकिन उसको बढ़ने नहीं दिया जाता। 2019 की तरह रोहतक की जनता परिवारवाद की जगह मोदी के विकासवाद पर मोहर लगाएगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री व गंगोत्री को रोप–वे से जोड़ा जा रहा है। साथ ही जल्द 125 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद पहाड़ों में भी रेल चलेगी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को हेलीकॉप्टर से सुबह 10 बजे चंडीगढ़ से रोहतक पहुंचना था, लेकिन वायु सेना के अभ्यास के चलते हेलीकॉप्टर को साढ़े नौ बजे उड़ने की अनुमति नहीं मिली। आखिकर यमुनानगर के रास्ते वायुसेना अभ्यास के दायरे से बाहर रोहतक लाया गया। ऐसे में ढाई घंटे से ज्यादा समय लग गया। धामी का काफिला दोपहर सवा दो बजे समरगोपालपुर की जनसभा में पहुंचा। इसके लिए धामी के साथ उत्तराखंड के मंत्री विनय रोहिल्ला ने माफी भी मांगी। जनसभा में राजस्थान के मंत्री सुमित गोदारा भी मौजूद रहे।उधर, भाजपा प्रत्याशी एवं लोकसभा सांसद अरविंद शर्मा समरगोपालपुर की रैली में नहीं पहुंच सके। क्योंकि वे कोसली में आयोजित रैली में व्यस्त थे, जहां मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव आए हुए थे। समरगोपालपुर की रैली में उनकी पत्नी रीटा शर्मा ने लोगों का अभिनंदन किया। रैली का आयोजन महम से भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने किया था। साथ ही पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व लोकसभा चुनाव प्रभारी राजीव जैन भी मौजूद रहे।

# अंग्रेज चले गए पर कांग्रेस को छोड़ गए : मोहन यादव

**रेवाड़ी (हरियाणा), 15 मई (एजेंसियां)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि लॉर्ड मैकाले ने शिक्षा नीति में से भगवान राम और कृष्ण के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया, इसके बाद अंग्रेज चले गए लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए और वो कांग्रेस आज भी उल्टे रास्ते पर चल रही है।डॉ. यादव रेवाड़ी के बेरली के कोसली में आयोजित रैली में संबोधन दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा अर्थात हरि का निवास। यहां भगवान श्री कृष्ण की धरती पर अपने–अपने ढंग से सब जीवन यापन कर रहे हैं। यहां के हर घर से कोई न कोई रणबांकुरा सीमा पर अपनी ड्यूटी कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन में कष्ट ही कष्ट रहे हैं, लेकिन हर कष्ट के बाद भी कन्हैया, कन्हैया



ही नहीं हैं कालिया नाग को मार कर उसके फन पर नृत्य करने की हिम्मत केवल गोपाल कृष्ण में है। जो गाय चरा कर आनंद लेते हैं और अपनी माता–बहनों के कष्ट को भी दूर करने में आगे रहते हैं। कंस जैसे महापराक्रमी को उसके घर में मारते हैं। भगवान श्री कृष्ण कंस को मारने के बाद कुर्सी को लात मार के उज्जैन शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ गए। भगवान श्री कृष्ण ने 64 कला, 14 विद्या, 4 वेद, 18 पुराण की शिक्षा ग्रहण की। ऐसा शिक्षार्थी तो कहीं मिलेगा नहीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की धरती पर जब महाभारत का महायुद्ध हुआ।

उस युद्ध की धमक से दुनिया दहल उठी थी, लेकिन ऐसे कठिन समय में भी, जो शिक्षा ग्रहण की थी, उस समय में उनके मुख से 18 अध्याय की पवित्र गीता निकली। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि 1835 में लॉर्ड मैकाले ने जब शिक्षा नीति लागू की तब उस शिक्षा नीति में से दुर्भाग्य से भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया। अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए। ये भी आज उस उल्टे रास्ते पर चलते हैं। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया, जिसका इतिहास गवाह है। 17 लाख साल पहले भगवान राम हुए और 5000 साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए। एक ने मर्यादा के साथ जीवन जीना सिखाया और दूसरे ने मर्यादा को तोड़ने वालों को लाइन पर लाने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब अमेरिका के राष्ट्रपति आते थे तो भेंट के रूप में ताजमहल देते थे, पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र गीता का ज्ञान उन्हें भेंट करते हैं। जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। सबका साथ सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं करके दिखाने के लिए है।

# पटवारी तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**अजमेर, 15 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बुधवार को अजमेर जिले की अरांई तहसील के गागुन्दा पटवारी सरदार सिंह को तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी ने ब्यूरो में शिकायत दी कि उसका राजस्व रेकॉर्ड में नाम के शुद्धिकरण के नाम पर गागुन्दा पटवारी तीन हजार की रिश्वत मांग रहा है।


प्राप्त शिकायत का सत्यापन करने के बाद ब्यूरो ने सत्यापन कराया तो पटवारी ने सत्यापन के दौरान ही एक हजार रुपये ले लिये।

ब्यूरो टीम ने आज ट्रैप की कार्रवाई करते हुये जाल बिछाया तो पटवारी भवन गागुन्दा से दो हजार की रिश्वत राशि के साथ पटवारी सरदार सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी उपाधीक्षक राकेश वर्मा की अगुवाई में कार्यवाही को अंजाम दिया।

# व्यवसाय को बनाना है कामयाब तो अपनाएं वास्तु टिप्स

वास्तु में दिशाओं का बहुत महत्व है और व्यापार के दौरान आपको भी अपने दिशा स्थान का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। वास्तुशास्त्र के सिद्धांत सिर्फ घर में ही कारगर नहीं है अपितु इनका उपयोग दफ्तर और व्यवसायिक क्षेत्रों जैसे दुकान, फैक्ट्री आदि में भी किया जा सकता है। यदि आपके व्यवसाय क्षेत्र में वास्तुदोष है तो आपको व्यवसाय में सफलता नहीं मिल पाएगी। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वास्तु में दिशाओं का बहुत महत्व है और व्यापार के दौरान आपको भी अपने दिशा स्थान का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। यदि आप अपने व्यवसाय को कामयाब बनाना चाहते हैं तो वास्तु के इन उपायों को जरूर आज़माएं। व्यवसाय को सफल बनाने के लिए दुकान या शोरूम का मुख्यद्वार दीवार के बीच में होना शुभ होता है। दुकान के अंदर बिक्री का समान रखने की शेल्फ,शोकेस




## उत्तर-पश्चिम दिशा में बनाना आपको लाभ दिलाएगा और आपका व्यवसाय बढ़ेगा।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि वास्तु शास्त्र के अनुसार शोरुम या दुकान का कैशबाक्स हमेशा दक्षिण और पश्चिम दीवार के सहारे होना उपयुक्त माना जाता है। अपने व्यवसाय स्थल के ईशान कोण में मंदिर लगाया जा सकता है। इसके साथ ही इस हिस्से में पीने का पानी रखना भी शुभ मन जाता है। आप अपने ऑफिस, दुकान या फैक्ट्री में सफेद, क्रीम या हल्के रंग का उपयोग कर सकते हैं। इन रंगों से सकारात्मकता का प्रवाह होता है, जो व्यवसाय में तरक्की प्रदान करने में सहायक माने जाते हैं। व्यवसाय को कामयाब बनाने के लिए आप अपनी टेबल पर श्रीयंत्र, व्यापार वृद्धि यंत्र, क्रिस्टल वाला कछुआ, क्रिस्टल बॉल, आदि रख सकते हैं। इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार दुकान के मालिक या मैनेजर को अपने व्यवसाय क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिम दिशा में बैठना चाहिए। व्यवसाय में सफलता पाने के लिए आप अपने दुकान या फैक्ट्री में पांचजन्य शंख भी स्थापित कर सकते हैं। शंख को माता लक्ष्मी का भाई मानते हैं क्योंकि दोनों की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। शंख की पूजा से माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। और इससे आपको व्यवसाय में सफलता हासिल हो सकती है।

### व्यापार बढ़ाने के वास्तु टिप्स

भगवान की मूर्ति लगाने का सही स्थान

हम में से अधिकतर लोग अपने दफ्तरों, दुकानों में एक छोटा पूजा कक्ष या मंदिर बनाते हैं। जहां भगवान की मूर्ति रखते हैं । हालांकि अगर आप इसे गलत जगह पर रखते हैं तो ये आपके काम और मुनाफे को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। वास्तु विशेषज्ञ के अनुसार मंदिर या पूजा कक्ष हमेशा ईशान कोण या पूर्व दिशा में होना चाहिए।

### क्लियर ऑफिस एंट्री

क्या आपने अपनी दुकान, कार्यालय या कारखाने के प्रवेश द्वार को बहुत अधिक सजावटी सामग्री से सजाया है। वास्तु विशेषज्ञ के अनुसार ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि ये आपके रास्ते में आने वाले अच्छे व्यावसायिक अवसरों को रोक सकता है। इन्हें तुरंत हटा दें। आपके कार्यालय, दुकान या कारखाने का प्रवेश हमेशा क्लियर होना चाहिए।

### दफ्तर के मालिक का रूम/सीट

आप अपने कार्यालय या दुकान में जहां बैठते हैं, वो आपके व्यवसाय की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आपका कमरा हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना चाहिए या आप इस तरह बैठ सकते हैं कि आपका मुख उत्तर दिशा की ओर हो। मंदिर आपके पीछे नहीं होना चाहिए। भगवान की मूर्तियों को अपने सीट के पीछे कभी न रखें। आपकी सीट के पीछे हमेशा एक सादी दीवार होनी चाहिए।
.

### वॉशरूम की दिशा

माना जाता है कि वॉशरूम/शौचालय में नकारात्मक ऊर्जा होती है और व्यापार में किसी भी समस्या से बचने के लिए इनका सही दिशा में होना जरूरी है। इन्हें हमेशा उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना चाहिए। नहीं तो ये आपके व्यवसाय में वित्तीय वृद्धि को रोक सकते हैं।

### .दुकान/कारखाने में फर्नीचर

अगर आपको अपने कार्यस्थल पर कोई फर्नीचर रखना है तो सुनिश्चित करें कि उसका आकार अनियमित या एल-आकार का न हो। क्योंकि ये विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। अपने ऑफिस के लिए हमेशा चौकोर या आयताकार आकार का फर्नीचर चुनें।

### उत्तर दिशा

सुनिश्चित करें कि उत्तर दिशा हमेशा साफ हो। आपको यहां कुछ भी नहीं रखना चाहिए क्योंकि ये अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही इस क्षेत्र को लाल रंग से नहीं रंगना चाहिए। इस क्षेत्र में कभी भी पेंट्री डिजाइन न करें।

### कार्यालय में लाइट

आपके कार्यालय या दुकान में अच्छी रोशनी होनी चाहिए, कार्यालय में प्राकृतिक प्रकाश व्यवस्था हो तो हमेशा बेहतर होता है। अगर नहीं तो आप बहुत सारी लाइट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये कार्यालय में किसी भी नकारात्मकता को रोकता है और व्यवसाय को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके अलावा अगर आप अपने व्यवसाय के लिए एक नया स्थान खरीद रहे हैं तो ऐसी जगह की तलाश करें जहां अच्छा वेंटिलेशन, ढेर सारी खिड़कियां और प्राकृतिक रोशनी हो।

### दाहिनी दीवार के रंग

आपके कार्यालय या कारखाने में दीवार के रंग भी महत्वपूर्ण हैं। इनका काम के माहौल से सीधा संबंध है. हमेशा ऐसे रंगों का इस्तेमाल करें जो ब्राइट और आंखों को भाते हों। अपनी दुकान या ऑफिस के लिए सफेद, नीला, ग्रे जैसे रंग चुनें. इससे सकारात्मकता आएगी और व्यापार में वृद्धि होगी।


डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# वैशाख माह खत्म होने से पहले करें इन 4 चीज़ों का दान



## घर में कभी नहीं होगी धन की कमी

वैशाख माह, हिंदू कैलेंडर का दूसरा माह, दान पुण्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह नववर्ष का प्रारंभिक माह भी है, जिसमें दान करने से पुण्य की वृद्धि होती है और नए साल की शुरुआत शुभ होती है। मान्यता है कि वैशाख माह में दान करने से पाप धुल जाते हैं और पुण्य की वृद्धि होती है। इस माह में दान करने से ग्रह शांत होते हैं और कुंडली में ग्रहों का दोष दूर होता है। दान करने से लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और धन लाभ होता है। इस माह में दान करने से सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। वैशाख माह में पितरों का तर्पण करना और दान करना उनकी आत्मा को शांति देता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस महीने को भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की उपासना के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना गया है। इस समय किया गया कोई भी पुण्य कार्य, जैसे दान, जप, तप, और व्रत, अन्य महीनों की तुलना में अधिक फलदायक माना जाता है।

**तिल :-** तिल दान करने से शनि ग्रह शांत होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है। व्यक्ति के पापों का नाश होता है और यह विशेष रूप से उन पापों को समाप्त करने में सहायक होता है जो अनजाने में किए गए होते हैं। अपार पुण्य की प्राप्ति होती है, जो उसे जीवन में सुख और समृद्धि दिलाता है। तिल दान के लिए सफेद या काले तिल का उपयोग किया जा सकता है। सफेद तिल का दान अधिक शुभ माना जाता है।

**सत्तू :-** सत्तू दान करने से सूर्य ग्रह मजबूत होता है और यश की प्राप्ति होती है। सत्तू मुख्यतः भूने हुए चनों या जौ का आटा होता है, जिसे पीसकर बनाया जाता है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और गर्मियों में विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। सत्तू शरीर को ठंडक प्रदान करता है और ऊर्जा का अच्छा स्रोत होता है। धार्मिक दृष्टि से सत्तू का दान करने से व्यक्ति को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। यह पापों के नाश और मोक्ष की प्राप्ति में सहायक होता है।

**आम:-** आम दान करने से ग्रहों की शांति होती है और धन लाभ होता है। आम का दान सूर्योदय के समय या ब्रह्म मुहूर्त में करना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। आम वैशाख माह में प्रमुख मौसमी फल होता है, और इसका दान करने से सामाजिक सद्भाव और समर्पण की भावना बढ़ती है।

**वस्त्र :-** वस्त्र दान करने से पुण्य की वृद्धि होती है और गरीबों का भला होता है। वस्त्र दान से व्यक्ति के बुरे कर्मों का नाश होता है और अच्छे कर्मों का फल मिलता है। इसे अगले जन्म में भी शुभ परिणाम देने वाला माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वस्त्र दान करने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और धन में वृद्धि होती है।

# बौद्ध धर्म में इस वृक्ष का है खास महत्व वैज्ञानिक करते हैं देखरेख

## हर साल लाखों रुपए होते हैं खर्च

बिहार के गया में एक ऐसा पीपल का वृक्ष है जिसके देखरेख में प्रत्येक साल लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। हर साल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून से वैज्ञानिक आते हैं और इस पेड़ की स्वास्थ्य जांच करते हैं। यह पेड़ गया के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में है। कहा जाता है कि इसी पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह जगह बौद्ध धर्म के लिए सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है। इसी जगह भगवान बुद्ध ने पीपल के पेड़ के नीचे ध्यान लगाया था। गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति होने के बाद उस पेड़ को बोधि वृक्ष कहा जाने लगा। बौद्ध धर्म के लोगों के लिए बोधि वृक्ष की बड़ी महत्ता है। बौद्ध श्रद्धालु इस पेड़ से गिरे पत्ते को अपने साथ ले जाते हैं और उसकी पूजा करते हैं। पेड़ से अलग हुई टहनियों को मंदिर समिति सुरक्षित रखती है।

बोधि वृक्ष सही सलामत रहे इसके लिए देहरादून के फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट की मदद ली जा रही है। वैज्ञानिक साल में 3 से 4 बार यहां आते हैं और वृक्ष के स्वास्थ्य के अनुसार दवा का छिड़काव, सुखी टहनियों की कटाई और केमिकल लेप लगाते हैं। इसके साथ ही पत्तों पर दवा का छिड़काव किया जाता है और देखा जाता है कि पेड़ को कोई बीमारी तो नहीं लगी है। इसकी टहनियां इतनी विशाल हैं कि लोहे के 12 पिलरों से उन्हें सहारा दिया गया है। पेड के देखभाल मे हर साल लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं।



इस साल भी बोधि वृक्ष के रूटीन चेकअप के लिए देहरादून से दो वैज्ञानिक संतन बर्तवाल और शैलेश पांडे इन दिनों बोधगया आए हुए हैं। पिछले दो दिनों से बोधि वृक्ष का चेकअप किया जा रहा है। चेकअप के बाद वैज्ञानिकों ने बताया कि पेड़ पूरी तरह स्वस्थ है, पेड़ में कोई भी परेशानी नहीं है और इसकी पत्तियों का साइज भी बढ़ा है। हमलोग ने इसके तने की जांच की है किसी भी तरह की कोई बीमारी नहीं है। फिलहाल इसे किसी भी तरह की कोई ट्रीटमेंट की जरुरत नहीं है। दोनों वैज्ञानिक 17 जून तक बोधगया में रहेंगे और बोधि वृक्ष की देखरेख करेंगे।

इतिहासकारों के अनुसार महाबोधि मंदिर में स्थित बोधि वृक्ष वर्तमान में यह चौथा वृक्ष है जिसे लार्ड कनिंघम ने साल 1880 में श्रीलंका के अनुराधापुरम से लाकर लगाया था। प्रथम बोधि वृक्ष को कलिंग युद्ध के पश्चात सम्राट अशोक की बौद्ध धर्म के प्रति रुझान देखकर उनकी पत्नी तिस्यरक्षिता कुपित हो गई। उन्होंने ईसा पूर्व 272- 262 में इस वृक्ष को कटवा दिया था। दूसरे बोधिवृक्ष को बंगाल के एक शासक शशांक ने 602-620 ईसवी में बौद्ध धर्म के अस्तित्व को समाप्त करने के उद्देश्य कटवा दिया। पुनः बोधि वृक्ष की जड़ से तीसरा वृक्ष निकला लेकिन लार्ड कनिंघम के नेतृत्व में खुदाई के दौरान प्राकृतिक आपदा का शिकार हो गया। तब श्रीलंका के अनुराधा पुरम से बोधि वृक्ष की शाखा मंगवाकर वर्ष 1880 में यहां लगाई गई वह आज भी मौजूद है।

# मई में बन रहा है ट्रिपल त्रिग्रही योग इन राशियों पर बरसेगा अपार धन




ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मई 2024 में ग्रहों की चाल कुछ खास योग बना रही है । इस महीने में बुध, शुक्र और गुरु ग्रह वृषभ राशि में गोचर करेंगे। इन तीन ग्रहों का गोचर एक साथ होना ट्रिपल त्रिग्रही योग के नाम से जाना जाता है। यह योग सभी राशियों को प्रभावित करेगा, लेकिन कुछ राशियों के लिए यह विशेष रूप से लाभकारी होगा। यह योग 17 मई से 20 मई तक वृषभ राशि में बनेगा। इस दौरान बुध, शुक्र और गुरु ग्रह एक साथ विराजमान रहेंगे। इस दुर्लभ योग का प्रभाव कुछ राशियों पर विशेष रूप से सकारात्मक पड़ेगा।

## इन राशियों पर बरसेगा अपार धन

वृषभ राशि यह योग वृषभ राशि के लिए बहुत ही शुभ है। इस राशि के जातकों को धन, करियर, और व्यापार में बड़ी सफलता मिल सकती है। नए अवसरों की प्राप्ति हो सकती है और आय में वृद्धि हो सकती है। इस दौरान इन जातकों को धन प्राप्ति के कई अवसर प्राप्त होंगे। व्यवसाय में वृद्धि होगी और नए अवसर मिलेंगे। नौकरी करने वाले जातकों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि मिल सकती है।

**कर्क राशि :-** कर्क राशि के जातकों को भी इस योग से लाभ होगा। इस राशि के जातकों को नौकरी में प्रमोशन या कार्यक्षेत्र में बदलाव मिल सकता है। व्यवसाय में भी वृद्धि हो सकती है। इस योग से धन लाभ होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। व्यवसाय में लाभ होगा और निवेश से मुनाफा होगा।

**तुला राशि :-** तुला राशि के जातकों को भी इस योग का लाभ मिलेगा। इस राशि के जातकों को धन प्राप्ति के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं और नया व्यवसाय शुरू करने का अच्छा समय हो सकता है। ट्रिपल त्रिग्रही योग से आय में वृद्धि होगी और अचानक धन प्राप्ति के योग बनेंगे। व्यवसाय में नई सफलताएं मिलेंगी और नए अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन राशि :-** मीन राशि के जातकों को भी इस योग से लाभ होगा। इस राशि के जातकों को करियर में तरक्की मिल सकती है। व्यवसाय में भी वृद्धि हो सकती है और धन प्राप्ति के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस योग से आर्थिक लाभ तो होगा ही साथ ही रुके हुए कार्य पूरे होंगे और नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। व्यवसाय में लाभ होगा और निवेश से मुनाफा होगा।

अन्य राशियों पर भी इस योग का प्रभाव होगा, लेकिन उपरोक्त राशियों को विशेष रूप से लाभ होगा।


इस योग का लाभ उठाने के लिए कुछ उपाय भी ज्योतिष्शास्त्र में बताए गए हैं। इन राशियों के जातक इस योग का लाभ उठाने के लिए लक्ष्मी जी और गणेश जी की पूजा कर सकते हैं।

दान पुण्य कर सकते हैं और सबसे जरूरी है कि नकारात्मक विचारों से जितना हो सके उतना दूर रहें। मेहनत और लगन से काम करें। यह योग उन लोगों के लिए भी शुभ है जो नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, नौकरी की तलाश में हैं, या अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करना चाहते हैं।

असफलता से डरे बिना अपनी योजनाओं पर काम करते रहें और सकारात्मक सोच रखें।

*19 की उम्र में डेब्यू, इंटीमेट सीन से हिट हुई फिल्म, तो दोगुनी कर दी अपनी फीस*

# नेशनल क्रश बनी अनुपमा परमेश्वरन



पिछले कुछ सालों से फिल्म इंडस्ट्री की हसीनाओं के लिए एक खास टर्म का इस्तेमाल किया जाता है जो है नेशनल क्रश । अब तक श्रद्धा कपूर से लेकर रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी लोगों की नेशनल क्रश बन चुकी हैं, लेकिन अब इस लिस्ट में एक और हसीना की एंट्री हो गई है जो इन दिनों खास वजह से सुर्खियों में छाई हुई हैं साल 2023 में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज के बाद तृप्ति डिमरी को नेशनल क्रश कहा जाने लगा था। मूवी में उनके इंटीमेट सीन्स और अदाकारी की खूब चर्चा हुई। लोगों ने सोशल मीडिया पर तृप्ति को ढूंढ-ढूंढकर फॉलो किया। अब साल 2024 में लोगों को अपनी नई नेशनल क्रश मिल गई है। हालांकि, वह बॉलीवुड से नहीं बल्कि साउथ सिनेमा से हैं। हम जिस खूबसूरत हसीना की बात कर रहे हैं उनका नाम है अनुपमा परमेश्वरन। वह लगभग एक दशक से मलायलम, तमिल और तेलुगु फिल्मों मे एक्टिव हैं। उन्होंने साल 2015 में महज 19 की उम्र में मलयालम फिल्म प्रेमम से डेब्यू किया था। इसके बाद वह कोडी, रक्षासुदु और कार्तिकेय 2 जैसी कई फिल्मों में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुकी हैं। साल 2024 में अनुपमा परमेश्वरन की तेगुलु फिल्म टिल्लू स्कायर रिलीज हुई, जिसने इंडस्ट्री में उनके कद को और ऊंचा कर दिया। यह उनके करियर की सबसे बड़ी हिट मूवी साबित हुई। 40 करोड़ के बजट में बनी टिल्लू स्कायर ने दुनियाभर में 130 करोड़ का बिजनेस किया है। टिल्लू स्कायर में सिद्धू जोन्नालगड्डा के साथ अनुपमा परमेश्वरन की केमिस्ट्री छा गई। इस मूवी में किसिंग और इंटीमेट सीन्स देकर अनुपमा परमेश्वरन ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर फिल्म की रिलीज के बाद एक्ट्रेस के इंटीमेट सीन्स वाले कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं। वह देश की नई नेशनल क्रश बन गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अनुपमा परमेश्वरन ने टिल्लू स्कायर की सक्सेस के बाद अपनी फीस बढ़ा दी है। अब वह पहले की अपेक्षा मेकर्स से दोगुनी फीस वसूल रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अनुपमा परमेश्वरन पहले 1 करोड़ फीस लेती थीं, लेकिन अब उन्होंने अपनी फीस बढ़ाकर 2 करोड़ कर दी है। इन दिनों अनुपमा परमेश्वरन के सामने फिल्मों की लाइन लगी हैं। वह हनुमान फेम डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की फिल्म ऑक्टोपस में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास ध्रुव विक्रम की बाइसन और जेएसके जैसी फिल्में हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अनुपमा परमेश्वरन का ऑफिशियल अकाउंट है, जहां पर उन्हें 16 मिलियन यानी 1। 6 करोड़ लोग फॉलो करते हैं। अनुपमा परमेश्वरन अक्सर अपनी फोटोज और वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं, जिन्हें उनके फैंस बहुत पसंद करते हैं।

# पिंक आउटफिट में लगीं कमाल हीरों से बना हेडपीस है खास



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 का धमाकेदार आगाज फ्रांस में 14 मई को हुआ है। इस फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में इंटरनेशनल सेलेब्स ने शिरकत की। इस मौके पर कई बड़े स्टार्स को कान्स 2024 के रेड कार्पेट पर देखा गया। यहां 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में नजर आईं एक्ट्रेस दीप्ति साधवानी को कातिलाना अवतार में देखा गया। तो वहीं उर्वशी रौतेला ने भी जलवे बिखेरे।

कान्स 2024 में पहुंचीं उर्वशी

उर्वशी रौतेला एक बार फिर कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने पहुंचीं। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में उर्वशी का अलग अंदाज देखने को मिला। हर साल कान्स में उर्वशी रौतेला अलग लुक्स में देखा जाता है। उर्वशी अक्सर ही अपने आउटफिट से फैंस और मीडिया को चौंकाती हैं। अब उन्हें फैशन डिजाइनर खालिद और मरवान के बनाए खूबसूरत गाउन को पहने देखा गया।

उर्वशी को रेड कार्पेट पर हॉट पिंक कलर की कॉर्सेट ड्रेस पहने देखा गया। ड्रेस के शोल्डर पर फ्लफी शियर मटेरियल से डिजाइन बना हुआ था। थाई हाई स्लिट के साथ ये आउटफिट बेहद सेक्सी लग रहा था। अपनी ड्रेस के साथ उर्वशी रौतेला ने मैचिंग हेडपीस पहना था, जिसमें बड़े डायमंड जड़े थे और उनके हाथों में मैचिंग ग्लव्स थे। ग्लव्स के अलावा एक्ट्रेस ने डायमंड ब्रेसलेट भी पहने थे।

उर्वशी रौतेला अपने इस लुक में किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। हालांकि उन्हें देखकर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का कान्स 2018 का लुक भी याद आ रहा है। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2018 में दीपिका पादुकोण ने आशी स्टूडियो के समर/स्प्रिंग 2018 कलेक्शन के हॉट पिंक कलर के ओरिगामी गाउन को पहना था। उर्वशी का ये नया लुक दीपिका के उस लुक की याद दिला रहा है।

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने 75वें कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपना डेब्यू किया था। 2022 में हुए इस इवेंट में उनके अलग-अलग लुक्स ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इसके बाद 2023 में भी उर्वशी रौतेला ने कान्स के रेड कार्पेट पर गजब ढाया। अब एक बार फिर एक्ट्रेस की वापसी फिल्म फेस्टिवल में हो गई है। फैंस को उर्वशी रौतेला का नया लुक खूब भा रहा है। ऐसे में उनकी तारीफ हो रही है।

## कैंसर से जूझ रही राखी सावंत?

### पूर्व पति ने किया अहम खुलासा, सीने और पेट में दर्द के बाद अस्पताल में चल रहा इलाज



बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत को बीते रोज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राखी सावंत ने पेट और सीने में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा है। अब राखी सावंत के एक्स हसबैंड रितेश राज ने अहम खुलासा किया है। रितेश राज ने बताया कि राखी सावंत को कैंसर हो सकता है।

हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि डॉक्टर्स ने नहीं की है। लेकिन टेस्ट किए गए हैं। जिनकी रिपोर्ट्र्स आना अभी बाकी है। रितेश ने बताया कि अस्पताल में भर्ती के बाद डॉक्टर्स को पता चला है कि राखी सावंत 'यूट्रस' (ीिंर्शीी) में ट्यूमर पाया गया है। डॉक्टर्स इसकी जांच कर रहे हैं। शुरुआती जांच में ये बताया जा रहा है कि राखी सावंत को कैंसर हो सकता है। हालांकि डॉक्टर्स अभी इसकी जांच कर रहे हैं। अभी तक इसको लेकर डॉक्टर्स ने पुष्टि नहीं की है।

राखी सावंत ने मंगलवार को अपने सीने और पेट में दर्द की शिकायत की थी। जिसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल में भर्ती किया गया था। राखी सावंत के पेट में बेहताशा दर्द उठ रहा था। जिसके बाद डॉक्टर्स इसकी जांच कर रहे हैं। रितेश राज ने छ्शुी18 को दिए इंटरव्यू में इसका खुलासा किया है। रितेश ने फैन्स ने भी राखी सावंत के जल्द ठीक होने की दुआ मांगने की अपील की है। रितेश ने कहा कि राखी ने खुद की पर्सनालिटी ऐसी बनाई है कि उन्हें कोई सीरियस नहीं लेता। लेकिन राखी इस समय संकट से गुजर रही हैं।

## क्रिकेट वाली नेट या फिर उर्फी वाला अंदाज

### जान्हवी कपूर के स्कर्ट देख लोग हो गए कन्फ्यूज



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। 31 मई को रिलीज हो रही इस फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ राजकुमार राव नजर आने वाले हैं। जान्हवी कपूर अपनी फिल्मों के साथ अपने फैशन और खूबसूरती को लेकर भी खूब वायरल रहती हैं। जान्हवी कपूर के पीछे अक्सर ही पैपराजी घूमते नजर आते हैं।

जान्हवी कपूर अब फिर से सोशल मीडिया पर छा गईं हैं। जान्हवी कपूर का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर जमकर वायरल है। इस वीडियो में जान्हवी कपूर ने नेट वाली स्कर्ट पहनी हुई थी। इस स्कर्ट को देखकर फैन्स भी पहले कन्फ्यूज हो गए। लोगों ने जान्हवी को पहले उर्फी जावेद समझ लिया। फैन्स ने वीडियो के कमेंट सेक्शन में जाकर जान्हवी की ड्रेस को उर्फी जावेद की तरह फैशन वाला स्कर्ट भी बता दिया।

जान्हवी कपूर हाल ही में एक ईवेंट में हिस्सा लेने पहुंची थीं। यहां जान्हवी कपूर को देख पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और फोटो लेने लगे। जान्हवी कपूर ने एक पैपराजी से उनका हाल भी पूछा और उनकी गर्लफ्रेंड के बारे में भी खबर ली। जान्हवी कपूर ने इस दौरान अतरंगी फैशन भी दिखाया।

जान्हवी कपूर ने सफेद शर्ट, हरा स्कर्ट पहना हुआ था। स्कर्ट के ऊपर जान्हवी ने नेट भी पहना हुआ था। अब जान्हवी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है।

## धनुष की रायन का फर्स्ट सिंगल अडंगाथा असुरन आउट




साउथ मेगास्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म रायन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म सिनेमाघरों में जून 2024 को रिलीज होगी। तब तक मेकर्स भी फैंस की एक्साइटमेंट को बरकरार रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट सिंगल अडंगाथा असुरन रिलीज कर दिया है। जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। हाल ही में धनुष ने रायन का धांसू पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की थी। इसके साथ ही उन्होंने बताया था कि फिल्म का फर्स्ट सिंगल 9 मई को रिलीज किया जाएगा। तभी से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मेकर्स ने ऑफिशियली पोस्टर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा था, अब डी वॉल्यूम बढ़ाने का टाइम आ गया है। रायन का पहला सिंगल 9 मई को आ रहा है। रायन जून 2024 में सिनेमाघरों में आएगी। अब तक मेकर्स ने फैंस को बताया था कि रायन जून 2024 में रिलीज होगी। लेकिन फर्स्ट सिंगल के साथ ही मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। धलुष की रायन सिनेमाघरों में 13 जून 2024 को दस्तक देगी। मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, रायन का फर्स्ट सिंगल अडंगाथा असुरन आउट नाउ, रायन सिनेमाघरों में जून 2024 को आएगी।

## चाहेंगे तुम्हें इतना की स्वाति शर्मा ने अपनी मां से मिली सीख को किया साझा

चाहेंगे तुम्हें इतना में आशी की भूमिका के लिए मशहूर एक्ट्रेस स्वाति शर्मा ने अपनी मां से मिली कुछ सीख साझा की, जिससे उनके एक्टिंग करियर में काफी मदद मिली।स्वाति ने कहा, काम के प्रति मेरा जुनून मेरी मां से आता है, जिन्होंने मुझे वह करना सिखाया जो मुझे सचमुच पसंद है। अपने जुनून के प्रति उनका समर्पण मुझे अपने काम के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है।एक्ट्रेस ने उदाहरण देते हुए याद किया कि एक बार उनकी मां ने दूसरों की आलोचना के बावजूद साड़ी के बजाय सलवार कमीज पहनने का फैसला किया था।जिस चीज में वह सहज महसूस करती थी उसे अपनाने की उनकी हिम्मत ने मुझे अपने प्रति सच्चा रहना और नकारात्मकता को नजरअंदाज करना सिखाया। चाहे कुछ भी हो, मैं हमेशा वही करती हूं जो मुझे लगता है कि मेरे लिए सही है, उनके मूल्यवान सीख के लिए धन्यवाद।स्वाति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि त्याग शब्द का इस्तेमाल मां के कामों को बताने के लिए करना ठीक होगा, क्योंकि मेरे पिता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया था कि उन्हें अपनी इच्छाओं को कभी नहीं छोडऩा पड़े।



## बॉर्डर 2 बनेगी भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी वॉर ड्रामा फिल्म, रिलीज तारीख भी आई सामने

जब से फिल्म बॉर्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 बनने का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। वे फिल्म के हर छोटे-बड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए हैं।खबरें थीं कि इस फिल्म के लिए सनी देओल और आयुष्मान खुराना साथ आ रहे हैं और नई जानकारी के मुताबिक, फिल्म में दोनों की एंट्री पक्की हो गई है। इसी के साथ रिलीज से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है।आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी बॉर्डर 2।रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूषण कुमार और जेपी दत्ता ने बॉर्डर 2 को गणतंत्र दिवस, 2026 में रिलीज करने की योजना बनाई है। वे 23 जनवरी, 2026 को इसे दर्शकों के बीच लाने की तैयारी में हैं। 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस की छुट्टी होगी। लिहाजा फिल्म देखने ज्यादा से ज्यादा दर्शक पहुंचेंगे।निर्माताओं को लगता है



कि भारतीय सैनिकों की बहादुरी का जश्न मनाने वाली इस फिल्म की रिलीज के लिए इससे बेहतर समय कोई नहीं हो सकता।रिपोर्ट में कहा गया है कि आयुष्मान ने फिल्म साइन कर ली है। सनी जहां इसमें दोबारा मेजर कुलदीप सिंह चौधरी की दमदार भूमिका अदा करेंगे, वहीं आयुष्मान भी एक शानदार भूमिका के साथ दर्शकों के बीच दस्तक देने वाले हैं। उनकी भूमिका सनी से कमतर नहीं होगी।अनुराग सिंह इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं।निर्माता-निर्देशक बॉर्डर 2 के रूप में भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी वॉर ड्रामा फिल्म बनाने वाले हैं।बॉर्डर 1997 में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। खास बात यह है कि बॉर्डर को 2026 में 29 साल पूरे हो रहे हैं। यह फिल्म 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित थी। इस फिल्म में सनी के साथ सुनील शेट्टी और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिका में नजर आए थे।फिल्म देशभक्ति से लबरेज थी। 10 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 65 करोड़ रुपये की कमाई की थी।सनी फिल्म लाहौर 1947 में भी नजर आएंगे।

संपादकीय

# आम आदमी पार्टी और विवादों का इतिहास

**राजनीतिक** बदलाव और शुचिता के सपने दिखाकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी के साथ ऐसे विवादों की शृंखला जुड़ गई है, जो उसे अन्य राजनीतिक दलों से भी पीछे पहुंचा देती है। अभी नवीनतम प्रकरण मुख्यमंत्री के आवास पर महिला नेता के साथ मारपीट और बदसलूकी का है। यह कोई साधारण महिला नेता के साथ हुआ घटनाक्रम नहीं है अपितु राज्यसभा सांसद का मामला है। सांसद स्वाति मालीवाल पार्टी की समर्पित नेता हैं। जरा सोचिए, आम आदमी पार्टी में किस प्रकार का वातावरण है कि एक समर्पित नेता एवं राज्यसभा सांसद ही सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को इतनी ताकत कहाँ से मिली होगी कि उन्होंने स्वाती मालीवाल जैसी वरिष्ठ नेता के साथ बदसलूकी करने का दुस्साहस दिखाया? यह एक गंभीर मामला है, इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। पहले तो इस घटना पर पर्दा डालने का प्रयास हुआ लेकिन स्वाती मालीवाल द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला हाथ से निकल गया, तब आआपा की ओर से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लीपा-पोती करने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सामने आकर माफी माँगनी चाहिए। उनके आवास पर, उनके ही निजी सचिव ने एक महिला नेता का अपमान किया है। संजय सिंह ने कहा है कि "यह बहुत ही निंदनीय घटना है। पार्टी ने इस मामले में संज्ञान लिया है। हम कठोर कार्रवाई करेंगे"। देखना होगा कि दुनियाभर में महिलाओं के सम्मान की बात करनेवाले अरविंद केजरीवाल अपने ही घर में महिला सांसद के साथ हुई मारपीट के मामले में कब तक कठोर कार्रवाई करते हैं? फिलहाल तो उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की चुप्पी ही बहुत सारी कहानियों को जन्म दे रही है। उल्लेखनीय है स्वाती मालीवाल के साथ अभद्रता करनेवाले विभव कुमार और मुख्यमंत्री केजरीवाल की दोस्ती वर्षों पुरानी है। साल 2015 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बने विभव कुमार लंबे समय से उनके साथ हैं। देखना होगा कि मुख्यमंत्री अपने मित्र को बचाते हैं या महिला के सम्मान में न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं? याद रखें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर मारपीट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2018 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव अंशु प्रकाश को मुख्यमंत्री आवास पर पीटा जा चुका है। मुख्य सचिव अंशु प्रकाश ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया, विधायक अमानतुल्लाह खान सहित 12 लोगों के विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया था। अपनी शिकायत में आईएएस अंशु प्रकाश ने कहा था उन्हें विज्ञापन से संबंधित एक बैठक में बुलाया गया था। इसी बैठक में विधायक अमानतुल्लाह खान समेत अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट की थी। न्यायालय ने इस मामले में अमानतुल्लाह खान और प्रकाश जारवाल को दोषी ठहराया था जबकि बाकी सभी लोगों को बरी कर दिया था। यह दो प्रकरण बताते हैं कि आआपा ने एक अलग प्रकार का कार्य वातावरण बना दिया है, जहाँ कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी से लेकर राज्यसभा सांसद तक के साथ मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट की जा सकती है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। यह एक तरह की अराजकता है। स्मरण रहे कि अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पार्टी पर पूर्व में अराजकता बढ़ावा देने के आरोप भी लगते रहे हैं।

> आम आदमी पार्टी के साथ ऐसे विवादों की शृंखला जुड़ गई है, जो उसे अन्य राजनीतिक दलों से भी पीछे पहुंचा देती है। अभी नवीनतम प्रकरण मुख्यमंत्री के आवास पर महिला नेता के साथ मारपीट और बदसलूकी का है। यह कोई साधारण महिला नेता के साथ हुआ घटनाक्रम नहीं है अपितु राज्यसभा सांसद का मामला है। सांसद स्वाति मालीवाल पार्टी की समर्पित नेता हैं। जरा सोचिए, आम आदमी पार्टी में किस प्रकार का वातावरण है कि एक समर्पित नेता एवं राज्यसभा सांसद ही सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को इतनी ताकत कहाँ से मिली होगी कि उन्होंने स्वाती मालीवाल जैसी वरिष्ठ नेता के साथ बदसलूकी करने का दुस्साहस दिखाया? यह एक गंभीर मामला है, इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। पहले तो इस घटना पर पर्दा डालने का प्रयास हुआ लेकिन स्वाती मालीवाल द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला हाथ से निकल गया, तब आआपा की ओर से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लीपा-पोती करने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सामने आकर माफी माँगनी चाहिए। उनके आवास पर, उनके ही निजी सचिव ने एक महिला नेता का अपमान किया है। संजय सिंह ने कहा है कि "यह बहुत ही निंदनीय घटना है। पार्टी ने इस मामले में संज्ञान लिया है। हम कठोर कार्रवाई करेंगे"।

## केंद्र ने राज्यों को आईसीयू में भर्ती ब्रेन स्टेम डेड मरीजों के लिए दिए निर्देश

# अंगदान बढ़ाने का उचित प्रयास

प्रमोद भार्गव

> केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि राज्यों के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कक्षों में मृत मस्तिष्क कोशिका (ब्रेन स्टेम डेड) संबंधी जो मरीज हैं, उन्हें निगरानी में लेने की जरूरत है। ऐसे मरीजों के रोग का उचित सत्यापन नहीं होने के कारण देश में अंगदान की दर कम बनी हुई है। क्योंकि फिलहाल 10 लाख लोगों में से केवल एक व्यक्ति अंगदान कर पा रहा है। अतएव मृत स्तंभ कोषिका वाले मरीजों और अंग प्रत्यारोपण की जरूरत रखने वाले रोगियों को आपस में जोड़कर अंगदान की एक मजबूत प्रणाली विकसीत करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को 'मानव अंग प्रत्यारोपण ऊतक अधिनियम 1994' के अंतर्गत अंजाम दिया जाएगा।

**अंगदान** महादान है, इस दिशा में सार्थक भागीरथी प्रयास करते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि राज्यों के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कक्षों में मृत मस्तिष्क कोशिका (ब्रेन स्टेम डेड) संबंधी जो मरीज हैं, उन्हें निगरानी में लेने की जरूरत है। ऐसे मरीजों के रोग का उचित सत्यापन नहीं होने के कारण देश में अंगदान की दर कम बनी हुई है। क्योंकि फिलहाल 10 लाख लोगों में से केवल एक व्यक्ति अंगदान कर पा रहा है। अतएव मृत स्तंभ कोषिका वाले मरीजों और अंग प्रत्यारोपण की जरूरत रखने वाले रोगियों को आपस में जोड़कर अंगदान की एक मजबूत प्रणाली विकसीत करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को 'मानव अंग प्रत्यारोपण ऊतक अधिनियम 1994' के अंतर्गत अंजाम दिया जाएगा। केंद्र सरकार अंग प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए एक राष्ट्र एक नीति लागू करने का प्रविधान करने की कोषिष में भी है। अंगदान और उसका प्रत्यारोपण देश के किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है। भारत सरकार ने निवास प्रमाण-पत्र की बाध्यता को हटाते हुए उम्र की सीमा की बाध्यता भी खत्म कर दी है। अंग प्राप्त करने के लिए अब जरूरतमंद रोगी किसी भी राज्य में अपना पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण के लिए अब मरीजों से कोई शुल्क भी नहीं लिया जाता। मालूम हो तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल जैसे राज्य अंगदान के पंजीकरण के बहाने पांच हजार से 10 हजार रुपए के बीच षुल्क ले रहे थे। केंद्र सरकार द्वारा बदले नियमों के बाद अब 65 साल और उससे अधिक उम्र के मरीज भी मृतकदाता से अंग प्राप्त करने हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। राश्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की वेबसाइट पर सभी दिषा-निर्देष उपलब्ध हैं। बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है, जिसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए जरूरी है कि स्तंभ कोषिकाओं के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाया जाए। भारत में मिलावटी खान-पान और सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों के जीवनदायी अंग खराब हो रहे हैं। गोया, पांच लाख लोगों की मौत अंगों की अनुपलब्धता के चलते प्रतिवर्श हो जाती है। दो लाख यकृत, 50 हजार ह्नदय और डेढ़ लाख लोग गुर्दा संबंधी बीमारियों से प्रति वर्ष काल के गाल में समा जाते हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कई लोग अपना गुर्दा दान देने लगे हैं। लेकिन पूरे साल में पांच हजार रोगियों को ही गुर्दा दान में मिल पाता हैं। इनमें 90



फीसदी गुर्दे महिलाओं के होते हैं। भविश्य में महिलाओं को अंगदान न करना पड़े इसके लिए अंगों का कृत्रिम तरीके से उत्सर्जन किया जाना जरूरी है। वैसे किसी स्वस्थ व्यक्ति की प्राकृतिक मृत्यु होने पर उसके अंगों से आठ लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति के यकृत, गुर्दें, आंत, अग्नाश्य, आंखें, ह्नदय और फेफड़ों जैसे अंगों के अलावा त्वचा और हड्डी के ऊतकों का दान आसानी से किया जा सकता है। मानव त्वचा से महज एक स्तंभ कोशिका (स्टेम सैल) को विकसित कर कई तरह के रोगों के उपचार की संभावनाएं उजागर हो गई हैं। माना जा रहा है कि यदि स्तंभ कोशिका मानव शरीर के क्षय हो चुके अंग पर प्रत्यारोपित करने से अंग विकसित होने लगता है। करीब दस लाख स्तंभ कोशिकाओं का एक समूह सुई की एक नोक के बराबर होता है। ऐसी चमत्कारी उपलब्धियों के बावजूद समूचा चिकित्सा समुदाय इस प्रणाली को रामबाण नहीं मानता। शारीरिक अंगों के प्राकृतिक रूप से क्षरण अथवा दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने की प्रणाली में अभी और बुनियादी सुधार लाने की जरूरत है। इधर वंशानुगत रोगों को दूर करने के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का भी दवा के रूप में इस्तेमाल शुरू हुआ है। इस हेतु गर्भनाल रक्त बैंक भी भारत समेत दुनिया में वजूद में आते जा रहे हैं। इस चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद यदि इससे प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का संरक्षण कर लिया जाए तो इनसे परिवार के सदस्यों का दो दशक बाद भी उपचार संभव है। इन कोशिकाओं का उपयोग दंपत्ति की संतान के अलावा उनके भाई-बहन तथा माता-पिता के लिए भी किया जा सकता है। गर्भनाल से निकले रक्त को शीत अवस्था में 21 साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है। लेकिन इस बैंक में रखने का शुल्क कम से कम एक-डेढ़ लाख रुपए है। ऐसे में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि गरीब लोग इन बैंकों का इस्तेमाल कर पाएंगे? सरकारी स्तर पर अभी इन बैंकों को खोले जाने का सिलसिला शुरू ही नहीं हुआ है। निजी अस्पताल में इन बैंकों की शुरुआत हो गई है और 75 से ज्यादा बैंक अस्तित्व में आकर कोशिकाओं के संरक्षण में लगे हैं। इस पद्धति से जिगर, गुर्दा, ह्रदय रोग, मधुमेह और स्नायु जैसे वंशानुगत रोगों का इलाज संभव है। महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले जिस रक्त को रिवाजों के मुताबिक अशुद्ध माना जाता है, उसमें दरअसल जीवन को निरोगी और दीर्घायु बनाने की क्षमता पाई गई है। नए शोधों से पता चला है कि इस रक्त में स्तंभ कोशिकाएं प्रचुर मात्रा में होती हैं। जिनका उपयोग अनेक बीमारियों में किया जा सकता है। मुबंई में इन कोशिकाओं के संरक्षण की दृष्टि से 'मेन्स्टुअल स्टेम सेल' बैंक भी शुरू हो चुका है। शोधों से पता चला है कि रजस्वला स्त्री के रक्त से मिलने वाली स्तंभ कोशिकाओं में सफलता की संभावना अस्थि मज्जा से निकाली गई कोशिकाओं की बनिस्वत सौ गुना अधिक होती है। इनके संग्रह के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ की भी जरूरत नहीं होती। महिलाएं माहवारी के समय एक किट में रक्त को एकत्रित करके किट बैंक में जमा करा सकती हैं। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण भी शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला ने अपनी मां के गर्भाशय का प्रत्यारोपण कराकर बच्ची को जन्म दिया है। रियो-डि-जेनेरियो में तो एक मृत महिला के गर्भाशय का प्रत्यारोपण 32 वर्षीय महिला के शरीर में कराकर एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। महिलाओं की इस विलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार माना जा रहा है। लेकिन स्तंभ कोशिकाओं से उपचार की ये प्रणालियां अभी शैशव अवस्था में हैं। उपचार भी महंगा है। इस कारण जिगर और गुर्दे की बीमारियों को प्रत्यारोपण के जरिए ही दूर करने की सबसे ज्यादा मांग है। इसकी आपूर्ति के लिए सरकार की कोशिश है कि शवों (दिमागी तौर पर मृत लोगों के शव) से अंग प्राप्त किए जाएं। यह प्रत्यारोपण के लिए अंगों की आपूर्ति का सबसे अच्छा माध्यम है, जिसे लोगों में जागरूकता पैदा करके पूरा किया जा सकता है। देश में हर साल 50 हजार लोग ह्रदय प्रत्यारोपण के इंतजार में रहते हैं। इनमें से महज 10-15 लोगों का ही ह्रदय प्रत्यारोपण हो पाता है। देश में अंग प्रत्यारोपण के जरूरतमंद लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस पर मुस्लिमों को आरक्षण व संपत्ति देने का आरोप और सच

**मुस्लिम** आरक्षण इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि वह अनुसूचित जाति - जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण हटाकर मुसलमान को देना चाहती है। कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष और भाजपा विरोधी कह रहे हैं कि मोदी और भाजपा देश में हिंदू मुस्लिम के नाम पर चुनाव में ध्रुवीकरण चाहते हैं जो सरेआम सांप्रदायिककरण है। अगर चुनाव में किसी संप्रदाय पर हमला किया जाए या उसके विरुद्ध दूसरे संप्रदाय को भड़काया जाए तो यह सांप्रदायिकता की श्रेणी में आएगा और इसके लिए चुनाव कानून ही नहीं सामान्य कानूनों में भी मुकदमा चलाने तथा सजा देने का प्रावधान है। प्रश्न है कि क्या प्रधानमंत्री ने जो आरोप लगाया उसे चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने का षड्यंत्र मान लिया जाए या उसके पीछे तथ्य भी हैं? कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता प्रधानमंत्री पर हमले कर रहे हैं किंतु यह कहने को तैयार नहीं है कि वह मुसलमानों को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस यह भी स्पष्ट नहीं करती कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण के विरुद्ध है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वचन देते हुए यह सुनिश्चित करने की घोषणा करती है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले तो इसलिए मंशा पर प्रश्न उठता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि है। कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुसलमानों को आरक्षण देने की पहल की है। चूंकि धर्म के आधार पर आरक्षण मान्य नहीं था, इसलिए अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण में से ही कर्नाटक में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया। केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान आंध्रप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने का कानून बना दिया। यह विषय सुप्रीम कोर्ट तक गया और कांग्रेस के सभी नामी वकीलों ने इसमें पैरवी की। आज भी अनुसूचित जनजाति से धर्म परिवर्तन कर मुसलमान या ईसाई बनने वालों को आरक्षण का लाभ मिलता है। वे अल्पसंख्यक होने का भी लाभ पाते हैं और अनुसूचित जनजाति का भी। कांग्रेस यह तो कह रही है कि इसमें मुस्लिम शब्द कहीं नहीं है पर अल्पसंख्यक का अर्थ क्या है? यूपीए सरकार के दौरान मुसलमानों को आरक्षण कांग्रेस की नीति में शामिल हुआ। मनमोहन सरकार ने सत्ता में आने के बाद सच्चर समिति गठित की, जिसने अपनी रिपोर्ट में मुसलमानों की स्थिति की भयावह तस्वीर पेश किया और उनके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के नाम पर अनेक अनुशंसाएं की। इनमें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण भी शामिल था। सच्चर समिति की अनुशंसाओं के आलोक में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा समिति का गठन हुआ जिसने पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति जनजाति से धर्म परिवर्तन करने के बावजूद मुसलमानों को आरक्षण देते रहने की सिफारिश की। यही नहीं उसने पिछला वर्ग के 27 प्रतिशतों के आरक्षण में से मुसलमान को देने की सिफारिश की। 30 नवंबर 2006 को सच्चर समिति की सिफारिशें सरकार को प्राप्त हुई और तत्कालीन प्रधानमंत्री पमनमोहन सिंह ने 9 दिसंबर 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक के भाषण में कहा कि 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ ही एससी/एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों का उत्थान है। हमें ऐसी नई योजनाएं बनानी होंगी, जिनसे अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिल सके। देश के संसाधनों पर उनका पहला हक होना चाहिए।' कांग्रेस पार्टी की धारणा यही थी कि मुस्लिम मत खिसकने के कारण ही विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में हाशिए पर गई और उसकी जगह सपा, बसपा, राष्ट्रीय जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने ले लिया। कांग्रेस को फिर से अपना स्थान बनाना है तो उसे स्वयं को मुस्लिमपरस्त दिखाना होगा। इस कारण उस दौरान मुसलमानों के लिए सरकार की नीतियों में जबरदस्त ढांचा तैयार हुआ। अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन हुआ। तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभियान इसी कड़ी का अंग था जिसमें तीस्ता शीतलवाड को हर तरह से मदद दी गई। 2014 लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक एक दिन पहले मनमोहन सरकार ने 5 मार्च, 2014 को दिल्ली की 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड के हवाले कर दिया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने 27 फरवरी, 2014 को राष्ट्रीय राजधानी में इन प्रमुख संपत्तियों पर दावा किया था।

कुछ अलग

# केजरीवाल की कवायद के मायने

**जब** से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है, तब से ही अटकलों का बाजार गरम है कि विशेषकर दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के चुनावी नतीजों पर आप संयोजक का प्रचार अभियान क्या असर डालेगा? दिल्ली और हरियाणा में एक साथ 25 मई को मत डाले जाएंगे, जबकि पंजाब में 1 जून को चुनाव होगा। आम आदमी पार्टी बीते कुछ समय से तेजी से उभर रही थी। खासतौर से 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद कई हलकों में ऐसा लग रहा था कि 2024 के आम चुनाव में वह मजबूती से सामने आएगी। इसकी एक वजह यह भी थी कि दिसंबर, 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन न करने के बावजूद उसे 15 प्रतिशत के आसपास मत मिले थे। मगर 2023 के विधानसभा चुनावों से जो राजनीतिक परिदृश्य बना, उससे पंजाब और दिल्ली को छोड़कर शेष जगहों पर आप के प्रति आकर्षण कम नजर आया। दिल्ली में यह दल 2015 से ही अनवरत सत्ता में है, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में वह तीसरे नंबर की पार्टी थी। हालांकि, 2023 के दिल्ली निगम चुनावों में उसने जीत दर्ज की है। वहीं, पंजाब में 2019 के आम चुनाव में उसे महज एक सीट मिली थी, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए उसने 42 फीसदी मत हासिल किए और सरकार भी बनाई। अभी वह पंजाब में सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसका वहां किसी दल से समझौता नहीं है। जबकि, शेष भारत में वह 'इंडिया ब्लॉक' से साथ है। दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन संसदीय सीटों पर लड़ रही है, जबकि हरियाणा में यह अनुपात एक और नौ का है। ऐसे में, सवाल प्रासंगिक है कि इन राज्यों में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी या अंतरिम जमानत से क्या कोई असर पड़ने वाला है? निस्संदेह, केजरीवाल की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है, खासकर दिल्ली और पंजाब में। जमानत पर बाहर आने के बाद से वह लगातार रैलियां कर रहे हैं और चुनावी हवा को अपने पक्ष में करने की कोशिश में भी हैं। उन्होंने मतदाताओं को 10 गारंटी भी दी है। हालांकि, इनमें से चार गारंटी- दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा, देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम व गरीबों को मुफ्त बिजली, हर बच्चे की मुफ्त व अच्छी शिक्षा और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक व जिले में मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल का निर्माण दिल्ली सरकार के पुराने वायदों की ही अगली कड़ी है। बाकी चार गारंटी- एक साल में दो करोड़ रोजगार, भ्रष्टाचार का अंत, कारोबारियों के लिए अच्छी व्यवस्था और स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार किसानों को फसलों के वाजिब दाम जैसे वायदे भी कमोबेश सभी दल करते ही हैं। हां, शेष दो गारंटी ऐसी जरूर है, जिस पर आप ने पहले अपने विचार नहीं रखे थे। इनमें से एक है, चीन से निपटने के लिए सेना को खुली छूट देना और दूसरी है, अग्निवीर योजना का अंत। हालांकि, आप ने भले पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर अपनी बात बतौर गारंटी रखी है, लेकिन इन मुद्दों की चर्चा भी देश की विपक्षी पार्टियां करती रही हैं। इसीलिए यह देखना होगा कि अपनी गारंटी से आप इन राज्यों में अपने पक्ष में महौल बना पाती है या नहीं? यहां कांग्रेस को लेकर उसकी दुविधा भी उल्लेखनीय है। पिछले आम चुनाव में दिल्ली का करीब 55 प्रतिशत मत भाजपा को मिला था। इस बार कांग्रेस और आप के एक साथ आ जाने से कागज पर तो यह गठबंधन मजबूत दिख रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर आपसी सामंजस्य पर सवाल उठ रहे हैं।

देश दुनिया से

# डिजिटल लेन-देन पर न लगे दाग

> 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली कहावत अब सड़क पर ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी चरितार्थ हो रही है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि डिजिटल लेन-देन खतरनाक है या इससे किनारा कर लेना चाहिए। मगर इतना साफ है कि लेन-देन जितना आसान होता जा रहा है, अपने पैसे और उससे जुड़ी जानकारी की हिफाजत उतनी ही जरूरी और मुश्किल होती जा रही है। समझने में आसानी होगी यह जानकर कि डिजिटल लेन-देन की दुनिया में जालसाजी का आलम क्या है? ट्रांसयूनियन एक इंफॉर्मेशन और इनसाइट कंपनी है। वह दुनिया भर में डिजिटल और बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले लेन-देन को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी आंकडे. जुटाती है।

**तेरी** गठरी में लागा चोर मुसाफिर जाग जरा... कबीर दास ने जब यह कहा, तो इसका अर्थ बहुत गूढ़ था। मगर सामान्य भाषा में इसका अर्थ आसान है- सावधान न रहेंगे, तो कोई आपकी गठरी या जेब साफ कर सकता है। आज चूंकि आप अमूमन अपना माल-मत्ता मोबाइल फोन में ही लेकर चलते हैं, इसलिए चोरों के लिए भी आसान हो गया है कि बिना हाथ लगाए, यानी कैशलेस अंदाज में ही वे इसे साफ कर डालें। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली कहावत अब सड़क पर ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी चरितार्थ हो रही है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि डिजिटल लेन-देन खतरनाक है या इससे किनारा कर लेना चाहिए। मगर इतना साफ है कि लेन-देन जितना आसान होता जा रहा है, अपने पैसे और उससे जुड़ी जानकारी की हिफाजत उतनी ही जरूरी और मुश्किल होती जा रही है। समझने में आसानी होगी यह जानकर कि डिजिटल लेन-देन की दुनिया में जालसाजी का आलम क्या है? ट्रांसयूनियन एक इंफॉर्मेशन और इनसाइट कंपनी है। वह दुनिया भर में डिजिटल और बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले लेन-देन को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी आंकडे. जुटाती है। दुनिया भर में लेन-देन के कारोबार में जालसाजी पर उसकी ताजा रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में जितना डिजिटल लेन-देन हुआ, उनमें से करीब पांच प्रतिशत पर जालसाजी का शक है। लेन-देन के संदिग्ध मामलों की गिनती इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले 14 फीसदी बढ़ी है।




जालसाजी की रफ्तार कितनी तेज है, इसका नमूना यह है कि 2019 से 2023 के बीच जहां कुल डिजिटल लेन-देन का काम 90 फीसदी बढ़ा, वहीं जालसाजी वाले या इसकी आशंका वाले लेन-देन में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आपके क्रेडिट कार्ड का ब्योरा चुराकर या उसकी कॉपी बनाकर ठगी करने के किस्से अब भी बंद नहीं हुए हैं। इसी तरह, किसी न किसी बहाने से फोन पर आपका ब्योरा चुराने की कोशिशें भी लगातार जारी हैं। हाल तो यह है कि अगर अपने शहर से बाहर अचानक आपका फोन खो जाए और आप किसी दूसरे नंबर से अपने दोस्तों-परिचितों से मदद मांगने की कोशिश करें, तो ज्यादातर मामलों में उन्हें पहले शक होता है कि कोई जालसाज खेल तो नहीं कर रहा? आपके फेसबुक अकाउंट या वाट्सएप को हैक करके या उसका क्लोन बनाकर आपके नाम पर लोगों से पैसे मांगने वाली ठगी का कारोबार भी जोरों पर है। भारत डिजिटल लेन-देन के मामले में दुनिया में अगली कतार में खड़े देशों में शामिल है। यूपीआई से लेन-देन की शुरुआत 2016 में हो गई थी, लेकिन खासकर नोटबंदी और कोरोना के बाद इसमें जबर्दस्त तेजी आई है। 2023 में भारत में यूपीआई के जरिये होने वाले लेन-देन की गिनती 117.6 अरब थी। यहां कुल मिलाकर 182 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। इसी साल जनवरी से दिसंबर के बीच यूपीआई के इस्तेमाल में 49 प्रतिशत का उछाल देखा गया और तेजी का यह सिलसिला थमा नहीं है। अनुमान है कि जल्द ही हर महीने 20 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन इस रास्ते होने लगेगा। इसमें क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग या दूसरे चैनलों से होने वाला ऑनलाइन लेन-देन शामिल नहीं है। ऐसे में, डिजिटल चोरी या जालसाजी की आशंका भी बढ़ती जा रही है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल फ्रॉड के 6,659 मामले सामने आए, जिनमें 276 करोड़ रुपये की ठगी हुई। जबकि, उससे पिछले साल 3,596 मामलों में 155 करोड़ रुपये की जालसाजी की खबर मिली थी। ध्यान रहे कि ये वही मामले हैं, जिनकी शिकायत रिजर्व बैंक तक पहुंची है। बहुत से लोग रकम गंवाने के बाद भी उसकी शिकायत करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कई मामलों में तो लोगों को ठगी की जानकारी भी नहीं हो पाती। मगर जब ऐसी जालसाजी किसी कंपनी के साथ होती है, तो उसे वह ठगी की रकम से कहीं ज्यादा महंगी पड़ती है। डिजिटल जालसाजी रोकने के कारोबार की दिग्गज कंपनी लेक्सिसनेक्सिस रिस्क सॉल्यूशंस ने 'ट्रू कॉस्ट ऑफ फ्रॉड' नाम की रिपोर्ट निकाली है, जिसमें एशिया प्रशांत क्षेत्र की तमाम कंपनियों का सर्वे करके यह हिसाब जोड़ा गया है कि जालसाजी जितनी रकम की होती है, उसके मुकाबले कंपनियों को इससे कितने की चोट पड़ती है? इसके मुताबिक, अगर कहीं एक रुपये की जालसाजी होती है, तो उसके ऊपर होने वाला कुल खर्च करीब चार गुना हो जाता है। इसमें डूबी हुई रकम के अलावा उसकी भरपायी के लिए होने वाली मेहनत, कानूनी कार्रवाई, कंपनी की साख का नुकसान और इसके साथ जुड़े छोटे-बड़े खर्च शामिल होते हैं।

आप का नजरिया

# लोकतंत्र के लिए !

**जनता** द्वारा, जनता का और जनता के लिए शासन के महास्वप्न को साथ लेकर लोकतंत्र की शासन-विधा आधुनिक युग में सबसे प्रबुद्ध, व्यावहारिक और विवेकशील सरकार चलाने की पद्धति के रूप में स्वीकार की गई है। उत्तर कोरिया और चीन जैसे देश ज़रूर इसके अपवाद हैं जहाँ भिन्न क़िस्म की शासन-व्यवस्थाएँ हैं। यह भी सही है कि जिन देशों में लोकतंत्र है सभी एक जैसे नहीं हैं। राजतंत्र और सैन्य हस्तक्षेप के विविध रूप ऐसे अनेक देशों में मिलते हैं जहां स्वतंत्रता पर पहरा है, अन्याय और असमानता है। इन भेदों के बावजूद लोकतंत्र की व्यवस्था में जनता के चुने प्रतिनिधि या सीधे जनता से चुने लोगों को शासन सँभालने की ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके मूल में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का ही आदर्श सक्रिय है। सबकी भागीदारी के लिए अवसर देना, ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ शासन चलाना, शांति और समानता के सिद्धान्तों को ज़मीनी हक़ीक़त बनाने के साथ प्रतिबद्धता लोकतंत्र की जान होती है। यह सब लोकतंत्र को मानवता की वैचारिक प्रगति के इतिहास में एक ख़ास उपलब्धि बना देता है। आज के अधिकांश विकसित देशों की कहानी में वहाँ के दर्दभरे ख़ौफ़नाक अतीत की स्मृति आज भी लोगों को टीसती रहती है। लोकतंत्र की क़ीमत अब उन्हें भलीभाँति मालूम है। लोकतंत्र की सफलता के लिए ज़रूरी है कि जनता से शासन करने के लिए मिली शक्ति की स्वीकार्यता और ठीक-ठीक पहचान बनी रहे। यह भी ज़रूरी है कि शासन में सत्ता का वितरण विकेंद्रित हो और जनता से सलाह-मशविरा भी लगातार होता रहे। इसमें नियमित रूप से जाँच और संतुलन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। चुनाव में मतदान से इसकी शुरुआत होती है, इसलिए नियमपूर्वक और समय से चुनाव होने चाहिए। नियमों और क़ानूनों का पालन होना चाहिए तथा क़ानून को ही सर्वोपरि माना जाना चाहिए। ज़रूरी यह भी है कि देश के नागरिकों के सभी मौलिक मानव अधिकारों की सुरक्षा अक्षत बनी रहे। इस सिलसिले में जीवन की, बोलने की, अभिव्यक्ति की और स्वच्छंद घूमने-फिरने की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना सरकार का बड़ा महत्वपूर्ण दायित्व बनता है। अब इस सूची में सिविल सोसाइटी और ग़ैर सरकारी संस्थाएँ (एनजीओ) की व्यवस्थाएँ भी जुड़ गई हैं। अक्सर कहा जाता है कि लोकतांत्रिक शासन के संचालन की दृष्टि से न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया चार प्रमुख आधार-स्तंभ का काम करते हैं। इनकी संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता अखंड बनी रहनी चाहिए। इसी तरह समानता, समता और बंधुत्व के सिद्धांत भी व्यापक संदर्भ का काम करते हैं जिससे अनुप्राणित हो कर ही नियम क़ानून बनाते हैं और उनका अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार एक जीवन-शैली जैसा उपाय है जो देश और समाज के स्वस्थ विकास के लिए प्रयुक्त होता है। गौर से देखें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने को सुनिश्चित करने में हर स्तर पर समाज की अधिकाधिक जन-भागीदारी होनी चाहिए।



# कई यूजर्स के फेसबुक–इंस्टाग्राम अकाउंट डाउन: फीड रिफ्रेश करने में परेशानी आ रही, दो महीने पहले भी डाउन हुआ था

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।**

सोशल मीडिया ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम 15 मई को दुनियाभर में कई यूजर्स के लिए डाउन हो गए हैं। डाउन डिटेक्टर पर सैकड़ों यूजर्स ने इन ऐप्स से जुड़ी समस्याओं को रिपोर्ट किया। यूजर्स को अपनी फीड रिफ्रेश करने में परेशानी आ रही है।

फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अभी तक आउटेज से जुड़ा कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। ये आउटेज किस कारण से हुआ है इसके कारण भी अभी साफ नहीं है। इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा इसकी भी कोई जानकारी नहीं है।

### 07.30 बजे सबसे ज्यादा यूजर्स ने परेशानी रिपोर्ट की

आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के डेटा से पता चला है कि सुबह करीब 4 बजे से यूजर्स ने आउटेज को रिपोर्ट करना शुरू किया था। सुबह 07.30 बजे सबसे ज्यादा यूजर्स ने परेशानी रिपोर्ट की। हालांकि, इसके बाद आउटेज रिपोर्ट कम हो गई।

### 5 मार्च की रात भी इंस्टाग्राम-फेसबुक डाउन हो गए थे

इससे पहले 5 मार्च की रात मेटा कंपनी के दोनों प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स को लॉगिन और फीड रिफ्रेश करने में दिक्कत आई थी। फेसबुक पर यूजर्स के अकाउंट ऑटोमैटिक लॉगआउट हो गए थे, जबकि इंस्टाग्राम पर यूजर्स नई फीड्स को रीफ्रेश नहीं कर पा रहे थे।

### 2 साल पहले 6 घंटे बंद रहे थे फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप

4 अक्टूबर 2021 को फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप प्लेटफॉर्म करीब 6 घंटे तक पूरी दुनिया में बंद रहे थे। जिसके चलते अरबों यूजर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह समस्या रात करीब 9.15 बजे सामने आई थी। इस आउटेज का असर अमेरिकी बाजार में फेसबुक के शेयरों पर भी दिखा था। कंपनी के शेयर 6 प्रतिशत तक गिर गए थे।

### 5 साल पहले साढ़े 9 घंटे डाउन रहे थे

3 जुलाई 2019 को रात आठ बजे भारत, अमेरिका समेत कई देशों में फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम डाउन रहे। करीब साढ़े 9 घंटे डाउन रहने के बाद 4 जुलाई 2019 को इन्हें ठीक कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अब 3 दिन में सेटल होगा ईपीएफ क्लेम: मेडिकल, एजुकेशन, मैरिज और हाउसिंग पर्पज के लिए ही मिलेगी सुविधा, पहले 15-20 दिन लगते थे




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि के कुछ विड्रॉल क्लेम अब केवल 3 दिन में सेटल होंगे। ईपीएफओ ने मेडिकल, एजुकेशन, मैरिज और हाउसिंग पर्पज के एडवांस क्लेम के लिए ऑटो–मोड सेटलमेंट की शुरुआत की है। इससे ह्यूमन इंटरवेंसन खत्म होगा और प्रोसेसिंग तेज होगी। अभी तक क्लेम सेटलमेंट में मोटे तौर पर 15–20 दिन का समय लगता था। ऐसा इसलिए होता था क्योंकि ईपीएफओ क्लेम सेटलमेंट से पहले ईपीएफ मेंबर की एलिजिबिलिटी, डॉक्यूमेंट, ईपीएफ अकाउंट का केवायसी स्टेटस, बैंक अकाउंट जैसी डिटेल्स को चेक करता था। अभी तक जो कंवेंशनल प्रोसेस चल रही थी उसमें अमान्य दावों को अक्सर वापस कर दिया जाता है या अस्वीकार कर दिया जाता है। अब ऑटोमेटेड सिस्टम में उन्हें स्क्रूटनी और अप्रूवल के लिए सेकेंड लेवल पर भेज दिया जाएगा, ताकि कोई भी क्लेम छूट न जाए। दस स्टेप में जानें क्लेम की पूरी प्रोसेस: यूएएन और पासवर्ड का उपयोग करके ईपीएफओ पोट ल पर लॉग इन करें। ऑनलाइन सर्विसेज पर जाना होगा और क्लेम सेक्शन चुनना होगा। बैंक अकाउंट वैरिफाई करें। प्रोसीड फॉर ऑनलाइन क्लेम पर क्लिक करें। अब एक नया पेज ओपन होगा जहां पीएम एडवांस फॉर्म 31 चुनना होगा। पीएफ के किस अकाउंट से आपको पैसा निकालना है उसे चुनना होगा। पैसा निकालने की वजह, कितना पैसा निकालना और एड्रेस भरना होगा। इस प्रोसेसि के बाद चेक या पासबुक की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करें। अब अपना कंसेंट देना होगा और इसे आधार से वैरिफाई करना होगा। क्लेम प्रोसेस होने के बाद ये एम्प्लॉयर के पास अप्रूवल के लिए जाएगा। सब्सक्राइबर ऑनलाइन सर्विस के तहत क्लेम स्टेटस देख सकता है।

### सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72,400 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 85,500 हजार रुपये के करीब थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध आज 39 रुपये की तेजी के साथ 72,336 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 71 रुपये की तेजी के साथ 72,368 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 72,393 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 72,336 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 73,958 रुपये के भाव पर शीर्ष स्तर हासिल किया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत में भी तेजी रही। एमसीएक्सा पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 104 रुपये की बढ़त के साथ 85,521 रुपये पर खुला। यह अनुबंध 123 रुपये की तेजी के साथ 85,540 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,580 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 85,500 रुपये के भाव पर निचला स्तर हासिल किया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव ने 86,126 रुपये किलो के भाव पर पहुंचे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,362.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,359.90 डॉलर था।

### रुपया बढ़त पर खुला

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में रुपये शुरुआती कारोबार में ऊपर आया। ये चार पैसे की बढ़त के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.47 पर पहुंच गया। इसके बाद विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से इसपर विपरीत प्रभाव पड़ा और इसकी तेजी पर अंकुश लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विदेशी निवेशकों द्वारा अमेरिकी मुद्रा खरीदने और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के डॉलर बेचने के बीच ही अमेरिकी डॉलर और रुपये के सीमित दायरे में रहने की संभावना है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.49 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.47 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। ये पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गत दिवस रुपया 83.51 पर बंद हुआ था। वहीं इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी नीचे आकर 104.93 पर रहा।

# बोइंग पर संकट गहराया, अमेरिका बोला– दो 737 मैक्स हादसों के लिए कंपनी पर चलाया जा सकता है मुकदमा




**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।**

पांच साल पहले हुए दो अलग–अलग बोइंग 737 मैक्स विमान हादसे में बोइंग पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन हादसों में 346 लोगों की जान गई थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारियों ने टेक्सास में एक संघीय अदालत को लिखे पत्र में कहा कि बोइंग ने एक समझौते के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन किया है, जिसके कारण दुर्घटनाओं के लिए उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

दूसरी ओर, बोइंग ने एक समाचार एजेंसी से कहा, हम मानते हैं कि हमने उस समझौते की शर्तों का सम्मान किया है। बोइंग ने कहा है कि वह खुद का बचाव करने की योजना बना रहा है।

अमेरिकी अधिकारियों ने अपने पत्र में कहा कि बोइंग ने अपने संचालन के दौरान अमेरिकी धोखाधड़ी कानूनों के उल्लंघन को रोकने और पता लगाने के लिए मौजूदा निर्देशों को लागू करने में विफल रहकर अपने दायित्वों का उल्लंघन किया है।

अमेरिकी न्याय अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के उल्लंघन का मतलब है कि बोइंग पर दुर्घटनाओं से संबंधित संघीय कानून के किसी भी उल्लंघन के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है।

सरकार इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि मामले में कैसे आगे बढ़ना है। इस मामले में बोइंग को 13 जून तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने लॉयन एयर फ्लाइट 610 और इथोपियन एयरलाइंस फ्लाइट 302 के दुर्घटनाग्रस्त होने में मारे गए लोगों के परिवारों से भी मिलने की योजना बनाई है।

दूसरी बोइंग एक समाचार एजेंसी को दिए बयान में कहा, हम पूरी पारदर्शिता के साथ विभाग के साथ सहयोग करेंगे, जैसा कि हमने समझौते की पूरी अवधि में किया है। इसमें अलास्का एयरलाइंस 1282 दुर्घटना के बाद उनके सवालों के जवाब देना भी शामिल है।

### 100 छोटे विमान खरीदेगी इंडिगो, कंपनी की एटीआर-एम्ब्रेयर और एयरबस से चल रही बात




**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो 100 छोटे विमान खरीदने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसे छोटे विमान चाहिए। इस सौदे के लिए उसकी एटीआर, एम्ब्रेयर और एयरबस के साथ बातचीत चल रही है। इंडिगो पहले से ही 78 सीटों वाली 45 एटीआर–72 विमानों का संचालन कर रही है। हालांकि, एयरबस ए–220 और एम्ब्रेयर के ई–175 विमान भी होड़ में हैं। इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था, जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अप्रैल में कहा था कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2030 तक एयरलाइन का आकार दोगुना करना है। इंडिगो की घरेलू एयर ट्रैफिक में 60 फीसदी हिस्सेदारी इंडिगो अंतरराष्ट्रीय मार्गों के बाद देश में अपने नेटवर्क को और मजबूत कर रह रही है। इससे पहले एयरलाइन ने 25 अप्रैल को 30 एयरबस ए–350–900 विमानों के ऑर्डर देने की घोषणा की थी। एटीआर के अलावा, इंडिगो के बेड़े में एयरबस ए–320 और ए–321 शामिल हैं। इंडिगो की भारत के घरेलू एयर ट्रैफिक में 60 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी कम आबादी वाले शहरों में अवसर देख रही है। हवाई अड्डे के बेहतर बुनियादी ढांचे और सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना से इन शहरों में एयर ट्रैफिक की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुछ जगहों पर आया बदलाव



**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।**

**घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुछ जगहों पर अंतर आया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 82 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं। एक ओर असम, बिहार, छत्तीसगढ़ और हरियाणा समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं, केरल, राजस्थान और तेलंगाना समेत अन्य प्रदेशों में नीचे आयी हैं।**

नोएडा में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.05 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़: पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद: पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर: पेट्रोल 101.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना: पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ: पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर पर है। चारों महानगरों में ईंधन की कीमतें पहले की तरह ही हैं।

### देश के सबसे बड़े बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन गिरफ्तार, सीबीआई की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वधावन को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उसे दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोपपत्र दायर कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि वधावन को एजेंसी ने यस बैंक भ्रष्टाचार मामले में पहले गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे। सीबीआई ने 17 बैंकों के कंसोर्टियम से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से संबंधित डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। इसे देश का सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी का मामला माना जाता है।

# चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी, मूडीज का अनुमान

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।**

**मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर ताजा अनुमान जारी किया है। रेटिंग एजेंसी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। तेज आर्थिक वृद्धि के साथ मजबूत ऋण मांग से एनबीएफसी क्षेत्र तेज रफ्तार से दौड़ेगा और इसकी लाभप्रदता को समर्थन मिलेगा।**

### अगले वित्त वर्ष में इसकी रफ्तार 6.2 फीसदी रहेगी

मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि हमें उम्मीद है कि मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इसके साथ ही अगले वित्त वर्ष में इसकी



रफ्तार 6.2 फीसदी रह सकती है। इससे एनबीएफसी में मजबूत ऋण वृद्धि होगी। इस वजह से उनकी लाभप्रदता पर बढ़ती वित्तपोषण लागत का प्रभाव कम हो जाएगा।

### वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह है अनुमान

वित्त वर्ष 2023–24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को लेकर मूडीज ने कहा कि मजबूत आर्थिक स्थिति उन्हें संपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करेगी। हालांकि, ब्याज दरों में वृद्धि से उनके ग्राहकों पर कर्ज का बोझ बढ़ सकता है। भारत में गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए वित्तपोषण की लागत बढ़ रही है, लेकिन देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि से प्रेरित ऋण मांग इस क्षेत्र को फायदा देगी।

# यात्री वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड 3.35 लाख के पार, कारों की 23 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।**

यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल, 2024 में सालाना आधार पर 1.3 फीसदी बढ़कर 3,35,629 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में देशभर में 3,31,278 यात्री वाहन बिके थे। हालांकि, पिछले माह कारों की बिक्री 23 फीसदी घटकर 96,357 इकाई रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,25,758 था। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में अप्रैल में 1,79,329 यूटिलिटी वाहन बिके थे। यह अप्रैल, 2023 में बिके 1,48,005 यूटिलिटी वाहनों की तुलना में 21 फीसदी अधिक है।

### उद्योग के लिए अच्छी शुरुआत

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, चालू वित्त वर्ष 2024–25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी सेगमेंट ने अप्रैल, 2023 की तुलना में इस साल अप्रैल में वृद्धि दर्ज की है। मानसून में अधिक बारिश, चुनाव बाद नीतिगत निरंतरता, विनिर्माण व बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर से उद्योग को गति मिलेगी।



### दोपहिया वाहनों में 31 फीसदी उछाल

आंकड़ों के मुताबिक, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 31 फीसदी बढ़कर 17,51,393 इकाई पर पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में यह आंकड़ा 13,38,588 इकाई रहा था। मोटरसाइकिल की बिक्री पिछले महीने 34 फीसदी बढ़कर 11,28,192 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में थोक बिक्री 8,39,274 इकाई रही थी। इस अवधि में 4,64,389 स्कूटर बिके ।यह आंकड़ा अप्रैल, 2023 के 5,81,277 इकाई से 25 फीसदी ज्यादा है। वैन की बिक्री 15 फीसदी बढ़कर 12,060 इकाई पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में यह आंकड़ा 10,508 इकाई था। पिछले महीने 49,116 तिपहिया वाहन बिके। यह अप्रैल, 2023 के 42,885 इकाइयों से 14.5 फीसदी ज्यादा है।

# एलआईसी को मिली बड़ी राहत, सेबी के फैसले के बाद 5 फीसदी उछल गए शेयर

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।**

भारत जीवन बीमा निगम को सेबी द्वारा राहत मिली है। सेबी ने एलआईसी को एमपीएस को पूरा करने के लिए 3 साल का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले वित्त मंत्रालय ने एलआईसी को मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग जो 25 फीसदी है उसे पूरा करने के लिए 10 साल का समय दिया था।

अब कंपनी को मई 2032 तक मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग करना होगा। सेबी से मिली राहत के बाद एलआईसी के शेयर में तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 5 फीसदी तक चढ़ गए।

खबर लिखते वक्त एलआईसी के शेयर 975.50 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही कंपनी के शेयर 1000 रुपये हो जाएंगे। सेबी ने एलआईसी को क्यों दी राहत सेबी के




नियमों के अनुसार एलआईसी को 25 फीसदी तक का मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग नियमों का पूरा करना है। एलआईसी के आईपीओ के जरिये सरकार ने 22.13 करोड़ से ज्यादा की हिस्सेदारी बेची थी। यह कंपनी की लगभग 3.5 फीसदी हिस्सेदारी होती है। इसके बाद कंपनी में सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है।

सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी में छोटे निवेशकों की कुल 25 फीसदी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

### क्या होता है मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग नियम

जब कोई कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट होती है तो उसके दो हिस्सेदार होते हैं। एक कंपनी का मालिक या प्रमोटर होता है और दूसरा पब्लिक यानी वो निवेशक जो कंपनी के शेयर खरीदते हैं।

आपको बता दें कि कंपनी को प्रमोट करने या फिर शुरू करने में जो लोग शामिल होते हैं उसे प्रमोटर कहते हैं। सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 65 फीसदी से ज्यादा हो सकती है, लेकिन आम निवेशक की 25 फीसदी हिस्सेदारी होनी चाहिए। इसका मतलब है कि प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

जब कभी किसी कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी से ज्यादा हो जाती है तो सेबी कंपनी को मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियम को पूरा करने के लिए समय देती है। इस समय के भीतर कंपनी को यह काम करना होता है। अगर कंपनी समय के भीतर इस काम को पूरा नहीं करता है तब सेबी उनके खिलाफ एक्शन ले सकता है।






# वेटलिफ्टर में दस लिफ्टर डोप में फंसे, पदक के लिए प्रतिबंधित, शक्तिवर्धक ड्रग्स का प्रयोग किया

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** पदक और नौकरी के लिए खेलों में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक ड्रग्स का चलन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस वर्ष जनवरी में ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में हुई राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में एक या दो नहीं 10 वेटलिफ्टर डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। ये सभी पदक विजेता हैं। इनमें सात पुरुष और तीन महिलाएं हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कुछ लिफ्टरों के सैंपल में तीन से चार तरह के प्रतिबंधित ड्रग्स का कॉकटेल मिला है। इनमें स्टेरायड, सार्म, स्टीमुलेंट सभी कुछ है। नाडा ने इन लिफ्टरों को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

**कम उम्र के हैं लिफ्टर** – हरियाणा के सोमनाथ और अनुष ने ईटानगर में 109 और 67 किलो में कांस्य पदक जीता। दोनों की उम्र 18 से 20 के बीच है, लेकिन इनका केस खेलों में घुसी डोपिंग की जड़ों और इसकी गंभीरता को बयां करता है। सोमनाथ के सैंपल में एनाबॉलिक स्टेरायड मिटेंडियोनॉन, ड्रॉस्टेनोलॉन, लिगेंड्रॉल (सार्म) और स्टीमुलेंट मिफेनटरमाइन पाया गया है। हाल-फिल्हाल में एक सैंपल में इतने प्रतिबंधित ड्रग्स मिलते नहीं देखे गए हैं। वहीं अनुष के सैंपल में ट्रेंबोलॉन, ओस्टारिन (सार्म), मिफेनटरमाइन मिले हैं। अन्य पॉजिटिव खिलाड़ियों में देवीश्री (आंध्र प्रदेश), सागर (बिहार), मृणमय गोगोई (असम), गौरव (पुलिस बोर्ड), राखी पुरोहित (राजस्थान), शीतल भाटी (हरियाणा), सुमित राजपूत (मध्य प्रदेश), सचिन पंवार (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं।

**दस प्रशिक्षकों पर भी लगा प्रतिबंध** – भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने भी राष्ट्रीय शिविर के बाहर बढ़ते डोप के मामलों पर संज्ञान लेते हुए 10 प्रशिक्षकों पर तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये उन 10 लिफ्टरों के प्रशिक्षक हैं, जो 2023 की नागरकोइल राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में डोप में फंसे थे। इनमें हरियाणा, यूपी के दो-दो और एक कोच सर्विसेज का भी है। इन पर 2026 तक का प्रतिबंध लगा है। ये महासंघ की प्रशिक्षण की किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं रह सकते हैं। महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव का कहना है कि शिविर के बाहर डोपिंग रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय शिविर में नाडा की निगरानी रहती है, लेकिन सीधे चैंपियनशिप में खेलने आ रहे लिफ्टरों को डोपिंग से रोकना चुनौती है।

## न्यूज ब्रीफ

### विराट को अगले सत्र में फिर कप्तान बनाये आरसीबी : हरभजन



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से (आईपीएल) सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली को एक बार फिर टीम की कप्तानी दी जानी चाहिये। हरभजन के अनुसार विराट के पास टीम को आगे ले जाने की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा कि विराट में जोश, प्रतिबद्धता और आक्रामकता का बढ़िया संयोजन है। विराट इस सत्र में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने अब तक 13 मैचों में 661 रन रन बनाये हैं और वह औरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं। विराट ने अब तक 155.16 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये है। विराट के कारण ही आरसीबी की टीम 13 मैच में 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हरभजन ने कहा, '' अगर वे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कप्तानी के लिए बदलाव करना चाहिये। ऐसे में विराट को ही कप्तानी दी जानी चाहिये। विराट को कप्तानी का काफी अनुभव है। उन्हें पता है कि टीम को किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, '' जिस प्रकार महेन्द्र सिंह धोनी बहुत आक्रामकता, बहुत जज्बे के साथ खेल रहे हैं और यही बात विराट के साथ भी है। मैं विराट को जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करते हुए देखना चाहूंगा।'' वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजायंट्स की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका के कप्तान के एल राहुल पर भड़कने को लेकर पूछे जाने पर हरभजन ने कहा कि ये चीजें टीम में अच्छे माहौल के लिए ठीक नहीं है।

### मनिका ने 15 स्थान की लगाई छलांग, शीर्ष 25 में पहुंचने वालीं पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। व्यक्तिगत और टीम श्रेणियों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु को हराकर उलटफेर किया था। यह पहली बार था जब कोई भारतीय महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में इतनी आगे बढ़ी। मनिका को इस प्रदर्शन के लिए 350 अंक मिले। उन्होंने कहा कि इससे जुलाई में होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा,' ओलंपिक खेलों से ठीक पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करके शीर्ष 25 में पहुंचने से मेरी तैयारियों को बल मिलेगा। मैं पेरिस ओलंपिक में इस प्रदर्शन को बरकरार रखना और रैंकिंग में लगातार ऊपर जाना चाहूंगी । सुधार एक सतत प्रक्रिया है और मैं इसे लेकर प्रतिबद्ध हूं।

### नीरज मुकाबले में उतरेंगे, शॉटपुट में तूर, लंबी कूद में एल्ड्रिन और पोलवॉल्ट में रोसी को स्वर्ण

**भुवनेश्वर।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शॉटपुटर तेजिंदर पाल सिंह तूर और लॉन्ग जंपर जेस्विन एल्ड्रिन ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जरूर जीते, लेकिन पेरिस ओलंपिक का क्वालिफाइंग मार्क नहीं छू सके। नीरज चोपड़ा भुवनेश्वर पहुंच गए। वह मुकाबले में उतरेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रोसी मीना पॉलराज ने तीसरे दिन 4.05 मीटर की कूद लगाकर महिलाओं के पोलवॉल्ट में स्वर्ण पदक जीता। तूर का श्रेष्ठ 21.77 मीटर है, जबकि पेरिस ओलंपिक का क्वालिफाइंग मार्क 21.50 मीटर है, लेकिन वह यहां 20.38 मीटर के साथ स्वर्ण जीते। मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह (18.93) और यूपी के आर्यन त्यागी (18.07) ने रजत और कांस्य जीते। एल्ड्रिन ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण जीता। केरल के मोहम्मद अनीस ने 7.83 के साथ रजत और मध्य प्रदेश के आदित्य कुमार सिंह ने 7.81 मीटर के साथ कांस्य जीता। रोजी मीना ने 4.05 मीटर के साथ पोलवॉल्ट का स्वर्ण जीता। रोसी 4.21 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गई जो उन्होंने पिछले साल खुद बनाया था। तमिलनाडु की बारानिका इलांगोवेन ने रजत और केरल की मारिया जैसन ने कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता नंदिनी अगासरा ने हेप्टाथेलॉन में स्वर्ण पदक जीता।

# पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से रौंदा




**गुवाहाटी, 15 मई (एजेंसियां)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान सैम करन नाबाद (63) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है।145 के छोटे लक्ष्य को हासिल करने उतरी पंजाब किंग्स की पारी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (4) और उसके बाद पांचवें ओवर में राइली रुसो 13 गेंदों में (22) उसी ओवर में शशांक सिंह (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे समय में कप्तान सैम करन ने जितेश शर्मा के साथ पारी को संभाला। जितेश शर्मा ने 20 गेंदों में 22 रन बनाये। सैम करन ने 41 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्का लगाते हुए नाबाद (63) रनों की पारी खेली। आशुतोष शर्मा 11 गेंदों में (17) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। उन्हें सैम करन ने आउट किया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। अगले ओवर में राहुल चाहर ने टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाये। ध्रुव जुरेल (शून्य), रोवमन पॉवेल (4), डॉनोवन फरेरा (7), ट्रेंट बोल्ट (12) रन बनाकर आउट हुये। रियान पराग ने 34 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक (48) रन बनाये। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से सैम करन, राहुल चाहर और हरप्रीत बराड ने दो-दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पिता के सपने को साकार करने एथलीट बनी ज्योतिका



**भुवनेश्वर, 15 मई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले की एथलीट ज्योतिका श्री डांडी ने पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश हासिल कर सभी का ध्यान खींचा है। ज्योतिका भारत की ओर से चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में क्वालीफाई करने वाली टीम की सदस्य हैं। वह डॉक्टर बनना चाहती थी पर उन्होंने पिता के सपने को पूरा करने खिलाड़ी बनीं। उनके पिता श्रीनिवास राव बॉडी बिल्डर रहे और उन्हें खेलों का शौक था। उन्होंने ही बेटी को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। श्रीनिवास का सपना अपनी बेटी को ओलंपिक में देखने का था जो तीन महीने से भी कम समय में पूरा हुआ है। ज्योतिका बहामास में आयोजित विश्व रिले में चार गुणा 400 मीटर रिले में ओलंपिक टिकट पक्का हासिल करने वाली भारतीय टीम में शामिल थीं फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची ज्योतिका ने कहा, 'मैंने दसवीं कक्षा में 97 फीसदी अंक हासिल किए थे। जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी। मैंने खेल में रुचि लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है। उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया। इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैंने उन्हें यह नहीं बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं क्योंकि मैं उन्हें खुश देखना चाहती थी। 2017 तक मुझे खेलों में रुचि नहीं थी पर 2020 के आसपास मैंने रुचि लेना शुरू कर दिया था। ज्योतिका ने कहा, 'मेरे पिता युवावस्था में बॉडीबिल्डर थे पर परिवार से सहयोग न मिलने के कारण उन्होंने खेल छोड़ दिया। अब वह एक व्यवसायी हैं। उन्हें खेलों में बहुत रुचि है और उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया और वह चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में भाग लूं। ज्योतिका ने कहा, 'उनकी (पिता) वजह से मुझे ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। वह हर चीज का ख्याल रखते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मुस्लिम पर्सनल लॉ ...

सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के मूलभूत पहलू पर जोर दिया है, जो सभी मत-पंथों पर समान रूप से लागू होता है और सभी नागरिकों को किसी भी मत-पंथ में आस्था या विश्वास करने या न करने की अनुमति प्रदान करता है। यदि कोई व्यक्ति अपना मजहब छोड़ देता है, तो उससे उत्तराधिकार का अधिकार और अन्य महत्वपूर्ण नागरिक अधिकार नहीं छीने जा सकते। याचिका में सफिया ने कहा है, जो लोग मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन नहीं करना चाहते हैं, उन्हें वसीयत या वसीयत न होने की स्थिति में देश के पंथनिरपेक्ष कानूनों और भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 पर चलने की अनुमति दी जानी चाहिए। साथ ही, उसने कहा है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट-1937 की धारा 2 या 5 में सूचीबद्ध किसी भी मामले के लिए उसे मुस्लिम पर्सनल लॉ द्वारा नियंत्रित न किया जाए। लेकिन कानून या नियमावली में इसका कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए न्यायिक व्याख्या या हस्तक्षेप से इस पर स्थिति स्पष्ट की जा सकती है।

सफिया का मामला व्यक्तिगत कानूनों को चुनौती देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अधिवक्ता दिलीप इस्माइल ने बताया कि सफिया ने एक्स मुस्लिम्स के पदाधिकारी के तौर पर नहीं, बल्कि अपनी व्यक्तिगत हैसियत से अदालत में याचिका दाखिल की है। शरिया कानून के अनुसार, उसे अपने पिता से विरासत में मिली सम्पत्ति का 50 प्रतिशत हिस्सा अपने मानसिक रूप से बीमार भाई को देना होगा, क्योंकि उसकी कोई संतान नहीं है। सफिया का तर्क है कि उसकी एक बेटी है। यदि सफिया की मृत्यु हो जाती है तो उसकी बेटी को पूरी सम्पत्ति नहीं मिलेगी, क्योंकि इसमें उसके पिता के भाई भी अपना हक मांगेंगे। इस तरह, शरिया कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है, जो संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। शरीयत कानून (और मुस्लिम कानून) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 के विपरीत हैं।दूसरा, मुद्दा वसीयत की प्रक्रिया से जुड़ा है। वसीयत किसी तहसीलदार या जिला कलेक्टर से सम्पर्क करने के बाद तैयार की जानी चाहिए। चूंकि सफिया ने इस्लाम छोड़ दिया है, इसलिए उसके लिए यह संभव नहीं है। यदि वह मौजूदा नागरिक नियमों के अनुसार वसीयत करती है, तो उसका समुदाय इसे मान्यता नहीं देगा। इस्माइल ने कहा कि कुछ लोगों ने केरल उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर सुन्नत प्रथा खत्म करने की अपील की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि यह अमानवीय प्रथा है और यह नपुंसकता का कारण भी बनती है। इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और दो जजों की पीठ ने की, लेकिन यह कहते हुए कोई निर्णय नहीं दिया कि यह नितांत मजहबी मुद्दा है।एक्स मुस्लिम्स उन सैकड़ों मुसलमानों का एक संगठन है, जो गैर-राजनीतिक हैं। वे शरीयत और अप्रचलित मुथलक जैसे इस्लामी कानूनों के विरुद्ध प्रचार करते रहते हैं। इस संगठन की स्थापना आधिकारिक तौर पर 2021 में की गई थी। संगठन के सदस्यों का कहना है कि इस्लाम छोड़ने के बाद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें धमकी भरे फोन आते हैं और मुस्लिम समुदाय के लोग भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं। यही नहीं, सोशल मीडिया पर भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। एक्स मुस्लिम्स आफ केरल उन लोगों का संगठन है, जो मुस्लिम माता-पिता से पैदा हुए हैं, लेकिन जिन्होंने बाद में इस्लाम छोड़ दिया। अब वे न तो मजहब को मानते हैं और न इस्लाम के किसी रीति-रिवाज को। यह संगठन हर वर्ष 9 जनवरी को एक्स मुस्लिम दिवस मनाता है।

### मुल्ला मदरसा...

उन्होंने एक बार फिर पश्चिम बंगाल में भाजपा की सीटें बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में जमकर वोटिंग करनी होगी। अमित शाह ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमानदार नेता नरेंद्र मोदी के बीच चयन करने का चुनाव है।अमित शाह ने पीओके को भारत का हिस्सा बताया और यह दृढ़ विश्वास जताया कि भारत पीओके लेकर रहेगा। पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में भी अमित शाह ने बुधवार को एक रैली की। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने पीओके का मुद्दा उठाया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद वहां शांति वापस आ गई। अब पीओके के नागरिक आजादी के नारे लगा रहे हैं। पीओके को लेकर अमित शाह ने विपक्ष पर भी निशाना साधा।अमित शाह ने कहा, सरकार द्वारा कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद क्षेत्र में शांति वापस आ गई। लेकिन अब हम पीओके में प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले यहां आजादी के नारे गूंजा करते थे और अब यही नारे वहां (पीओके) लगाए जा रहे हैं। पहले यहां पथराव होता था और अब वहां हो रहा है। पीओके पर कब्जे की मांग का समर्थन न करने पर अमित शाह ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा, मणि शंकर अय्यर जैसे कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे।भाजपा नेता ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमानदार नेता नरेंद्र मोदी के बीच चयन करने का चुनाव है। नरेंद्र मोदी के खिलाफ मुख्यमंत्री और तत्कालीन प्रधानमंत्री होने के बावजूद आज तक एक पैसे का भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा, बंगाल को यह निर्णय लेना होगा कि उन्हें घुसपैठिए चाहिए या शरणार्थियों के लिए सीएए। बंगाल को तय करना है कि वह जेहाद को वोट देना चाहते हैं या विकास को।सीएए का विरोध करने पर अमित शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी मां-माटी-मानुष नारे के साथ सत्ता में आई थीं। लेकिन यह नारा अब मुल्ला, मौलवी, मदरसा में बदल गया। वह दुर्गा विसर्जन की अनुमति देने से मना करती हैं, लेकिन रमजान में मुसलमानों को छुट्टी देती हैं। शाह ने कहा कि ममता सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों के समर्थन में रैलियां निकाल रही हैं।

### संकीर्ण सोच से...

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने चाबहार समझौते को लेकर कहा था कि ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू रहेंगे। पटेल ने कहा, मैं सिर्फ इतना कहूंगा ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू रहेंगे और हम उन्हें लागू करना जारी रखेंगे। कोई भी संस्था अगर ईरान के साथ व्यापार सौदों पर विचार कर रहा है, तो उन्हें इस जोखिम के बारे में पता होना चाहिए कि प्रतिबंध लग सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के पोर्ट एंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन (पीएमओ) के बीच सोमवार को दीर्घकालिक द्विपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

### पीओके लेने के...

अधिकृत कश्मीर यानी कि पीओके भी वापस लेंगे।

सीएम हिमंत सरमा ने कहा, जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी तो हमें बताया गया कि एक कश्मीर भारत में है और एक पाकिस्तान में। संसद में इस बात की चर्चा कभी नहीं हुई कि पीओके असल में हमारा है। अभी पीओके में हर दिन विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और पाकिस्तान में लोग भारत का तिरंगा झंडा लेकर पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर मोदी जी को 400 सीटें मिलीं तो पीओके भी भारत का हिस्सा होगा और इसकी शुरुआत भी हो गई है।गौरतलब है कि पीओके में बीते कई दिनों से भारी विरोध प्रदर्शनों का दौर चल रहा है। पीओके के लोग पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ आटे की बढ़ती कीमतों, बिजली बिल की बढ़ती दरों, सब्सिडी में कटौती जैसी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं। पीओके में जारी हंगामे पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पीओके भारत का हिस्सा था और हमेशा रहेगा।असम के सीएम ने कहा, भाजपा सरकार देश में आरक्षण को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। पीएम मोदी खुद पिछड़ा वर्ग से आते हैं। भाजपा बीते 10 वर्षों से सत्ता में है और हमारी सरकार आरक्षण को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस देश में एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण को खत्म करके मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है और वे कर्नाटक में इसकी शुरुआत कर चुकी है।

### जंगल की...

बेड़ीनाग, डीडीहाट, अस्कोट, धारचूला, मुनस्यारी रेंज शामिल हैं। इसमें डीडीहाट रेंज आग की दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील है। चंपावत वन प्रभाग के अंतर्गत जिले के पाटी ब्लॉक में इस बार आग की घटनाएं अधिक हुई हैं। इस प्रभाग में भिंगराड़ा चीड़ बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण अधिक संवेदनशील बना हुआ है। अल्मोड़ा में जागेश्वर, सोमेश्वर, रानीखेत, मोहान, अल्मोड़ा, द्वाराहाट रेंज सबसे अधिक संवेदनशील हैं।हाल ही में पिथौरागढ़ नगर से सटे टकाड़ी के जंगल में भीषण आग धधकी। रात भर आग लगने से धुआं और राख हवा में फैल गया। जीआईसी और सरस्वती विहार कालोनी के घरों के बरामदे और छतों में सोमवार की सुबह राख ही राख फैली नजर आई। प्रदेश में नवंबर-2023 के बाद से छह मई तक जंगल की आग की 930 घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें गढ़वाल में 365, कुमाऊं में 491 और वन्यजीव क्षेत्र में 74 घटनाएं हुईं हैं। इन घटनाओं में 1196.48 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनों को नुकसान हुआ है।

### आग से बचाने का...

सरकार ने इसे खरीदने के लिए 50 रुपए किलो का रेट तय किया है और इसके लिए 50 करोड़ की रकम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से जुटाई गई है।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि पहाड़ों को जंगल की आग से बचाने के लिए वहां से पिरुल हटाना जरूरी है। पिरुल में जलती बीड़ी सिगरेट की चिंगारी से भी आग लग जाती है जो कि विकराल रूप धारण कर लिया करती है। इस साल जंगल की आग की घटनाओं से जंगलों को खासा नुकसान तो हुआ ही है,पहाड़ी में वायु प्रदूषण भी फैला और इससे पर्यटन भी प्रभावित होने लगा था। सीएम धामी के दिशा निर्देश पर पांच रुपए किलो खरीदा जाना वाला पिरुल का दाम सरकार ने 50 रुपए किलो कर दिया ताकि जन सहभागिता से पिरुल जंगल से उठाया जा सके और आग की संभावना को नियंत्रित किया जा सके। सीएम धामी की घोषणा का असर यह हुआ कि पहाड़ में हजारों महिलाएं पुरुष पिरुल इकट्ठा करने में लग गए है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव डॉ. पराग धकाते बताते हैं कि पिरुल का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए एक ऐप भी तैयार किया जा रहा है। पिरुल खरीदने और उसका संग्रह करने के लिए वन चौकियों में व्यवस्था की जा रही है। जहां उनका वजन लेने के बाद, एकत्र करने वाले की डिटेल्स ऐप में अपलोड कर दी जाएगी और उसका पैसा सीधे उसके खाते में चला जाएगा। पीसीसीएफ डॉ. धनंजय मोहन ने कहा कि इस साल पिरुल खरीद योजना प्रयोग के तौर पर की गई है। अगले साल पतझड़ के समय से ही काम शुरू हो जाएगा। इससे पहाड़ को आग से बचाया जा सकेगा। मेहनत मजदूरी करने वालों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी इसका मेहनताना मिलेगा।

# झांसी में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, पुष्पवर्षा से स्वागत

## ▪ रोड शो में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे

**झांसी, 15 मई (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को झांसी पहुंचे। यहां उन्होंने लक्ष्मी गेट स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद रोड शो की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ी। सड़क के दोनों ओर स्थानीय लोगों की भीड़ सीएम योगी पर फूलों की बारिश करती नजर आई। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी सीएम योगी को देखने के लिए मौजूद रहीं। महिलाओं ने सीएम योगी पर फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया। जय श्री राम के नारों के बीच लोग हाथों में भाजपा का झंडा थामे इस रोड शो में हिस्सा लेते दिखाई दिए। विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और पुरुषों ने सीएम योगी की आरती भी उतारी गई।

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री भी स्थानीय लोगों के उत्साह को देखते हुए उन पर फूल बरसाते दिखे। मुख्यमंत्री ने हाथों में चुनाव चिह्न कमल और विक्ट्री सीन दिखाते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के







लिए वोट की अपील की। घास मंडी, बड़ा बाजार, मानिक चौक, सिंधी तिराहा से होते हुए सीएम का रोड शो आगे बढ़ा और कोतवाली के निकट समाप्त हुआ। रोड शो के कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इस रोड शो में हिस्सा लेने के लिए वाहन पर सवार हुए। रास्ते में मुस्लिम समाज के लोग भी मुख्यमंत्री के रोड शो पर फूलों की बारिश करते दिखे। कोतवाली के निकट रोड शो के समापन स्थान पर सीएम ने रोड शो में मौजूद लोगों को वाहन पर ही खड़े होकर धन्यवाद दिया और संक्षिप्त सम्बोधन दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में आज झांसी वासियों ने जो अनुराग उनके ऊपर लुटाया है, उसके लिए क्रांति की इस धरा को कोटि कोटि नमन। सीएम योगी ने इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी रोड शो में शामिल होने के लिए ह्रदय से धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी झांसी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की नई झांसी बन चुकी है। अब तो यहां पर ऐसी तोपें बन रही हैं, जब वह बॉर्डर पर गड़गड़ाती हैं, तो पाकिस्तान के अंदर उनकी पैंट भी गीली हो जाती है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड अब नए युग में प्रवेश कर चुका है, आज यहां डिफेन्स कॉरिडोर है। आज यहां हर घर नल की योजना है। आज यहां बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे है। आज झांसी में हम लोग एक नए नोएडा को बसाने की कार्रवाई कर चुके है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार अपने बुंदेलखंड का ऐसा विकास कराएगी कि यहां का नौजवान पलायन नहीं करेगा बल्कि दुनिया बुंदेलखंड के पास नौकरी मांगने आएगी। नया औद्योगिक शहर बसाने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर आगे बढ़ चुकी है। अगले पांच वर्ष के अंदर आप इसके परिणाम देखेंगे। इसके लिए हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत के सभी कार्य हो रहे हैं। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए लिए मोदी जी को अबकी बार चार सौ पार के इस लक्ष्य के साथ कांग्रेस और सपा के नापाक और विभाजनकारी को सिरे से खारिज करना होगा। ये गठबंधन देश को बर्बाद करने वाला है, रामद्रोही है और पाकिस्तान का राग अलापने वाला है। हमें फिर एक बार मोदी सरकार के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है।

रोड शो के दौरान विशेष वाहन पर मुख्यमंत्री के साथ मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, झांसी सीट से लोकसभा प्रत्याशी अनुराग शर्मा, सदर विधायक रवि शर्मा, बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा, गरौठा विधायक जवाहर लाल, मेयर बिहारी लाल आर्य भी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाने वालों की जब्त होनी चाहिए जमानत : योगी

## सीएम योगी ने हमीरपुर लोकसभा में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**महोबा, 15 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने सबसे अधिक बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास पर फोकस किया है। इस क्षेत्र को नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिसके बाद यहां के नौजवान पलायन नहीं करेंगे, बल्कि पूरी दुनिया से लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा और बसपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बुंदेलखंड के क्षेत्र में माफिया और डकैत पैदा किये गये थे। बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाया गया। ऐसे लोगों की जमानत जब्त होनी चाहिए। सीएम योगी बुधवार को यहां डाक बंगला मैदान में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए जनता से वोट की अपील की।

सीएम योगी ने आल्हा-उदल और वीर चंदेलों की भूमि को नमन करते हुए कहा कि उनके लिए महोबा उनकी अपनी भूमि लगती है। बाबा गोरखनाथ ने यहीं गोरखगिरी में तपस्या की थी और आल्हा उदल को यहीं अमरता का वरदान प्राप्त हुआ था। सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार गोरखगिरी में पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के साथ पिछली सरकारों ने बहुत अन्याय



किया था। यह क्षेत्र प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, यहां नदी, नाले, खनन और पर्यटन की संभावना है। सपा सरकार ने यहां माफिया और डकैत पैदाकर के जनता का शोषण किया।

मुख्यमंत्री ने महोबा के बारे में कही जाने वाली प्रसिद्ध कहावत का जिक्र करते हुए कि महोबा वाले बड़े लड़इया, इनकी मार सही ना जाए। सीएम योगी ने जनता से अपील की कि अपने वोट की मार से सपा, बसपा और कांग्रेस की जमानत जब्त करें। उन्होंने कहा कि चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच हो रहा है। भाजपा का विरोध केवल दो लोग कर रहे हैं एक वो जो रामद्रोही हैं और दूसरे जो पाकिस्तान का राग अलापते हैं। पाकिस्तान प्रेमियों को वहां जाकर कटोरा लेकर भीख मांगना चाहिए। सीएम ने कहा कि रामभक्तों पर गोलियां चलाने वालों को वोट देकर पाप का भागीदार नहीं बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले जबसे देश में मोदी जी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार बनी तबसे बड़े बड़े विकास के कार्य और परिवर्तन हुए। 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनी। पहली बार जब मैं बुंदेलखंड आया तो यहां के नेताओं ने मुझसे कहा था कि बुंदेलखंड के लिए कुछ होना चाहिए। तब मैंने कहा था कि बुंदेलखंड के लिए ऐसा करूंगा कि आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस को देखकर अच्छा लगता है। हमारा बुंदेलखंड अब विकास की नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर है। हर घर नल योजना से घर घर आरओ का पानी पहुंचाने का काम हो रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री के हाथों अर्जुन सहायक परियोजना, रतौली बांध परियोजना, भावनी बांध परियोजना और मजगांव चिल्ली स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का लोकार्पण हुआ तो बुंदेलखंड के खेत भी अब प्यासे नहीं रहे।

सीएम योगी ने कहा कि हमने बिना चेहरा, गांव या क्षेत्र देखे सबका साथ सबका विकास किया है।आज बुंदेलखंड में बनी तोप जब सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तान वालों की पैंट भीग जाती है। 2017 के पहले यहां डकैतों का आतंक था, बड़े बड़े माफिया थे। सपा, बसपा कांग्रेस ने यहां माफिया दिया जो लूट खसोट मचा रहे थे। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में थी। आज बुंदेलखंड को नोएडा के तर्ज पर विकसित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अब हमारा नौजवान बुंदेलखंड से पलायन नहीं करेगा। पूरी दुनिया आपके पास नौकरी की भीख मांगने आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। जबकि पाकिस्तान जिसकी आबादी यूपी से भी कम है वहां एक किलो आटे के लिए भी मारपीट मची हुई है। पाकिस्तान से भी बड़ी आबादी को बीते 10 साल में मोदी जी ने गरीबी से उबारा है। पाकिस्तान का राग अलापने वाले को हमें कहना चाहिए कि जाएं वहां कटोरा लेकर भीख मांगें। उनके पास एटम बम है तो क्या हमारा एटम बम फ्रीज में रखने के लिए है। सेना में शामिल बुंदेलखंड के नौजवानों की मार से दुश्मन हमेशा चित होता है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं कि भारत में राममंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए, उनसे पूछा जाना चाहिए कि राममंदिर भारत में नहीं बनेगा को तो क्या इटली में बनेगा।

सीएम योगी ने कहा कि आपके एक वोट के कारण ही मोदी जी और योगी जी को ताकत मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन बाद यहां हमीरपुर के राठ में स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर जाकर पुष्पांजलि करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का चुनाव है। जिन लोगों ने बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया था, अपने वोट से ऐसी मार दीजिए कि इनकी जमानत जब्त हो जाए। ये चुनाव देश के भविष्य के लिए है।

# यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 15 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेना चाहिए। सीएम योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही है।

खड़गे जी ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है।

कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों को पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से चिढ़ हो रही है। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर न्यूज़ एजेंसी को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चार चरण समाप्त हो चुका है। मोदी जी की लहर सुनामी बनकर सामने आ गई है और इंडी गठबंधन की हवा निकल चुकी है। जनता ने इन्हें खारिज कर दिया है। इंडी गठबंधन फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है। मगर, जनता ने इनसे पिंड छुडा लिया है।

अब ये देश की सत्ता में कभी नहीं आ सकते। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया, तो वहीं सपा ने भी बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों के स्मारक को तोड़ने तक की बात कही थी। इसके अलावा कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब के नाम को हटाया था। इतना ही नहीं कांशीराम मेडिकल कॉलेज और भाषा विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया था। इंडी गठबंधन भारतीय संविधान के खिलाफ आचरण और जाति के नाम पर विभाजन की राजनीति का अनुसरण कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि आज का नया भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सम्मान और सुशासन के नये माहौल में आ चुका है। इस विकसित भारत की संकल्पना से इंडी गठबंधन को चिढ़ हो रही है। कभी ये पाकिस्तान की वकालत करते हैं, कभी जातीय जनगणना की बात करते हैं। संविधान में जितना संशोधन और छेड़छाड़ कांग्रेस ने किया उतना किसी ने नहीं किया। अब ये लोग एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। आने वाले तीन चरणों में भी इन्हें जनता खारिज करेगी।

इंडी गठबंधन राम विरोधी, भारतीय आस्था का विरोधी और आरक्षण विरोधी है। यूपीए सरकार ने पहले ही रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी का गठन करके आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश की थी। ये विरासत टैक्स लगाकर औरंगजेब की तरह ही जजिया कर लगाना चाहते हैं। इन्हें एक सिरे से खारिज करना होगा। यूपी में 2014, 2017, 2019 और 2022 में मोदी जी को जनता ने अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया था। अब 2024 में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार 400 पार' के नारे के साथ जनता मोदी जी के साथ है।

## दुर्योधन और दु:शासनों के खिलाफ चुनावी महाभारत

# कृष्ण की भूमिका में हैं पीएम मोदी: योगी

### जालौन लोकसभा के उरई में योगी ने की जनसभा

**जालौन, 15 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जालौन लोकसभा क्षेत्र के उरई में केंद्रीय मंत्री और भाजपा, अपना दल, राष्ट्रीय लोकदल, निषाद पार्टी, सोहेल देव राजभर पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी भानु प्रसाद वर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में सीएम योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह सुबह ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान सुन रहा था। उन्होंने कहा कि चुनाव में दो ध्रुवीकरण हो चुके हैं। खड़गे जी से कहना चाहता हूं कि देश का चुनाव ध्रुवीकरण के बीच नहीं, ये चुनाव तो रामभक्तों और राम द्रोहियों के बीच में हो रहा है। एक तरफ सभी रामद्रोही खड़े हैं, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले खड़े हैं, देश के साथ गद्दारी करने वाले और पाकिस्तान का राग अलापने वाले खड़े हैं, उन दुर्योधन और दुशासनों के खिलाफ इस महाभारत में आज मोदी जी भारतीय जनता पार्टी का सारथी बनकर कृष्ण की भूमिका में खड़े हैं। सीएम योगी ने कहा, रामद्रोही हमेशा पराजित हुआ है, पतन को प्राप्त हुआ है। ये जो रामद्रोही हैं, ये केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। इनको न जाति की चिंता है, न प्रदेश की चिंता है और न देश की चिंता है, इन्हें न आपकी




आस्था की चिंता है, न गरीब की चिंता है, न किसान की चिंता है, न महिलाओं की चिंता है न बेटियों की चिंता है। इनको सिर्फ परिवार की चिंता है। वहीं मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है।

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि हमारा जालौन डिस्ट्रिक्ट कालपी के कागज और जालौन के मटर के लिए विख्यात है। वन डिस्ट्रिक्ट और वन प्रोडक्ट के आधार पर यह दोनों चीजें आज वैश्विक मान्यता को प्राप्त कर रही हैं। जालौन बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार है। आज से दस साल पहले इसकी स्थिति क्या थी। सपा, बसपा और कांग्रेस ने बुंदेलखंड को माफिया के हवाले कर दिया था। इन्होंने इस पूरे क्षेत्र के संसाधनों को लूटा खसोटा था। इस पूरे क्षेत्र को अराजकता की ओर धकेलने का काम किया था। यहां के विकास को बाधित किया था। जिसका दुष्परिणाम था कि नौजवान पलायन कर रहा था। किसान आत्महत्या कर रहा था। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। आज दस वर्ष में हमारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। हर घर जल की योजना जमीनी धरातल पर दिखाई दे रही है। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाली तोप जब भारत की सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तानियों की पैंट गीली हो जाती है। हमारा हस्तशिल्पी जब आज काम करता है तो दुनिया में सम्मान प्राप्त करता है। अब तो बुंदेलखंड में औद्योगिक नगर बसाने जा रहे हैं। अब मेरे बुंदेलखंड के नौजवानों को यहां से बाहर पलायन करना नहीं पड़ेगा, बल्कि दुनिया आपके पास नौकरी मांगने आएगी। ये जो चमत्कार बुंदेलखंड में दिखाई दे रहा है यह मोदी का करिश्मा है। बुंदेलखंड में हाईवे बन रहे हैं, रेलवे की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# साध्वी भगवंतो का जिनेश्वरधाम में हुआ पदार्पण





**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूज्य साध्वीश्री कल्परसाश्रीजी म.सा., साध्वीश्री हितदर्शाश्रीजी म.सा. एवं साध्वीश्री योगद्रष्टिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 का काचीगुडा स्थित श्री अचलगच्छ जैन संघ संचालित श्री शांतिनाथ प्रभु मंदिर जिनेश्वरधाम मे आगामी चातुर्मास में आराधना करवाने हेतु पदार्पण हुआ।

संघ के चेयरमेन रमणीक नागडा व मैनेजिंग ट्रस्टी पोपटलाल छेडा ने बताया कि शासनरत्न, राष्ट्रसंत, अचलगच्छाधिपति प.पू. आ.भ. श्री गुणसागरसूरीश्वरजी म.सा एवं वर्तमान गच्छाधिपति तपस्वीरत्न प.पू. आ.भ. गुणोदयसागरसूरीश्वजी म.सा. के शुभाषीर्वादों से तथा साहित्य दिवाकर सौम्य स्वभावी दक्षिण दीपक प.पू. आ.भ. श्री कलाप्रभसागरसूरीश्वरजी म.सा की आज्ञा-आशीष से एवं साध्वीश्री नरेन्द्रश्रीजी म.सा. तथा पूज्य साध्वीश्री अरूणप्रभाश्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वीश्री कल्परसाश्रीजी म.सा., साध्वीश्री हितदर्शाश्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री योगद्रष्टिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 का काचीगुडा स्थित श्री अचलगच्छ जैन संघ संचालित श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर मे बड़ी संख्या मे उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं के बीच पदार्पण हुआ ।

संघ के सदस्य रिद्धीश जागीरदार ने आगे बताया कि साध्वीश्री का हैदराबाद नगर प्रवेश यात्रा मंगलवार प्रातः 10.01 बजे ताडबन चौरस्ता से निकलकर प्रातः 11.00 बजे बांठीया गार्डन के पास स्थित श्री जैन दादावाडी मंदिर पहुंची। प्रवेश पश्चात मंदिरजी मे समूह चैत्यवंदन के पश्चात, पू. साध्वी जी भगवंत द्वारा भक्तों को मांगलिक प्रदान किया गया।

माणकचंद समदरिया ने कहा कि श्री जिनदत्तसुरी दादावाडी मंदिर सामुहिक वर्षितप समिति द्वारा सामुहिक वर्षितप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 180 से भी ज्यादा श्रावक-श्राविकायें जुडे हैं। पोपटलाल छेडा ने उग्र विहार कर नगर पधारी साध्वीजी भगवंतों के प्रति आभार व्यक्त किया वहीं साध्वीजी के दादावाडी स्थिरता मे सहयोग के लिए श्री जिनदत्तसुरी दादावाडी मंदिर ट्रस्ट के प्रति आभार किया। श्री अचलगच्छ जैन संघ हैदराबाद सिटी की ओर से दादावाडी मंदिर मे आयोजित सामूहिक वर्षितप मे एक दिवसीय एकासना योजना मे सहयोग किया। साध्वीजी के नगर प्रवेश के अवसर पर भरत शाह द्वारा 50 रुपए तथा संघ की ओर से 20 रुपए की प्रभावना की गयी। हैदराबाद श्रीसंघ की ओर से सभी को पूज्य साध्वीश्री के आगामी 7 जुलाई 2024 को चातुर्मास मंगल प्रवेश मे भाग लेने का निमंत्रण दिया गया जिसे दादावाडी संघ ने स्वीकार करते हुए कार्यक्रम मे अवश्य भाग लेने का विश्वास दिलाया।

बुधवारको प्रातः सिखविलेज श्री जिनदत्तसुरी दादावाडी मंदिर से विहार कर साध्वीश्री प्रातः 8 बजे काचीगुडा चौरस्ता स्थित वीर सावरकर प्रतिमा के पास पधारी वहां से बडी संख्या मे उपस्थित भक्तों के साथ साध्वीजी ने प्रातः 9 बजे काचीगुडा स्थित जिनेश्वरधाम मंदिर मे पदार्पण किया।

प्रचार संयोजक रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि पूज्य गुरूदेव पालडी अहमदाबाद मे यशस्वी चातुर्मास पूर्ण कर मध्यप्रदेश के मोहनखेडा, इंदौर, उज्जैन, नागेश्वर आदि की तीर्थ स्पर्शना करते हुए महाराष्ट्र के अंतरीक्ष तीर्थ होते हुए नान्देड पधारे, तथा वहां से प्रस्थान कर निजामाबाद, कामारेड्डी, मनोहराबाद, मेडचल होते हुए हैदराबाद मे आज प्रवेश 15 मई को पदार्पण हुआ।

नगर प्रवेश अवसर पर दादावाडी ट्रस्ट के ट्रस्टी माणीकचंद समदरिया, ट्रस्टी ज्योतिबेन सुरेन्द्र बांठीया के साथ साथ रमणीक नागडा, पोपटलाल छेडा, तलकशी गडा, रिद्धीश जागीरदार, दिनेश गोसर, देवचंद गाला, अनीश छेडा, राजीव मामणीया, जयेश नागडा, प्रदीप नागडा, प्रवीण काराणी, नवीन मारू, शांतिलाल मारू, भरत शाह, विकास शाह, हेमंत गडा, प्रीति मामणिया, भानुबेन गाला, अवनी छेडा, ज्योत्सना सावला, रेणुका शाह, जयवंती देढिया आदि उपस्थित थे।




## अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं रक्तदान शिविर 19 को

**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की मासिक सभा का आयोजन बालाजी प्रणव ढाबा शिवरामपल्ली में आयोजित की गई। सर्व प्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई तत्पचात शाखा के अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। सर्व सम्मति से ये निर्णय लिया गया की आगामी रविवार 19 मई को शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन शिवरामपल्ली स्थित राघवेंद्र नगर कॉलोनी कम्युनिटी हॉल में पूर्वान्ह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। शाखा के सभी सदस्यो से अनुरोध है की वे समय पर आएं और रक्तदान अवश्य करें। सभा में शाखा अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, राकेश कुमार जालान, राजेश जैलिया, ललित मांडीवाला, सुशील अग्रवाल, अनिल बंसल, पवन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पंकज गुप्ता, महेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## विप्र सेवा संघ के भारत संस्कार शिविर का शुभारंभ

**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री विप्र सेवा संघ द्वारा नि:शुल्क मेरा भारत संस्कार शिविर का शुभारम्भ मंगलवार 14 मई को पारीक भवन कोसलवाड़ी बेगम बाजार में किया गया। शिविर का शुभारम्भ संस्था के अध्यक्ष रामबाबू कौशिक ने दीप प्रज्वलन एवं पूजा कर किया। शिविर का संचालन अरुण गौड़ द्वारा किया जा रहा है।



सभी से अनुरोध है की इस संस्कार शिविर में अपने 8 वर्ष से 14 वर्ष के बालक एवं बलिकाओ को भेजकर अपने बच्चों को सनातन धर्म संस्कृति की शिक्षा दिलवाएं और अपने बच्चों को सनातन धर्म के बारे में शिक्षित कर अपना दायित्व निभाएं। यह शिविर 19 मई तक चलेगा। इस अवसर पर उपस्थित रामबाबू कौशिक, अरुण गौड़, उमेश शर्मा, भगवान दास कौशिक, पवन मिश्रा, संध्या शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजेश तोषनीवाल एवं अन्य समाज सेवियों ने भाग लिया।

## जैन युवा परिषद ने किया शीतल छाछ का वितरण



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जैन युवा परिषद काचीगुडा हैदराबाद के तत्वावधान में बुधवार को शीतल छाछ वितरण का कार्यक्रम किया गया। परिषद के मंत्री अनिल मेहता ने बताया कि जैन युवा परिषद प्रतिवर्ष मानव सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शीतल जल पायउ व छाछ वितरण के कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। परिषद के सुनिश्चित मानव सेवा कार्यकम के अंतर्गत मंगलवार को नेक्स्ट गैलरिया मॉल मूसरामबाग, मलकपेट के पास नि:शुल्क शीतल छाछ वितरण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 2,450 गिलास छाछ पिलाई गई। इस मानव सेवा का सम्पूर्ण लाभार्थी स्व.भंवरलालजी-स्व. कमला देवी डोसी के पुण्य स्मृति में प्रदीप पारस विनेश विशाल डोसी परिवार मलकपेट वालों ने लाभ लिया।

जैन युवा परिषद के अध्यक्ष सुरेश गादिया, मंत्री अनिल मेहता, किशोर लोढ़ा, महेंद्र मुणोत ने लाभार्थी परिवार की अनुमोदना करते हुए जैन छल्ला व मोमेंटो द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया। वितरण सेवा में जैन युवा परिषद के सुरेश गादिया, अनिल मेहता, पारस डोसी, किशोर लोढ़ा, महेंद्र मुणोत व लाभार्थी परिवार से प्रदीप डोसी, पारस डोसी, विनेश डोसी, विशाल डोसी, मनीष आंचलिया, दिलीप गादिया, ज्ञानचन्द रांका, राहुल गादिया, वैजयंती डोसी, विजयलक्ष्मी डोसी, रमेश, लोकेश, कैलाश, जगननाथ, राजेश, राजू, कनकादुर्गा, शैलजा व अन्य ने अपनी अपनी सेवा प्रदान कीं।



केबीआर पार्क स्थित इच्छा पूर्ति गणेश भगवान की पूजा, आरती कर प्रसाद प्राप्त करते मॉर्निंग वॉकर्स राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार गोयल, गोपाल बलदेव, विट्ठल दास अग्रवाल, प्रमोद सरायवाला, विजय अग्रवाल, महेश डाकोतिया, विजय कुमार दिल्लीवाले, सीए सुरेश कुमार अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विजय तुंबी, शेषैया, मोहन लाल मित्तल, विनोद टिकमानी, माया अग्रवाल, संध्या रानी आदि।

## डा. पुनीतज्योतिजी म.सा आदि ठाणा का मलकपेट में आगमन आज

**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में पूज्य महासती डा. पुनीतज्योतिजी म.सा आदि ठाणा 7 का मलकपेट में पदार्पण होने जा रहा है। संघ के मंत्री दिलीप गादिया ने बताया कि श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य सम्राट पूज्य श्री शिवमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी शासन प्रभाविका आयम्बिल तपराधिका महासती डा. पुनीतज्योतिजी म.सा, तपसूर्या श्री निधिज्योति जी म.सा, प्रवचन सम्राज्ञी डॉ.मुक्ताजी म.सा आदि ठाणा 7 का वर्ष 2024 का चातुर्मास श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अमीरपेट के तत्वावधान में जैन स्थानक, अमीरपेट हैदराबाद में होने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शेकेकाल में नगर विचरण कार्यक्रम के अंतर्गत त्रयनगर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मधुर वाणी से धर्म की ज्योति जगाते हुए कल गुरुवार को गुजराती जैन उपाश्रय गोल स्थानक, रामकोट से प्रातः 6बजे विहार करके मलकपेट स्तिथ बम्ब सिंघी भवन में पधारेंगे।

संघ के अध्यक्ष सुरेश गादिया ने बताया कि पूज्य गुरूवर्या का बम्ब सिंघी भवन में आगामी बुधवार 22 मई तक विराजने की संभावना है एवं पूज्य महासती अपनी मधुर वाणी के माध्यम से जिनवाणी का श्रवण कराएंगी। प्रवचन प्रतिदिन सुबह 08.30 से 9.45 तक रहेगा। संघ के सभी पदाधिकारियों ने त्रयनगर के सभी धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाओं से विनती व निवेदन किया है कि सभी सपरिवार इष्ट-मित्र सहित पधारें और प्रवचन, दर्शन, वंदन का लाभ लेकर अपने कर्मो की निजरां करे।

उन्होंने बताया कि राज केसरी उपाध्याय परम पूज्य पुष्करमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका परम पूज्य गुरूवर्या श्री शीलकुँवरजी म.सा की सुशिष्या जिनशाशन गौरव श्रमणसंघीय उप प्रवर्तनी महासाध्वी परम पूज्य श्री चंदनबालाजी म.सा की शिष्या धवल यशस्वी चारित्रचिंतामणि पूज्य महासती श्री देवेंद्रप्रभाजी म.सा, महासती श्री धर्मज्योतिजी म.सा, महासती श्री प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का इस वर्ष का चातुर्मास जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में होगा। चातुर्मास वर्षावास हेतु पूज्य महासती अपनी सती मंडल सहित रविवार 07 जुलाई 2024 को प्रातः 08.31 बजे बम्ब सिंघी भवन, मलकपेट में शुभ मंगल प्रवेश करेंगी।

## हस्तीमलजी म.सा की पुण्यतिथि पर गायों को चारा खिलाकर की गोसेवा




**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रत्नवंश के सप्तम आचार्य अखंड बाल ब्रह्मचारी सामायिक स्वाध्याय के प्रेरक जैनाचार्य पूज्य हस्तीमलजी म.सा की 33वी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में श्री जैन रत्न युवक परिषद हैदराबाद-सिकंदराबाद ने इमलीबन स्थित भाग्यनगर गौशाला में गोसेवा के माध्यम से गायों को चारा का लाभ लिया। कार्यक्रम में विकास रांका, चेतन कटारिया, नयन बागमार, नमन बागमार, भारत मुणोत, यशवंत मुणोत, गौतम बागमार, श्रेयांश गुगालिया, हर्षा गुगालिया, धीरज मुणोत, वंश चुत्तर, मनीष रांका, यश दफ्तरी, ऋत्विक मुणोत, चेतन मुथा, तुषार गुंदेचा, संदीप पोरवाल, हर्ष सिंघवी व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## हादसे के शिकार मजदूर के शव को एयरलिफ्ट कर आरा भिजवाया

### बिहार एसोसिएशन ने परिजनों को दिलाया चार लाख का मुआवजा



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार के आरा जिले का मूल निवासी सुमित कुमार हैदराबाद में भवन निर्माण का कार्य करता था। अमीरपेट स्थित मधुरापुर में भवन निर्माण कार्य करते समय वह दुर्घटनावश तृतीय मंजिल से गिरकर उसकी मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए बिहार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष हरे राम सिंह, कार्यकारिणी वरिष्ठ मानवेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष उत्तम यादव सहित कार्यकारणी के विजय यादव, हरे राम यादव, विनोद गुप्ता, विकास यादव, दीपक यादव, जितेंद्र शाह एवं बाल किशन यादव इत्यादि सदस्यों द्वारा संज्ञान लेकर भवन मालिक बी पेंटाइया से 4 लाख का मुआवजा सुमित के परिजनों को दिलाया गया एवं एयरलिफ्ट के माध्यम से मृतक सुमित के शव को उसके पैतृक निवास पहुंचाने का कार्य किया गया।

# तेलंगाना में सिंगल-स्क्रीन थिएटरों का संचालन अस्थायी रूप से बंद



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना थिएटर एसोसिएशन (टीटीए) ने राज्य में सिंगल-स्क्रीन थिएटरों का संचालन अस्थायी रूप से बंद किये जाने का निर्णय लिया है।

टीटीए ने हाल के चुनावों के साथ ही प्रमुख फिल्मों के रिलीज न होने के कारण दर्शकों की संख्या में गिरावट के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। यह गिरावट शहरी क्षेत्रों की तुलना में छोटे शहरों और कस्बों के थियेटरों में आई है।टीटीए ने हालांकि इस बात पर जोर दिया कि स्थिति में सुधार होने पर फिल्म की स्क्रीनिंग फिर से शुरू की जाएगी।

# तेलंगाना में बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ आंधी के आसार



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ आंधी आने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। तेलंगाना में पिछले 24 घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर बारिश हुई। राज्य के निजामाबाद में मंगलवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



श्री कृष्ण गौशाला अत्तापुर में झाबरमल बाबूलाल डाकोतिया परिवार द्वारा बाबूलाल डाकोतिया एवं लक्ष्मी बाई डाकोतिया की पुण्यस्मृति में सीसी रोड का निर्माण करवाया गया। अवसर पर आयोजित हवन में भाग लेते हुए अनिल डाकोतिया, अरुण डाकोतिया एवं परिवार के अन्य सदस्य।

# भाजपा में भ्रष्टाचार रहित और परिवारवाद रहित राजनीति : लक्ष्मण

**प्रयागराज,15 मई (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.के लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के शासन में आज देश में भ्रष्टाचार और परिवारवादरहित की राजनीति संभव हो रही है।

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट के प्रचार के सिलसिले में फाफामऊ स्थित गद्दोपुर में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में डॉ.लक्ष्मण ने बुधवार को जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में भाजपा के कारण ही अपराध रहित और परिवारवाद रहित की राजनीति संभव हो रही है।



विपक्ष के जितने भी भ्रष्टाचार में डूबे हुए नेता हैं वह या तो जेल में हैं या बेल पर बाहर निकलकर किसी प्रकार अपनी राजनीति बचाने के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल के कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लिए जो भी निर्णय लिया गया उसमें गरीबों और पिछड़े वर्ग का विशेष ख्याल रखा गया है। उत्तर प्रदेश जो बीमार राज्य के रूप में जाना जाता था, अपराध का वर्चस्व था, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बीमारू राज्य से विकास के पथ पर अग्रसर किया और अपराधियों को जेल या फिर उन्हें अपराध से तोबा करा दिया।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह जनता को बहकने के लिए आरक्षण खत्म करने, संविधान समाप्त करने तथा उत्तर और दक्षिण के बंटवारे की बात कह कर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा की जनता सब जान रही है कि किस तरह कांग्रेस पार्टी के लोगों ने अखंड भारत को बांटने का प्रयास किया। देश में इमरजेंसी लागू करने वाले आज संविधान की दुहाई दे रहे है।

उन्होंने दावा किया देश एससी-एसटी,ओबीसी और गरीब सभी प्रधानमंत्री मोदी के साथ है।

सब का साथ, सब का विकास का प्रधानमंत्री जब नारा देते हैं तो वह सभी के लिए एक बराबर होता है। देश में जाति के नाम पर जो विभाजन की राजनीति कर रहे हैं, वह सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जब तक है तब तक आरक्षण मंर किसी प्रकार का बदलाव नहीं आएगा। श्री मोदी के आने के बाद ही जम्मू-कश्मीर में भी गरीब, एससी, एसटी ओबीसी को आरक्षण पहुंचाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को लेकर के जिस तरह से कार्य किया जा रहा है उसमें समाज के हर वर्ग का विकास बराबर हुआ है। उन्होंने कहा श्री मोदी देश को अपना परिवार मानते हैं।

# हिंदुओं पर हमला करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए : नागराजू



**आसिफाबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदू वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष सैदाम नागराजू ने जिला केंद्र में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जैनूर मंडल केंद्र में हिंदुओं के परिवारों पर हमला करने वाले बदमाशों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह ओड्डर में हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को घटना को दोहराए बिना हमलावरों को कड़ी सजा देनी चाहिए और झड़प के कारणों की पूर्ण और पारदर्शी जांच करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे कल जैनूर जा रहे हैं इस हमले में घायल हुए लोगों के परिवारों से मिलने के लिए हिंदू वाहिनी के अध्यक्ष अविदुपु प्रणई और अन्य उपस्थित थे।

# मुलुगु में आंगनवाड़ी शिक्षिका मृत पाई गई

**मुलुगु, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले के कटापुरम, तडवई मंडल में बुधवार को एक आंगनवाड़ी शिक्षिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सुजाता (48) के रूप में हुई है, जो इटुरुनगरम की रहने वाली थी और कटापुरम में आंगनवाड़ी शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी।पुलिस ने बताया कि सुजाता मंगलवार शाम को ड्यूटी के बाद आंगनवाड़ी स्कूल से निकली लेकिन घर नहीं पहुंची। बुधवार सुबह तड़वई के वन क्षेत्र के पास मजदूरों ने उसका शव देखा, जिसके बाद पुलिस को तत्काल सूचना दी गई। पुलिस ने



इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरु कर दी है।प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सुजाता की मौत उसके गले में लिपटे दुपट्टे के कारण दम घुटने से हुई। पुलिस ने कहा कि सुजाता के चार तोले के सोने के आभूषण और एक सेलफोन गायब है, जो डकैती के संभावित मामले का संकेत देता है।



गौ सेवा मित्र मंडल रिकाबगंज भाग्यनगर द्वारा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में 26 मई को श्री श्याम बाबा वार्षिकोत्सव आयोजित किया जा रहा है। वार्षिकोत्सव की तैयारियों के संबंध में मंडल के सदस्यों द्वारा क्वालिटी इन रेजीडेंसी नामपल्ली में बैठक कर वार्षिक उत्सव की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मंडल के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रदीप मोर, विजय अग्रवाल, शेष गोयल, रविंदर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सचिन कनोडिया, संजय अग्रवाल, अनिल विजयवर्गी, यश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अजय गुप्ता, विनोद राठी और कुणाल आदि मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन कोचिंग कैम्प का लाभ उठाएं खिलाड़ी

**सिरपुर काग़ज़नगर, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** परियोजना अधिकारी आईटीडीए उटनूर खुशबू गुप्ता, जनजातीय कल्याण उप निदेशक आर रामादेवी ने एक बयान में कहा कि जनजातीय कल्याण विभाग के तत्वावधान में 16 से 31मई तक आसिफाबाद के जनजातीय खेल विद्यालय में आवासीय ग्रीष्मकालीन खेल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।जनजातीय खेल अधिकारी बंदा मीनारेड्डी ने कहा कि कुमरमभीम और मंचिरयाला जिले के आश्रम स्कूल में पढ़ाई के दौरान खेलों में सबसे अधिक प्रतिभा दिखाने वाले 60 लड़कों और 60 लड़कियों का 2023-24 में चयन किया गया है। इसमें एथलेटिक्स, हैंडबॉल, खोखो, कबड्डी, वॉलीबॉल और बॉक्सिंग जैसी 6 विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण शिविर सुबह और शाम के समय आयोजित किया जाएगा।

## आंध्र प्रदेश में चुनाव बाद हुई हिंसा पर निर्वाचन आयोग सख्त

# आयोग ने मुख्य सचिव को दिल्ली किया तलब, सीएस ने डीजीपी से की मुलाकात

**अमरावती, 15 मई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव जवाहर रेड्डी ने बुधवार को पुलिस महानिदेशक हरीश कुमार गुप्ता से मुलाकात की, जब भारत के चुनाव आयोग ने उन्हें मतदान के दौरान और बाद में हिंसा को रोकने में विफलता के कारणों को व्यक्तिगत रूप से बताने के लिए दिल्ली तलब किया। मुख्य सचिव और डीजीपी ने अपर पुलिस महानिदेशक, इंटेलिजेंस, कुमार विश्वजीत के साथ भी बैठक की। मुख्य सचिव और डीजीपी दोनों गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना होंगे क्योंकि चुनाव आयोग ने उन्हें हिंसा रोकने में प्रशासन की असमर्थता के लिए व्यक्तिगत स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया है।



चुनाव आयोग ने हिंसा की घटनाओं, खासकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनाव के बाद की हिंसा को गंभीरता से लिया है। विधानसभा और लोकसभा के एक साथ चुनाव के लिए सोमवार को हुए मतदान के दौरान कई इलाकों से हिंसा की खबरें आईं। पिछले दो दिनों में चुनाव बाद हिंसा की कई घटनाएं हुईं। चुनाव आयोग कथित तौर पर हिंसा की आशंका के बारे में खुफिया रिपोर्टों के बावजूद शीर्ष अधिकारियों द्वारा हिंसा को रोकने के लिए पर्याप्त उपाय करने में विफल रहने से नाखुश है।

इसकी कार्रवाई विशेष पर्यवेक्षक राममोहन मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत रूप से हिंसा प्रभावित पलनाडु जिले का दौरा करने और अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद हुई।

ईसीआई ने डीजीपी को हिंसा में शामिल सभी लोगों को बिना किसी देरी के गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया। आदेशों के बाद, हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित राजनीतिक नेताओं और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को नजरबंद कर दिया गया।

मतदान के दिन कुछ जगहों पर झड़प के बाद मंगलवार को राज्य में और हिंसा देखने को मिली। पलनाडु में करेमपुडी, तिरूपति और अनंतपुर जिले में ताड़ीपत्री में हिंसा की घटनाएं देखी गईं। चंद्रगिरि निर्वाचन क्षेत्र से टीडीपी उम्मीदवार पुलिवर्ति वेंकट मणि प्रसाद (नानी) पर तिरूपति में पद्मावती महिला विश्वविद्यालय के पास भीड़ ने हमला किया, जब वह स्ट्रॉन्ग रूम का दौरा करने के बाद लौट रहे थे, जहां ईवीएम रखे गए थे। भीड़ को तितर-बितर करने और टीडीपी नेता और कार में बैठे अन्य लोगों को बचाने के लिए नानी के बंदूकधारी ने हवा में एक राउंड फायरिंग की। करेमपुडी में टीडीपी कार्यालय पर हमला किया गया और टीडीपी कार्यकर्ताओं की एक कार और कई बाइकों को आग लगा दी गई। बदमाशों ने एक पुलिस अधिकारी पर भी हमला किया, जब उसने उन्हें रोकने की कोशिश की। टीडीपी ने हिंसा के लिए माचेरला निर्वाचन क्षेत्र से वाईएसआरसीपी विधायक पिन्नेली राम कृष्ण रेड्डी को जिम्मेदार ठहराया है। इस बीच, मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार मीना ने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदान के बाद माचेरला, ताड़ीपत्री, चिलकलुरिपेटा और चंद्रगिरि विधानसभा क्षेत्रों में हुई घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

पोल पैनल ने मतदान के दौरान ईवीएम को नुकसान पहुंचाने वाले सभी लोगों पर केस दर्ज करने और गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। इसने उन पुलिस अधिकारियों और अन्य चुनाव कर्मचारियों पर कार्रवाई का भी आदेश दिया जो जानबूझकर कर्तव्य में लापरवाही बरत रहे थे। सीईओ ने कहा कि हिंसा के पीछे जो लोग थे उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई शुरू की जा रही है। गिरफ़्तारियाँ मंगलवार रात को शुरू हुईं और अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

# झारखंड में ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया

**रांची, 15 मई (एजेंसियां)।** झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन आज छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने मंत्री श्री आलम के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपए कैश मामले में पूछताछ के लिए समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

ईडी के समन को लेकर श्री आलम पूछताछ के लिए आज लगभग पौने ग्यारह बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे। इसके बाद टेंडर कमीशन घोटाले में ईडी के अधिकारियों



ने उनसे पूछताछ की। लगभग छह घंटे तक पूछताछ की गयी। मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने पिछले पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लिया है।

# मासिक गोष्ठी में तेलुगु कथा साहित्य पर चर्चा और कवि गोष्ठी सम्पन्न



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 593वीं मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में संपन्न हुआ, जिसमें तेलुगु कथा साहित्य पर चर्चा और कवि गोष्ठी संपन्न हुई। ठाकुर दिनेश सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया। मिलिंद प्रकाशन के संचालक व हिंदी सेवी श्रुतिकांत भारती, गीत चाँदनी के अध्यक्ष चंपालाल बैद, आरसी उर्दू टीवी चैनल के संपादक व पत्रकार जनाब सादुल्लाह ख़ान सबील, डॉ. फरीदुदीन सादिक़ बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित थे। तेलुगु और हिंदी के सुप्रसिद्ध अनुवादक और कवि जी. परमेश्वर ने तेलुगु कथा साहित्य पर हिंदी में अपना आलेख प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने आलेख में कहा कि आधुनिक कथा साहित्य का आरंभ 1910 से हुआ। प्रथम कहानी आंध्र भारती पत्रिका में छपी थी। तेलुगु कथा साहित्य का विकास निरंतर हो रहा है।

कहानियों में मानवता का अस्तित्व देखने को मिलता है। पाठकों के मर्म को छूने वाली कहानियाँ लिखी जा रही है। राष्टीय भावनाओं पर लिखी गई कहानियां विलक्षणकारी हैं। आलेख पर सामूहिक चर्चा भी हुई। श्रुतिकांत भारती ने कहा कि दक्षिण का साहित्य भी बड़ा सशक्त है। दक्षिण की भाषाओं के साहित्य को हमें पढ़ना चाहिए, क्योंकि इसमें गहराई है। दक्षिण के साहित्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार आदि प्राप्त हो चुके हैं। दक्षिण के साहित्य में देश के जनमानस में परिवर्तन लाने की क्षमता निहित है।

अध्यक्षीय टिप्पणी में ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा कि तेलुगु कथा साहित्य के आरंभ से लेकर अब तक पर जी. परमेश्वर ने अपने आलेख में गागर में सागर भर दिया। मैं उन्हें इस आलेख के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ देता हूं। यह आलेख शोधार्थियों के लिए बहुत ही लाभकारी है। आज भारतीय साहित्य पर पाश्चात्य साहित्य का प्रभाव देखने को मिल रहा है। तेलुगु फ़िल्मों की कहानियाँ बहुत सशक्त हैं।

इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी में विशेष अतिथि व आरसी उर्दू टीवी चैनल के संपादक और पत्रकार जनाब सादुल्लाह ख़ान सबील ने कहा कि हिंदी लेखक संघ हैदराबाद भारतीय भाषाओं के साहित्य पर चर्चा का आयोजन कर एक सेतु का कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कवियों की कविताओं की ख़ूब प्रशंसा की और कहा कि हैदराबाद के कवि देश की समस्याओं पर बहुत अच्छा कलाम लिख रहे हैं।

संस्था हिंदी, तेलुगु और उर्दू के कवियों को भी प्रोत्साहित कर रही है। कवि गोष्ठी में कवियों ने देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ कर समां बांध दिया। कविता पाठ करने वाले कवियों में चंपालाल बैद, रत्नकला मिश्र, सुधा सुधा ठाकुर, गोविंद अक्षय, ठाकुर दिनेश सिंह, राज कुमार यादव, जितेंद्र कुमार यादव, आर. दुर्गाराज पटून, अनिल कुमार गुप्ता, नागेश्वर राव, शिव कुमार तिवारी कोहिरी, डॉ. मुमताज सुल्ताना, आरसी उर्दू टीवी चैनल के संपादक व पत्रकार जनाब सादुल्लाह ख़ान सबील, रेखा देवी वर्मा, डॉ. फरीदुदीन सादिक़ आदि के नाम शामिल हैं। संयोजिका रत्नकला मिश्र के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### मालेगांव धमाके के आरोपी का कोर्ट में सनसनीखेज बयान

# हिंदू आतंकवाद को सही ठहराने के लिए कांग्रेस ने फंसाया

**मुंबई, 15 मई (एजेंसियां)।** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले के आरोपी रमेश उपाध्याय ने मंगलवार को बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने अपने हिंदू आतंकवाद सिद्धांत को सही ठहराने के लिए महाराष्ट्र एटीएस से उन्हें फंसवाया था। विशेष एनआईए अदालत के समक्ष उपाध्याय ने दावा किया कि मैं निर्दोष हैं। विस्फोट से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। यूपीए सरकार के दबाव में मुझे गलत तरीके से फंसाया गया है।

उपाध्याय ने अदालत में बताया कि एटीएस ने शारीरिक और मानसिक तौर पर उन्हें खूब प्रताड़ित किया। उन्होंने कहा कि मेरे मकान मालिक को धमकाया गया कि मुझे घर किराए में देकर आंतकी को शरण क्यों दी हुई है। मेरी पत्नी को नग्न घुमाने की धमकी दी गई। मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म की धमकी दी गई।



मेरे बेटे को पीटने और उसका जबड़ा तोड़ने की धमकी दी गई। मुझ पर दबाव बनाया गया कि मैं या तो जुर्म कुबूल कर लूं या फिर किसी और को फंसा दूं लेकिन मैंने मना कर दिया। इसलिए दिवाली की रात मुझे उठा लिया गया और नासिक में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उपाध्याय ने अदालत में मजिस्ट्रेट को यातनाओं के निशान दिखाए। जांच में सहयोग की सहमति व्यक्त की और नार्को टेस्ट के लिए भी सहमति व्यक्त की। मुझे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से खूब तड़पाया गया। मेरा पूरा पारिवारिक जीवन बर्बाद हो गया।

उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर 2008 की रात मालेगांव में बड़ा धमाका हुआ था। मोटर साइकिल में हुए इस बम धमाके में छह लोगों की मौत हुई थी। धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि इसमें 101 लोग घायल हुए थे। इस मामले की सुनवाई एक विशेष एनआईए कोर्ट में चल रही है। इससे पहले, भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा था कि मैं पहले पूरी तरह स्वस्थ थी, लेकिन पुलिस की कस्टडी में आई तो मेरी समस्या बढ़ती गई। कैंसर हुआ, रीढ़ की समस्या और न्यूरो की परेशानी हुई। इसका कारण कांग्रेस की सरकार और एटीएस की प्रताड़ना है।

### महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े चुनावी दावे कर रहे केजरीवाल

# ...और अपने ही घर में महिला सांसद को पिटवा रहे

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम आवास पर हुई पिटाई और अभद्रता के मामले में अरविंद केजरीवाल पर भाजपा लगातार हमलावर है। इस मामले को लेकर भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। दिल्ली के आम लोगों का भी कहना है कि चुनावी मंचों पर केजरीवाल महिला सुरक्षा के तमाम बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन अपने ही घर में महिला सांसद को अपने पीए से पिटवाते हैं। लोग कहते हैं कि ऐसी बेशर्मी पहले राजनीति में नहीं थी।

नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने कहा, स्वाति की पिटाई के मसले पर अरविंद केजरीवाल को मौन साधे 48 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। उन्हीं के आधिकारिक आवास पर उनकी



मौजूदगी में उनके पीए विभव कुमार स्वाति मालीवाल के साथ बदतमीजी की और उन्हें पीटा। स्वाति आम आदमी पार्टी की ही राज्यसभा सांसद हैं। मैं हैरान हूं कि अरविंद केजरीवाल ने ऐसा क्यों किया? कल संजय सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि यह घटना सत्य है, अभी तक आम आदमी पार्टी ने सिर्फ इस घटना की निंदा की, अरविंद केजरीवाल ने कार्रवाई क्यों नहीं की? अरविंद केजरीवाल अगर अपने ही आवास पर अपनी ही पार्टी की महिला सांसद की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं सकते तो दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा क्या सुनिश्चित करेंगे?

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, मुख्यमंत्री आवास में यह घटना घटी है, मुख्यमंत्री वहां मौजूद थे तो वे सामने आकर अपनी चुप्पी तोड़ें, उन्होंने चूड़ियां क्यों पहन रखी हैं? वे जवाब दें कि उनके घर में जो घटना घटी उसके लिए जिम्मेदार कौन है और वे क्या कार्रवाई कर रहे हैं? इस घटना को हुए 50 घंटे हो गए। संज्ञान लेने में कितना समय लगता है? स्वाति मालीवाल कहां गायब हैं? अरविंद केजरीवाल के सामने यह घटना घटी है और वे खुद संदेह के घेरे में हैं इसलिए वे अपनी चुप्पी नहीं तोड़ रहे।

भाजपा नेता शाइना एनसी ने कहा, स्वाति मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हैं, राज्यसभा सांसद हैं और उनके खिलाफ जब कोई अत्याचार होता है तो स्वाभाविक रूप से हम चाहेंगे कि एफआईआर दर्ज हो।

## हम मजबूत भारत बनाना चाहते हैं और इंडिया समूह मजबूर भारत: नड्डा

**बांकुरा, 15 मई (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को इंडिया समूह और तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन पर अपने विभाजनकारी एजेंडे से देश को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। श्री नड्डा ने बांकुरा से मौजूदा भाजपा सांसद डॉ. सुभाष सरकार और पुरुलिया से निवर्तमान सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगों के समर्थन से इंडिया समूह और तृणमूल को फिर से हराने का विश्वास जताया और कहा, श्री मोदी मजबूत भारत बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं इंडिया समूह और तृणमूल मजबूर भारत बनाने में लगे हुए हैं।

उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घुसपैठियों से समझौता करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह आतंकवादियों के प्रति भी नरम हैं।



वह आतंकवादियों को शरण देने वालों को आश्रय और संरक्षण दे रही हैं। भाजपा अध्यक्ष ने पूछा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम आतंकवादियों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। मुझे बतायें कि आप केंद्र में कमजोर सरकार चाहते हैं या मजबूत सरकार। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विरोधियों की ओर से उनके निहित स्वार्थों के लिए विरोध के बावजूद जिम्मेदारी, प्रदर्शन, जवाबदेही और सामर्थ्य की राजनीति कायम रखे हुए है।

श्री नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के तहत देश ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवां स्थान हासिल किया और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंचने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने विशेष रूप से सुश्री बनर्जी की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आतंकवाद पर नरम थीं और उन्होंने राज्य को घुसपैठियों एवं रोहिंग्याओं का गढ़ बना दिया। श्री नड्डा ने सुश्री बनर्जी पर बंगाल के लोगों को धोखा देने के लिए केंद्रीय योजनाओं को नया रूप देने का तथा वोट बैंक की राजनीति के डर से गरीबी उन्मूलन के लिए कई अन्य योजनाओं और मुफ्त चिकित्सा योजनाओं का भी विरोध करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले 13 वर्षों में बंगाल में लूट, भ्रष्टाचार, कट मनी, सिंडिकेट, मवेशी और कोयला तस्करी, शिक्षक नियुक्ति घोटाला और न जाने क्या-क्या हुआ है, जहां अपराधियों को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार करने के बाद सुरक्षित पनाहगाह मिल जाती है।

भाजपा अध्यक्ष ने अगले पांच वर्षों में बांकुरा जिले के विकास के एजेंडे के लिए भाजपा सांसद सुभाष सरकार की सराहना की और कहा, यह निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के कल्याण का वादा करने वाली भाजपा की कार्य संस्कृति का एक उदाहरण है। श्री सरकार ने एक दस्तावेज तैयार करते हुए इसकी एक प्रति श्री नड्डा को सौंपी, जिसमें बताया गया कि अपर्याप्त पेयजल और सिंचाई की सुविधाओं वाले इस क्षेत्र के लोगों के लिए उनके अगले काम क्या हैं।

## स्लोवाकिया के पीएम फिको पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

### हमलावर ने शरीर पर दागीं कई गोलियां, अस्पताल में भर्ती

**ब्राटीस्लावा, 15 मई (एजेंसियां)।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि स्लोवाकिया की राजधानी ब्राटीस्लावा के हैंडलोवा शहर में उन पर कई गोलियां बरसाईं गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि गोलीबारी करने वाले संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। एक सरकारी मीटिंग के खत्म होने बाद संदिग्ध ने पीएम फिको पर कई गोलियां चलाईं, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्लोवाक गणराज्य के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार ने इस बात की पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर जानलेवा हमला हुआ है।



प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के आधिकारिक फेसबुक पेज पर बताया गया है उन्हें कई बार गोली मारी गई और फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर है। उन्हें हेलीकॉप्टर से बंस्का बायस्ट्रिका अस्पताल ले जाया गया है और अगले कुछ घंटे उनके जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे। स्लोवाकिया की संसद के उपाध्यक्ष लुबोस ब्लाहा ने बताया कि पीएम फिको को गोली मारी गई और इस घटना वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि उन्होंने गोलियां चलने की आवाजें सुनीं। इसके बाद एक संदिग्ध को पुलिस द्वारा हिरासत में लेते हुए देखा गया। प्रत्यक्षदर्शी ने यह भी बताया कि सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किसी को कार में धकेलते देखा गया।

## पश्चिम बंगाल को भारत का पाकिस्तान बनाना चाहती हैं ममता : गिरिराज


पटना, 15 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत को इस्लामिक राष्ट्र वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को भारत का पाकिस्तान बनाना चाहती हैं। श्री सिंह ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भारत को एक इस्लामिक राष्ट्र बनाना चाहते हैं और मुसलमानों को मजबूती से स्थापित करने का एजेंडे को लागू करने के लिए वे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, देश में लोकतंत्र तब तक जारी रहेगा जब तक सनातन बहुमत में है। उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी की देशभक्ति पर संदेह व्यक्त करते हुए दावा किया कि दोनों भारत से भागने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें देश से प्यार नहीं है।

भाजपा नेता ने इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 40 से भी कम सीटें मिलने की भविष्यवाणी करते हुए दावा किया कि इस बार कांग्रेस को विपक्ष के नेता का पद भी नहीं



मिल पाएगा क्योंकि वह चुनावी नतीजों में सबसे निचले पायदान पर होगी। श्री सिंह ने श्री गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जो जोड़ी खुद को पिछड़े वर्गों का शुभचिंतक कहती है उन्होंने कर्नाटक में मुसलमानों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा देकर पिछड़े वर्गों का आरक्षण समाप्त कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का मुख्य एजेंडा मुसलमानों को अपना वोट बैंक बनाना है, जिसके लिए वह इस समुदाय को मजबूत करने और स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ तीखी टिप्पणी करते हुए दावा किया कि वह पश्चिम बंगाल को भारत का पाकिस्तान बनाना चाहती हैं। उनका इरादा पश्चिम बंगाल को एक मुस्लिम राज्य बनाने का है और इसकी पुष्टि पिछले चुनाव के दौरान सुश्री बनर्जी के कुछ कैबिनेट मंत्रियों के बयानों से हो जाती है। ममता बनर्जी के कुछ मंत्रियों ने राज्य के अंदर ही मिनी पाकिस्तान दिखाने की पेशकश की थी।




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 75,060/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 87,950/- (प्रति किलोग्राम)

### शेयर मार्केट



बीएसई : 72,987.03
-117.58 -0.16% ↓

एनएसई :22,200.55
-17.30 (-0.08%) ↓

पाकिस्तान सभी सरकारी कंपनियां बेचेगा: पाक PM ने कहा- सरकार का काम बिजनेस करना नहीं




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $36^0$
न्यूनतम : $25^0$

# बाघिन गौरी ने अपने चारों शावकों को दबाकर मार डाला



**रायपुर, 15 मई (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ से छह साल पहले झारखंड ले जाई गई बाघिन गौरी ने अपने चार शावकों को दबाकर मार डाला। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 15 किमी दूर बिरसा जैविक उद्यान में बाघिन ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि बच्चे मां के बेहद करीब चले गए थे, जिससे दबने से चारों की जान चली गई।गौरतलब है कि बाघिन गौरी ने 10 मई की आधी रात के करीब चार बच्चों को जन्म दिया था। बताया जा रहा है कि बाघिन की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। इसके बाद भी ऐसी घटना हो जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रही है। बाघिन गौरी के प्रसव होने की जानकारी प्रबंधन को थी। इसके बाद से जिस केज में वह थी, वहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। बिरसा जैविक उद्यान प्रबंधन की मानें तो जन्म के बाद सभी नवजात मां के काफी करीब आ गए। जब मां ने करवट बदली तो सभी शावक उसके नीचे दब गए।चिड़ियाघर के पशुचिकित्सक ओपी साहू के हवाले से बाघिन गौरी ने 10 मई को चार शावकों को जन्म दिया, लेकिन उसने नवजात शावकों को पलट दिया और मां के वजन के कारण चारों शावकों की मौत हो गई।उन्होंने कहा,मां को बच्चे की देखभाल का अनुभव नहीं था। गौरी समझ नहीं पाई कि उसने अपने नवजात शावकों को पलट दिया। ग्यारह मई को मां के वजन के नीचे दम घुटने से शावकों की मौत हो गई। जब प्रबंधन को इस बात का पता चला तो वहां के कर्मी ने केज के भीतर जाकर देखा। बाघिन को बच्चों से दूर हटाया गया। तीन शावकों की वहीं मौत हो चुकी थी, जबकि एक शावक की सांस चल रही थी, लेकिन उसे भी जब तक संभाला जाता उसने भी दम तोड़ दिया।

## तरनतारन में बीएसएफ ने हेरोइन के साथ एक ड्रोन किया बरामद

**जालंधर, 15 मई (एजेंसियां)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राज्य के तरनतारन जिले के सीमावर्ती गांव हवेलियां से 550 ग्राम हेरोइन के साथ एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने तरनतारन जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सीमा बाड़ के आगे एक ड्रोन की आवाजाही पर नज़र रखी और उसे निष्क्रिय करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि ड्रोन के संभावित गिरने वाले क्षेत्र की घेराबंदी की गयी और व्यापक तलाशी ली गयी। इस दौरान सुबह लगभग 06:15 बजे, सैनिकों ने तरनतारन जिले के गांव-हवेलियां के क्षेत्र में सीमा बाड़ के आगे एक छोटे ड्रोन को बरामद किया, जिसके साथ संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट जुड़ा हुआ था।बरामद पैकेट (कुल वजन 550 ग्राम लगभग) पारदर्शी चिपकने वाली टेप से लपेटा हुआ था जिसके अंदर पीले चिपकने वाली टेप से लिपटे दो छोटे पैकेट मिले। मुख्य पैकेट के साथ नायलॉन की रस्सी से बनी एक अंगूठी भी लगी हुई मिली। बरामद ड्रोन (मॉडल - डीजेआई माविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) आंशिक रूप से टूटी हुई स्थिति में बरामद किया गया।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, RoshniBodoKachari Daughter of Service No.4007397Y Nk RAKESH BADO KACHARI, R/o.Vill:Nadhia Para, Po:Gerukabari, Teh:Bijni, Dist:Chirang, BTR (Assam) have changed my name from **ROSHNI BADO KACHARI** to **ROSHNI BODO KACHARI** vide affidavit dt:6-5-2024 before Judicial Magistrate First Class, Bijni.

**CHANGE OF NAME**
I, NAGAMANI MARPU Spouse of Army No.JC 781853F Nb Sub LATCHANNA GUNNA, R/o.H.No.2-259, Pedda Veedhi, Chillapeta Village, Santhabommali Mandal, Tallavalasa, SrikakulamDist, Andhra Pradesh-532195 have changed my name from **NAGAMANI MARPU** to **NAGAMANI GUNNA** vide affidavit dt:15-5-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.15815073X Hav Munshilnul Haque of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad Telangana hereby state that my father name is Changed From **MUNSHI AJIJUL HAQUE** to **AZIZUL HAQUE SK** and mother name is changed from **SAIRA BANU BIBI** to **MINA BIBI**.

**CHANGE OF NAME**
I, Shashi Kala spouse of Service No.9640883Y Hav Dahari Singh, R/o. COD Kanpur have changed my name from **SHASHI KALA** to **SHASHIKALA** vide affidavit dt:14-3-2024

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KUNCHALA KALYANI Spouse of Service No.15163041A Hav (GNR) ADINARAYANA KORNU, R/o.L P M Agaraharam Village, Po:Dabbapadu, Teh:Sarubujjili, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532458 have changed my name and DOB from **KUNCHALA KALYANI**, DOB:**11-05-1987** to **KORNU KALYANI**, DOB: **11-06-1987** vide affidavit dt:15-5-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SUNITA DEVI spouse of Rakesh Kumar, resident of vill - Noudhiakhuard, post- Wazirganj, Teh- wazirganj, District - Gaya, State - Bihar, PIN-805131, have Changed My Name & DOB **SUNETA KUMARI** & **21 MAR 1980** to **SUNITA DEVI** & **1' St JAN.1985**, respectively Vide Affidavit Dated 10 May -2024 before High Court of Telangana State Notary.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I,SUREKHA ANIL SALVE W/O JC-766577M SUB SALVE ANIL AMBADAS R/o VILL- H. NO. T 1/7 SEC. NO 22 , SANJAY NAGAR NIGDI. PO-PRADHIKARAN, TEH- HAVELI,DIST-PUNE MAHARASTRA PIN 411044, I have changed my name from SUREKHA SALVE TO SUREKHA ANIL SALVE date of birth from 22/01/1979 to 22/01/1981 vide affidavit no 4706 dt 14/05/2024 issued by Notary, Govt of India Pune Maharashtra.

**CHANGE OF NAME**
I, VISHALI BALU KURAHADE is legally wedded Spouse of service No 14680221L,Rank-Nk, Name-Kurhade B M presently residing at Chitali, Teh-Rahat ,Distt-Ahmednagar, State- Maharashtra have changed my name from VISHALI BALU KURAHADE to VISHALI BALU KURHADE add in my husband service documents Before Sunil A Shelke Notary Shrirampur dated 14/05/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No 14652953LHav Banoj Kumar Panda, R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad ,PIN-500015, State-Telangana, have changed my Daughter name from SHNEHASHREE PANDA to SNEHASHREE PANDA vide affidavit dt 15-05-2024 G Ramchander Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, service No 14680221L,Rank-Nk, Name-Kurhade B M presently residing at EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad, Telangana, pin-500015 have changed my Daughter name from *HETANSHI to HETANSHI BALU KURHADE add in my service documents Before Notary G Ramchander, Secunderabad dated 15/05/2024.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No 14669532YHav Balwinder Singh , R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad ,PIN-500015, State-Telangana, have changed my Father name from HARJIT SINGH to HARJEET SINGH date of birth from 01/07/1946 to 01/01/1955 vide affidavit dt 15-5-2024 G Ramchander Advocate and Notary, Secunderabad.

### आंध्र प्रदेश में दर्दनाक सड़क हादसा

# बस और लॉरी में जबरदस्त टक्कर के बाद लगी भीषण आग, छह की जलकर मौत

## दुर्घटना में कम से कम 20 बस यात्री घायल, यात्रियों में अधिकतर लोग हैदराबाद के थे



**बापटला, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश में बापटला जिले के ईवुरिपलेम गांव में निजी ट्रैवल बस और लॉरी की टक्कर के बाद आग लग जाने से छह लोगों की जलकर मौत हो गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिलकलुरिपेट मंडल में मंगलवार तड़के हुई इस दुर्घटना में 20 अन्य घायल हो गए।

चिलकलुरिपेट पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) वर्मा ने मीडिया को बताया कि निजी बस 42 यात्रियों को लेकर चाइनागंजम से हैदराबाद जा रही थी। रात करीब दो बजे टिपर लॉरी से इसकी टक्कर हो गई और देखते ही देखते बस में आग की लपटें उठने लगीं। उन्होंने बताया कि बस चालक, लॉरी चालक और बस में यात्रा कर रहे चार यात्रियों सहित छह लोगों की जलकर मौत हो गई।मृतकों में तीन एक ही परिवार के थे। मृतकों में से पांच की पहचान उप्पगुंडुर काशी ब्रह्मेश्वर राव (64), उनकी पत्नी उप्पगुंडुर लक्ष्मी (55) और उनकी पोती मुप्पाराजु साईश्री (9), हरि सिंह (टिपर चालक, मध्य प्रदेश के थे) और अंजी (35) बस चालक के रूप में की गई। दुर्घटना में कम से कम 20 बस यात्री घायल हो गए और उन्हें गुंटूर के चिलकलुरिपेट में जीजीएच और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री हैदराबाद के थे और चुनाव में वोट डालने के लिए चिराला और चिनजंगम गए थे।

पुलिस ने बताया कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, इसलिए बस यात्री बच नहीं सके, जिसके कारण चार बस यात्रियों की मौत हो गई। चिलकलुरिपेट से दमकल की एक गाड़ी मौके पर गई और आग बुझाई लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर ने सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख और पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को घायल व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने भीषण सड़क दुर्घटना और छह लोगों की मौत पर गहन दुख व्यक्त किया है।

### खम्मम में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, दो अन्य घायल




**खम्मम, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बोनाकल मंडल के मुस्तिकुंतला गांव में घटना आज उस वक्त हुई जब एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ टकरा गयी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को खम्मम के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सूर्यनारायण और रुक्मणी शामिल हैं। घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# धड़ल्ले से चल रहा अवैध रेत खनन व परिवहन का धंधा, जिम्मेदार खामोश




**मदनूर, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्थानीय जनता रेती माफिया व सफेदपोशों पर आरोप लगा रहे हैं कि चुनाव के मद्देनजर अधिकारियों के व्यस्त होने के कारण रेती का अवैध कारोबार करने वाले रेती माफिया और स्थानीय राजनेताओं की मिलीभगत होने के कारण अवैध व्यापार में चार चांद लग रहे हैं। जुक्कल विस क्षेत्र के मंजीरा नदी से रेत निकालकर दिन रात लारी टीपर द्वारा अवैध रेती गाड़ियों में ले जा रहा है।

रेत माफिया वाहनों में ओवरलोड रेती भरकर परिवहन कर रहे हैं। बिचकुंदा मंडल गुंडा नामली की सीमा पर मंजीरा धारा में अवैध रेत परिवहन चल रहा है। बिचकुंदा मंडल नामली गांवों के शिवारा में मुख्य सड़क से जेसीबी द्वारा उत्खनन किया जा रहा है और ट्रकों में रेत भरकर परिवहन किया जा रहा है।

अवैध रूप से रेत खनन कर और रेत ले जाने का दावा कर रहे लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा है कि सुबह से रात तक सैकड़ों ओवरलोडेड ट्रकों से रेती की ढुलाई कर सड़कों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाहन चालक चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि मंजीरा नदी से सड़क पर लगातार रेत की लॉरियों के कारण यातायात गंभीर रूप से बाधित हो रहा है। मंजीरा नदी से रेत ले जाने के लिए लॉरियां और टिप्पर कतार में लगे हुए हैं। वहां से वे रेती लादकर राष्ट्रीय राजमार्ग से विविध जिले की सीमा पार कर रहे हैं। कई लोग आरोप लगा रहे हैं कि हैदराबाद, महाराष्ट्र और कर्नाटक में रेत ले जाने वाले माफिया राजनेताओं के संरक्षण में राजनीतिक दांव-पेंच एवं रिश्वतखोरी को अंजाम दे रहे हैं। कुछ अन्य लोग मंडल के मंजीरा ठिकाने से ट्रैक्टर और बोलेरो के माध्यम से अवैध रेत का परिवहन कर रहे हैं और गांवों में ऊंचे दामों पर रेत बेचकर पैसा कमा रहे हैं।

संबंधित गांवों में रेती डंप कर बेचा जा रहा है। पुलिस व तहसील कार्यालय के अधिकारी रेत वाहनों को केवल नाम मात्र कानूनी कार्यवाही कर के छोड़ दे रहे हैं।

किसान इस बात से नाराज हैं कि गर्मी में मनमर्जी से जेसीबी चलाने से भूजल खत्म हो रहा है। रेत की आवाजाही के कारण बोर सूख रहे हैं। वे पीड़ित हैं। कई लोग चाहते हैं कि पुलिस और अधिकारी अवैध रेती माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# बीआरएस ने राज्य में कृषि संकट के लिये रेवंत सरकार को घेरा



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री केटी रामाराव ने राज्य में कृषि संकट पर राजनीति को प्राथमिकता देने के लिये मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उनकी सरकार की बुधवार को आलोचना की।

श्री रामाराव ने आज यहां तेलंगाना भवन में मीडिया से बातचीत के दौरान किसानों के प्रति सरकार के काम पर अफसोस जताया। उन्होंने फसलों की खरीद में देरी और असामयिक बारिश से हुए नुकसान को लेकर किसानों की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने अनाज खरीद की निगरानी के लिए अधिकारियों पर अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया। श्री रामाराव ने किसानों के पक्ष में राजनीतिक मतभेदों को दूर करने का आह्वान करते हुए सरकार से अनाज खरीद में तेजी लाने और अनाज खराब होने के मुद्दे का तुरंत समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य के वारंगल-खम्मम-नलगोंडा में आगामी विधानसभा चुनावों के संबंध में पार्टी के उम्मीदवार राकेश रेड्डी पर विश्वास व्यक्त किया और बेरोजगार युवाओं से किए गए वादों के लिए सरकार को जवाबदेह बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री रामाराव ने सरकार से झूठी सूचना फैलाने के लिए माफी मांगने का आग्रह किया।

# राष्ट्र सेवा दल से ही होगा संस्कारित पीढ़ी का निर्माण : बालाजी कोमपलवार

**किनवट, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विज्ञान निष्ठ, अच्छा देशभक्त नागरिक बनने की प्रक्रिया में राष्ट्र सेवा दल से ही संस्कारित पीढ़ी का निर्माण होगा। शालेय शिक्षा के साथ संस्कारो की शिक्षा भी आवश्यक है। इस कमी को विज्ञान, साहस, छंद संस्कार शिविर पूर्ण कर रहे हैं। इस तरह के बाल संस्कार शिविर का कार्य सराहनीय रहा है ऐसा प्रतिपादन प्रा डॉ. बालाजी कोमपलवार ने व्यक्त किए। वे कोठारी स्थित सानेगुरुजी मल्टीस्पेशालिटी अस्पताल के निर्माणाधीन संकुल मे राष्ट्र सेवा दल व भारत जोडो युवा अकादमी द्वारा आयोजित 7 दिवसीय आवासीय शिविर के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रा रामप्रसाद तौर ने की। इस शिविर में गुरुद्वारा समिति के सदस्य सरदार नवनिहाल सिंघ जहांगीरदार, नांदेड के उपप्राचार्य नाना शिंदे, संपादक एड प्रदिप नागापूरकर, कवी, गीतकार प्रकाश घोडके, डॉ अशोक बेलखोडे ने भी मनोगत व्यक्त करके विद्यार्थीयो को शुभेच्छा दी। इस समापन शिविर का प्रारंभ मे साने गुरुजी प्रतिमा को अभिनंदन व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 7 दिवसीय आवासीय शिविर के दौरान विद्यार्थीयों में छिपी प्रतिभा को निखारने, ग्रह दर्शन, जंगल भ्रमण, पर्यावरण, खेल, बाल रुप चरित्र, देशभक्ति एवं वैचारिक विकास, नियमित दिनचर्या सामुदायिक प्रार्थना आदि विषयों को लेकर प्रशिक्षकों ने मार्गदर्शन किया। राष्ट्र सेवा दल कोल्हापूर के प्रशिक्षक राज काबले व शुभम चौगुले ने बच्चों को लेझीम नृत्य, एरोबिक्स, कलेस्थानिक जैसे नाविण्यपूर्ण कला प्रकार मे बाल गीत, देशभक्त गीत, प्रेरणा गीत गायन सिखाया और बच्चो ने नृत्य जबरदस्त सादरीकरण किए शिविरार्थीयों में समीर देशपांडे, मेघा सलाम, ऋषिकेश शेलके, विशाखा होलबे ने अपने अनुभव व उपयोगिता भी साझा किया। शिविर के दौरान डॉ दुर्गा काकडे ने विद्यार्थी की सेवा प्रदान की। इस अवसर पर भैया काका, अखिलखान, के मूर्ती, प्रा बालू दुगडमवार, एड मिलिंद सरपे, डॉ भाग्यश्री बेल खोडे वरटकर, वसंत राठोड, प्रा शिवाजी गायकवाड, राम बुसमवार, दिपक डंबाले, भारती साबले, आरती तिमोड, नितीन टपरे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रा डॉ सुनील व्यवहारे ने रखा। संचालन डॉ मानसी व्यवहारे, तेजस्वीनि उइके और अश्विनी उइके ने आभार माना। शिविर की सफलता के लिये अजय नरड, मेरसिंग चव्हाण, दशरथ बेल खोडे, कुणाल बोरकर, मनोज चनमनवार, संजय बोलेनवार, जयंत मडल, कृष्णा गांधार वाड, रामा आडे, नागेश देवतले, अजिक्य कयापाक, निखीर साखरे, कोंडे काकू आदि ने परिश्रम किया। उपस्थित पलकों ने शिविर को लेकर प्रसन्नता जताई।



# तेलंगाना में भाजपा, कांग्रेस और बीआरएस का बहुमत से सीटें जीतने का दावा



**हैदराबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में सभी तीन प्रमुख दलों कांग्रेस, बीआरएस और भाजपा ने मंगलवार को दावा किया कि वे राज्य में अधिकांश लोकसभा सीटें जीतेंगे। राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों के लिए मतदान के एक दिन बाद, सत्तारूढ़ कांग्रेस, विपक्षी बीआरएस और भाजपा ने दावा किया कि वे अधिकांश सीटें हासिल करेंगे। जहां कांग्रेस और बीजेपी ने 12 सीटें जीतने का भरोसा जताया, वहीं बीआरएस ने दावा किया कि उसे दोनों राष्ट्रीय पार्टियों से ज्यादा सीटें मिलेंगी।मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को भरोसा है कि कांग्रेस 12-13 सीटों पर विजयी होगी, जबकि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.के. अरुणा ने दावा किया कि उनकी पार्टी 12 सीटें जीतेगी। महबूबनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाली अरुणा भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थीं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस और बीजेपी से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेगी। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस को सभी वर्गों के लोगों की अभूतपूर्व नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वह विधानसभा चुनावों में किसानों, महिलाओं और अन्य वर्गों से किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है।केटीआर ने यह भी दावा किया कि न तो भाजपा नीत राजग और न ही कांग्रेस नीत इण्डिया गुट को केंद्र में स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने सिरसिला में मीडियाकर्मियों से कहा कि बीआरएस, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और बीजू जनता दल जैसे क्षेत्रीय दल जो दोनों गठबंधनों का हिस्सा नहीं हैं, अगली सरकार के गठन में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। केटीआर ने कहा कि कुछ बीआरएस नेताओं के अपने राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस और भाजपा में शामिल होने के बावजूद बीआरएस कैडर ने पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ कड़ी मेहनत की।इस बीच, बीजेपी सांसद के.लक्ष्मण ने दावा किया कि वोटिंग के रुझान से पता चलता है कि लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, यह मोदी जी के पक्ष में एकतरफा मतदान था। मतदान प्रतिशत भी भाजपा के लिए अनुकूल है। लक्ष्मण ने कहा कि यह सत्ता समर्थक वोट था।

आम तौर पर सरकार के दो कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी लहर होती है लेकिन चूंकि मोदी जी ने जो भी वादा किया था उसे लागू किया और केवल वही वादा किया जो पूरा किया जा सकता है, लोगों ने उन पर भरोसा किया। उन्होंने मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस पार्टी की तरह मुफ्त सुविधाओं का वादा नहीं किया। लक्ष्मण ने दावा किया कि लोगों को लगता है कि केवल पीएम मोदी ही भारत को विकास के रास्ते पर ले जा सकते हैं। उनका मानना है कि अब तक हुए चार चरणों के मतदान में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी जबकि एनडीए 400 का आंकड़ा पार कर जाएगा। भाजपा सांसद ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस को मुख्य विपक्ष का दर्जा भी नहीं मिलेगा।

# कड़ी सुरक्षा में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया : वेंकटेश धोत्रे



**आसिफाबाद, 15 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद के जिला कलेक्टर और चुनाव अधिकारी वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्ट्रॉन्ग रूम में संग्रहीत आरक्षित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को भारी सुरक्षा के बीच ले जाया गया और बाजार प्रांगण में ईवीएम गोदाम में संग्रहीत किया गया। अपर समाहर्ता दसारी वेणु सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला केंद्र के मार्केट यार्ड में ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कहा कि आदिलाबाद संसद के 001 सिरपुर और 005 आसिफाबाद निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए रिजर्व में रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें सिरपुर कस्बे में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। मशीनों को गोदामों के बीच ले जाया गया और जिला केंद्र के बाजार यार्ड में ईवीएम गोदाम में संग्रहीत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस गोदाम पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी। सीसी कैमरे लगाकार काम करें, इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। इस मौके पर आसिफाबाद के तहसीलदार श्रीनिवास राव देस पांडे, नायब तहसीलदार जितेंद्र और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.